राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 लगातार दो हार के बाद...

हंसते हंसते मंजूर कर लूंगी... 12

वर्ष : 14 | अंक : 315 | नई दिल्ली, शनिवार, 30 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 29°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 69,040

चांदी 78,900

सेंसेक्स 73,635

निफ्टी 22,326

# चुनाव में सेलिब्रिटी की चांदी, भाजपा ने राम से लेकर ड्रीम्स गर्ल्स को दिया टिकट

## टीएमसी ने बिहारी बाबू को दिया मौका

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का राजनीतिक पार्टियों से जुड़ने और चुनावी मैदान में उतरने की शुरूआत दशकों पहले ही हो गई थी और पिछले कुछ चुनावों से यह ट्रेंड बढ़ता ही दिखा है। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 में कई फिल्म कलाकारों को मैदान में उतारा है। तृणमूल कांग्रेस ने भी फिल्म स्टारों को टिकट दिया है, वहीं कांग्रेस से भी संभावना है कि कुछ सेलिब्रिटी मैदान में हो। जाने-माने राजनीतिक विश्लेषक जयंत घोषाल बताते हैं कि राजनीति के मैदान में जो फिल्म से आते हैं, वे लोग सेलिब्रिटी होते हैं। सेलिब्रिटी होने के कारण उनका टीआरपी काफी हाई होती है और ये लोग पहले से ही पॉपुलर होते हैं। फिल्मी हस्तियों पर दांव खेलने का एक सबसे बड़ा कारण है कि ज्यादातर फिल्म स्टारों की छवि जनता में खराब नहीं है, जिससे उनकी स्वीकार्यता जनता में ज्यादा है। बीजेपी







ने इस बार भी जानी-मानी अभिनेत्री हेमा मालिनी को फिर से मथुरा से टिकट दी है। वहीं दूरदर्शन के रामायण सीरियल में घर-घर में पहचान बनाने वाले और भगवान श्रीराम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को मेरठ से टिकट दिया है। बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में सिंगर और अभिनेता के रूप में नाम कमा चुके मनोज तिवारी को बीजेपी ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाया है, वह यहां से मौजूदा सांसद भी हैं। वहीं बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुके रवि किशन को गोरखपुर सीट से फिर से टिकट दिया गया है, वह गोरखपुर से ही मौजूदा सांसद हैं। सांसद और भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को आजमगढ़ से उम्मीदवार बनाया गया है। दिनेश लाल 2022 में इस सीट पर उपचुनाव जीते थे। बीजेपी ने बंगाल की हुगली सीट से मौजूदा सांसद लॉकेट चटर्जी को फिर उम्मीदवार बनाया है, वह पूर्व में बंगाली फिल्मों में काम कर चुकी हैं। बीजेपी ने मशहूर गायक और दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करने वाले सुरेश गोपी को केरल के त्रिशूर से टिकट दिया है। तृणमूल कांग्रेस ने शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल सीट से टिकट दिया है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने करियर की शुरूआत साल 1992 में दिल्ली उपचुनाव से की थी, हालांकि उस समय उन्हें राजेश खन्ना के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। यहां से हारने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने बिहार से लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की, इसके बाद शत्रुघ्न सिन्हा कई बार सांसद रह चुके हैं। टीएमसी ने अभिनेता से नेता बनीं और हुगली लोकसभा क्षेत्र से रचना बनर्जी को मैदान में उतारा है। बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी बीजेपी की सांसद लॉकेट चटर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। अभिनेत्री रचना की ओर से होस्ट किए जा रहे शो दीदी नंबर-1 बहुत लोकप्रिय रहा है। रचना बनर्जी तमिल, तेलुगु, बंगाली और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ममता बनर्जी ने मिमी चक्रवर्ती और नुसरत जहां जैसे मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब पुलिस ने अमेरिका स्थित गिरोह के तीन सदस्यों को दबोचा

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उसने चौरा माधरे गिरोह के अमेरिका स्थित पवित्तर चौरा और हुसनदीप सिंह के तीन प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार कर उनके नेतृत्व वाले आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में लवजीत खख, गुरसेवक बंब और बहादुर खान शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक पिस्तौल, 15 कारतूस और एक फॉर्च्यूनर गाड़ी जब्त की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि तीनों आरोपी हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्स सहित कई अन्य मामलों में वांछित थे। तीनों अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर मोहाली में रह रहे थे।

### मध्य प्रदेश की तीन सीटों पर कांग्रेस में उलझन बरकरार

भोपाल। मध्य प्रदेश में एक तरफ लोकसभा के चुनाव का प्रचार जोर पकड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अब भी तीन संसदीय क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों के नाम तय नहीं कर पाई है। पार्टी अब भी उलझन में है कि यहां किसे मैदान में उतारा जाए। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं इनमें से कांग्रेस को 28 सीटों पर उम्मीदवार तय करने हैं और एक सीट आपसी समझौते के चलते समाजवादी पार्टी के खाते में गई है। कांग्रेस अब तक 25 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है, मगर तीन संसदीय सीटें मुरैना, ग्वालियर और खंडवा ऐसी हैं जहां अंतिम तौर पर फैसला नहीं हो पाया है। कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि जो तीन सीटें बची हैं, वहां नेताओं में आपसी सहमति नहीं बन पा रही है और जातीय समीकरण के चलते बेहतर उम्मीदवार भी पार्टी के लिए खोजना आसान नहीं है। इसी वजह से उम्मीदवारों के चयन में देरी हो रही है, फिर भी संभावना है कि जल्द ही नाम तय हो जाएंगे। एक तरफ जहां कांग्रेस के तीन सीटों पर उम्मीदवार तय नहीं हो पाए हैं, वहीं समाजवादी पार्टी खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए उम्मीदवार का नाम तय नहीं कर पाई है। पार्टी कार्यकताओं में इस बात की चिंता है कि उम्मीदवार घोषित किए जाने में हो रही देरी का असर चुनाव प्रचार पर पड़ेगा।

# मोदी ने एआई के गलत हाथों में जाने के खतरों के प्रति किया आगाह

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अकुशल और अप्रशिक्षित हाथों में कृत्रिम मेधा (एआइ) जैसी शक्तिशाली प्रौद्योगिकी के जाने और इसके दुरुपयोग के खतरे के प्रति आगाह किया और समाज में गलत सूचना और 'डीपफेक' से संबंधित नुकसान पर अंकुश लगाने के लिए एआई-जनित सामग्री के लिए 'क्या करें और क्या न करें' को लेकर एक स्पष्ट प्रावधान की वकालत की। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और अरबपति समाजसेवी बिल गेट्स के साथ एक संवाद में मोदी ने इस पर विस्तार से बात की कि कैसे भारत ने अपने नागरिकों के हित में प्रौद्योगिकी का लोकतांत्रिकरण किया है, जीवन में सुधार के लिए डिजिटल की शक्ति को अपनाया है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि देश चौथी औद्योगिक क्रांति में उल्लेखनीय प्रगति करेगा, जिसके मूल में डिजिटल है। एआई से लेकर डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तक कई विषयों पर चर्चा के दौरान, मोदी ने कहा कि डीपफेक के मामले में यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि एक विशेष डीपफेक सामग्री एआई-जनित है। इसके साथ ही इसके स्रोत के बारे में उचित जानकारी होनी चाहिए।

एक समाज में एआई के नुकसान और डीपफेक के खतरों का हवाला देते हुए उन्होंने उदाहरण के तौर पर बताया कि उनकी आवाज का भी दुरुपयोग हो सकता है और इसके जरिए लोगों को धोखा दिया जा सकता, उन्हें गुमराह किया जा सकता है, जिससे व्यापक हंगामा हो सकता है। उन्होंने कहा, "इसकी पहचान करना महत्वपूर्ण है कि डीपफेक सामग्री एआई-जनित है और साथ ही इसके स्रोत का भी। शुरूआती दिनों में ये उपाय महत्वपूर्ण हैं। हमें, 'क्या करें और क्या न करें' तय करने की आवश्यकता है  हमें इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा।" प्रधानमंत्री ने एआई जैसी शक्तिशाली प्रौद्योगिकी को अकुशल और अप्रशिक्षित हाथों में जाने पर इसके दुरुपयोग के खतरों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, "मेरा सुझाव है कि हमें गलत सूचना को रोकने के लिए एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट प्रावधान करने होंगे।" कृत्रिम मेधा (एआई) के मुद्दे पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसे कोई जादुई उपकरण या कुछ काम करने के लिए लोगों के आलस्य के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। मोदी ने बताया कि कैसे उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन में एआई का इस्तेमाल दुभाषिए के रूप में किया और विभिन्न भाषाओं में अपने संबोधन को विभिन्न कार्यक्रमों में प्रसारित किया। उन्होंने कहा कि चैट-जीपीटी जैसी तकनीक का उपयोग लगातार खुद को बेहतर बनाने के लिए किया जाना चाहिए।

## पीएम ने बिल गेटस को दिलाया भरोसा, बोले- हर एक गांव में पहुंचाएंगे डिजिटल एजुकेशन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स को बताया कि आने वाले समय में भारत के हर एक गांव में डिजिटल एजूकेशन पहुंचाने का काम करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य गांव-गांव तक, हर बच्चे तक डिजिटल शिक्षा पहुंचाना है। साथ ही, उन्होंने कि वह भारत में डिजिटल विभाजन नहीं होने देंगे, डिजिटल बुनियादी ढांचे को गांवों तक लेकर जाएंगे। पीएम मोदी ने बिल गेट्स के साथ हुई इस बातचीत में कहा कि 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना उनकी सरकार का लक्ष्य है। इसके अलावा, वे कृषि जैसे अहम पेशे को आधुनिक बनाना चाहते हैं। इस मौके पर मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स के बीच टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, डिजिटल पेमेंट और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान बिल गेट्स ने कहा कि भारत में डिजिटल सरकार है। भारत ना सिर्फ टेक्नोलॉजी को अपना रहा है बल्कि वास्तव में इसका नेतृत्व भी कर रहा है। वहीं, पीएम मोदी ने बिल गेट्स को नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में बताया और उन तरीकों पर चर्चा की, जिनसे खासकर महिलाओं के बीच प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने में मदद मिल रही है। पीएम मोदी और बिल गेट्स ने भारत में डिजिटल पेमेंट और देश के बाहर इसके विस्तार के बारे में भी बात की। पीएम मोदी और बिल गेट्स ने भारत में डिजिटल क्रांति पर भी चर्चा की।

# 1,700 करोड़ के नोटिस पर कांग्रेस हमलवार बीजेपी कर आंतक में शामिल

- जयराम और अजय माकन ने लगाए गंभीर आरोप

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस ने बीजेपी पर मुख्य विपक्षी पार्टी को खत्म करने के प्रयास करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने एक के बाद एक पार्टी को मिल रहे आयकर विभाग के नोटिसों को लेकर कहा है कि टैक्स टेररिज्म यानी कर आतंकवाद का सहारा लिया जा रहा है। पिछले वर्षों के कर रिटर्न में विसंगतियों पर कांग्रेस को आयकर विभाग से 1700 करोड़ रुपये का नया नोटिस मिलने के बाद कांग्रेस ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, बीजेपी कर आतंकवाद में लगी हुई है और कांग्रेस को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने बीजेपी पर कर कानूनों का गंभीर उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

माकन ने आरोप लगाया, आयकर के जिन नियमों की आड़ में कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है, उन्हीं नियमों को लेकर बीजेपी को छूट मिल रही है। कांग्रेस का 14 लाख रुपए का वायलेशन बताकर बीजेपी के आयकर विभाग ने कांग्रेस के 135 करोड़ रुपए ले लिए। लेकिन... बीजेपी को 42 करोड़ रुपए का चंदा देने वालों का न कोई नाम है, न कोई पता है, उसपर कोई एक्शन नहीं लिया।

कांग्रेस नेता ने कहा, आयकर विभाग ने बीजेपी के 42 करोड़ रुपए के उल्लंघन पर आँख पर पट्टी बांध ली, लेकिन कांग्रेस के 14 लाख रुपए, जो कि हमारे 23 नेताओं ने पार्टी को दिए हैं, जिनके नाम और पते भी हैं, उसके आधार पर हमारे 135 करोड़ रुपए छीनकर ले गए। कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग और चुनाव आयोग बीजेपी की कमी पर आंख बंद कर बैठे हुए हैं, उन्हें सिर्फ कांग्रेस में कमी नजर आती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि बीजेपी के आईटी विभाग ने 5 साल का नोटिस भेजकर कांग्रेस से 1,823 करोड़ रुपए की मांग की है।

माकन ने कहा, जब लोकसभा चुनाव की तारीखों को ऐलान हो चुका हैं, तब उस समय में आईटी विभाग द्वारा कांग्रेस पर गलत तरीके से पेनल्टी लगाई जा रही है, पैसों की मांग की जा रही है। ये बातें साफ इशारा करती हैं कि आईटी विभाग को बीजेपी की कमियां नजर नहीं आ रही हैं। इसकारण पार्टी की मांग है कि आईटी विभाग द्वारा बीजेपी को 4,600 करोड़ रुपए का नोटिस दिया जाना चाहिए। कांग्रेस के रमेश ने कहा, हमें आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए नोटिस भेज जा रहे हैं। यह कर आतंकवाद है और इसका इस्तेमाल कांग्रेस पर हमला करने के लिए हो जा रहा है। इस हमले को रोकना होगा। उन्होंने कहा, हम इन नोटिसों से नहीं डरने वाले हैं, हम और अधिक आक्रामक होकर चुनाव लड़ने वाले हैं। फरवरी में आयकर विभाग ने पार्टी के टैक्स रिटर्न में गड़बड़ी पाई थी और 200 करोड़ रुपये की मांग की थी। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण ने पार्टी को बकाया भुगतान करने को कहकर उनके खाते फ्रीज कर दिए थे। कांग्रेस ने कहा कि टैक्स ट्रिब्यूनल का उसके फंड को रोकने का आदेश लोकतंत्र पर हमला है, क्योंकि यह आदेश लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आया है। कांग्रेस ने बीजेपी पर इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदे में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। जयराम ने कहा, पूरे देश को पता है कि इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले से बीजेपी ने करीब 8,250 करोड़ रुपए चंदा इकट्ठा किया है।

कांग्रेस की यह प्रेसवार्ता तब हुई है, जब पार्टी को नया नोटिस जारी किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हफ्ते की शुरूआत में आयकर विभाग ने पिछले वर्षों के टैक्स रिटर्न में विसंगतियों के लिए कांग्रेस को 1,700 करोड़ रुपये का नया नोटिस दिया था। ब्याज सहित कर जुमार्ना, वर्ष 2017-18 से 2020-21 के कर रिटर्न में विसंगतियों से संबंधित है।

# माफिया मुख्तार की मौत के बाद पूरे यूपी में धारा 144 लागू

प्रात : किरण/एजेंसी

लखनऊ। माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी को गुरुवार देर रात को तबीयत बिगड़ने के बाद जिला जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई।बांदा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सुनील कौशल ने बताया, मेडिकल कॉलेज में दिल का दौरा पड़ने से अंसारी की मौत हो गई। समाजवादी पार्टी ने अंसारी के निधन को दुखद बताया है। मेडिकल कॉलेज की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया है, गुरुवार को रात लगभग 8:25 बजे जेल कर्मी बेहोशी की हालत में दोषी/विचाराधीन कैदी मुख्तार अंसारी को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा के आकस्मिक विभाग में लाए। नौ चिकित्सकों की टीम ने मरीज को तत्काल चिकित्सा प्रदान की। परंतु काफी प्रयासों के बावजूद दिल का दौरा पड़ने से मरीज की मौत हो गई। माफिया मुख्तार की मौत के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने पूरे प्रदेश में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। बांदा, मऊ, गाजीपुर और वाराणसी जैसे जिलों में पुलिस की टीम गश्त लगा रही हैं।

# आतिशी ने बताया केजरीवाल का फोन लेकर क्या देखना चाहती हैं ईडी

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आप नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट में सीएम केजरीवाल की रिमांड पर बहस चल रही थी, तब ईडी के वकील ने अंजाने में ईडी के असली मोटिव को कोर्ट के सामने रख दिया।

वकील ने कहा कि केजरीवाल को अभी कुछ दिन और रिमांड पर रखने की जरूरत है, क्योंकि केजरीवाल ने अपने फोन का पासवर्ड हमें नहीं बताया है। आतिशी ने कहा कि यह वहीं ईडी है जो यह कह चुकी है कि



मुख्यमंत्री केजरीवाल का आबकारी नीति बनाए जाने के समय का फोन हमें नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि अब सवाल उठता है, जो फोन कुछ माह पुराना है, उस फोन को ईडी क्यों देखना चाहती है। मतलब साफ है कि कि ईडी उस फोन में क्या देखना चाहती है।उन्होंने कहा कि मैं बताना चाहती हूं कि ईडी के माध्यम से भाजपा उस रणनीति को देखना चाहती है कि चुनाव को लेकर केजरीवाल की क्या रणनीति है। वह देखना चाहती है कि केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर क्या रणनीति तैयार की है। किस तरह एक-एक सीट का सर्वे कराया है। विपक्षी गठबंधन के साथ मिलकर उन्होंने चुनाव को लेकर क्या तैयारी की है।

# पूर्वी चंपारण में हैवान पति ने पत्नी व 3 बेटियो की गला काटकर की हत्या

प्रात : किरण/एजेंसी

पूर्वी चंपारण (बिहार)। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में ह्रदय विदारक घटना सामने आई है। जहां एक वहशी पति ने पत्नी समेत 3 बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। घटना पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बावरिया गांव की है। बताया जा रहा है कि बीती रात उसने सोते वक्त पत्नी और 3 बच्चों की गला काटकर हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपित इदु मियां घर छोड़ फरार है। मृतकों में इदु की पत्नी अफरीना खातून (40), अबरुन खातून(13), तबरुन खातून(11) व शहजादी खातून(9) शामिल हैं। चारो की बेरहमी से गला काट हत्या की गई है। घटना के कारणो का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। मृतका आरोपित की दूसरी पत्नी थी।पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। पहली पत्नी से दो पुत्र हैं जो बाहर काम करते हैं।जबकि दूसरी पत्नी मृतका अफरीना से पांच बच्चियां थी। इनमें एक की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार इदु साइको है। पांच बच्चियो में एक को पूर्व में यूपी में चलती ट्रेन से फेंक कर मार डाला था। इस मामले में वह जेल भी जा चुका है। कुछ माह पूर्व ही वह जेल से छुटने के बाद घर आया था।

# चंद महीने पहले एनडीए में शामिल हुए प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ सीबीआई ने बंद किया भ्रष्टाचार का केस

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। एनसीपी से एनडीए में शामिल हुए प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ चल रहा एक भ्रष्टाचार का केस सीबीआई ने बंद कर दिया है। ये मामला उस वक्त का है जब पटेल केंद्र में सिविल एविएशन मिनिस्टर थे। उस समय यानी 2008-09 में केंद्रीय मंत्री रहते हुए उन्होंने अपने करीबी दीपक तलवार को फायदा पहुंचाने के लिए एयर इंडिया के रुटस को प्राइवेट एयरलाइन्स में बांटने में मदद की थी। इसके बाद इस मामले ने काफी तूल पकड़ा और जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया। मामले की जांच चल ही रही थी कि प्रफुल्ल पटेल एनडीए में अजीत पवार के साथ शामिल हो गए। अब खबर आ रही है कि सीबीआई ने इस मामले को लेकर क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी है। जानकारी के मुताबिक 19 मार्च को सीबीआई ने इस मामले में राउज अवेन्यू कोर्ट के विशेष जज (सीबीआई) के सामने क्लोजर रिपोर्ट फाइल की है। कोर्ट ने इस रिपोर्ट पर विचार करने के लिए 15 अप्रैल की तारीख दी है। बता दें कि जुलाई में अजित पवार ने प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल समेत अन्य सीनियर 6 नेताओं के साथ शरद पवार का साथ छोड़ दिया था। फिलहाल अजित पवार और उनके समर्थक महाराष्ट्र की एकनाथ सरकार का हिस्सा हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 2017 में सीबीआई जांच का आदेश दिया था। यह 840 करोड़ के कथित घोटाले से जुड़ा केस था। हालांकि सीबीआई का कहना है कि इस मामले में किसी गड़बड़ी का कोई सबूत नहीं मिला इसलिए क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी गई है। अब विशेष अदालत को तय करना है कि रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या फिर आगे जांच का आदेश दिया जाए। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले को सीबीआई ने बंद कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सीबीआई ने उनके खिलाफ एयर इंडिया-इंडियन एयरलाइन्स मर्जर मामले में क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी है। बता दें कि मर्जर के वक्त प्रफुल्ल पटेल केंद्र में सिविल एविएशन मिनिस्टर थे। बता दें कि बीते साल जुलाई में अजित पवार के साथ प्रफुल्ल पटेल भी एनडीए में शामिल हो गए थे।

**राजनीति** भाजपा ने मनमोहन सिंह के कार्यकाल में नागर विमानन क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार को लेकर बहुत हल्ला मचाया था

# एअर इंडिया-इंडियन एयरलाइन्स विलय को लेकर सीबीआई की 'क्लोजर रिपोर्ट' पर माफी मांगे भाजपा: राउत

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को कहा कि एअर इंडिया-इंडियन एयरलाइन्स विलय मामले में सीबीआई द्वारा 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से माफी मांगनी चाहिए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने संप्रग के शासन काल में एअर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स के विलय से बनी कंपनी एनएसीआईएल द्वारा विमानों को पट्टे पर लेने में कथित अनियमितताओं की जांच पर एक 'क्लोजर रिपोर्ट' दायर की है,



क्योंकि इसमें किसी "गड़बड़ी का कोई साक्ष्य' नहीं मिला है। पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में जब यह प्रक्रिया चल रही थी तब राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल केंद्रीय नागर विमानन मंत्री थे। पटेल इस समय अजित पवार की अगुवाई वाली राकांपा में हैं जो महाराष्ट्र में भाजपा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना की सहयोगी है। राउत ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा ने मनमोहन सिंह के कार्यकाल में नागर विमानन क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार को लेकर बहुत हल्ला मचाया था। उन्होंने कहा कि अब भाजपा को डॉ मनमोहन सिंह से माफी मांगनी चाहिए। एअर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स के विलय के बाद 'नेशनल एविएशन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' (एनएसीआईएल) कंपनी बनाई गई थी। सीबीआई का आरोप था कि फैसला बेइमानी से किया गया था और अधिग्रहण की प्रक्रिया चालू रहते हुए भी विमान पट्टे पर लिए गए। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) के घटक दलों के बीच असहमति की खबरों के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि सहयोगी दलों में सीट बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है। विपक्षी गठबंधन एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। उन्होंने कहा, "तीन अप्रैल को शिवसेना (यूबीटी) कार्यालय शिवालय पर एमवीए नेताओं का संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उद्धव ठाकरे, शरद पवार और कांग्रेस नेता नाना पटोले, पृथ्वीराज चव्हाण तथा बालासाहेब थोराट इसमें शामिल होंगे।" राउत ने कहा कि ठाकरे 31 मार्च को नई दिल्ली में रामलीला मैदान में 'इंडिया' गठबंधन की रैली में भी शामिल होंगे।

संक्षिप्त समाचार

## आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर त्रिवेन्द्र रावत ने की सुप्रिया की आलोचना

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के हरिद्वार से उम्मीदवार त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई कथित 'आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय करार दिया। भाजपा ने कंगना को पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। रावत ने कांग्रेस नेता द्वारा रनौत पर की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि किसी महिला पर की गई कोई भी अभद्र टिप्पणी बेहद निंदनीय है। वहीं त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा, ''हमारे देश में मातृशक्ति का विशेष स्थान है। कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने भी शक्ति को लेकर विवादित बयान दिया था। यहां शक्ति को मातृशक्ति माना जाता है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस ने हमेशा मातृशक्ति का अपमान किया है। देश की जनता इसका जवाब देगी।

## केमिकल फैक्ट्री के मालिक के ठिकानों पर केंद्रीय जांच टीम का छापा

**हरिद्वार, एजेंसी।** फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि टीम ईडी की है, जीएसटी की या किसी अन्य विभाग की। पुलिस अधिकारी भी अभी इसमें कुछ कहने से बच रहे हैं। हरिद्वार में एक केमिकल फैक्ट्री के मालिक के यहां दिल्ली से आई टीम के छापे की खबर है। सूचना यह भी है की टीम हरिद्वार में सुबह से ही इस बड़े उद्यमी के चार मकानों में दस्तावेजों की जांच में जुटी है। इनमें से एक मकान पॉश कॉलोनी में है। यहां पर टीम सुबह से ही डेरा डाले हुए थी। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान कारोबारी से जुड़े तमाम दस्तावेज भी टीम ने अपने कब्जे में लिए हैं। वहीं स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। उनका यही कहना है कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस के कुछ सूत्रों ने यह जरूर कहा कि टीम तो है पर टीम ईडी की है, जीएसटी की या किसी अन्य विभाग की यह जानकारी नहीं है।

## परमार्थ निकेतन पहुंची ग्राम्य विकास सचिव

**ऋषिकेश, एजेंसी।** परमार्थ निकेतन में उत्तराखंड की ग्राम्य विकास सचिव राधिका झा अपने परिवार के साथ पहुंची। आश्रम में उन्होंने स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद उन्होंने गंगा घाट पर आयोजित सांध्यकालीन गंगा आरती में प्रतिभाग किया। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि उत्तराखंड के मिलेट्स को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए सरकार अभिनव पहल और प्रयास कर रही है। भारत मुख्य रूप से एक ग्रामीण देश है जिसकी दो तिहाई आबादी और 70 प्रतिशत कार्यबल ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था राष्ट्रीय आय में 46 प्रतिशत का अद्भुत योगदान प्रदान करती है। उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है इसलिए यहां की समस्याएं भी पहाड़ जैसी है। राधिका झा को गंगा घाट पर आयोजित गंगा आरती में रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया।

## सीएम धामी पहुंचे थराली, लोस प्रत्यशी अनिल बलूनी के समर्थन में किया रोड शो

**चमोली, एजेंसी।** थराली में सीएम धामी ने लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। भाजपा के गढ़वाल लोकसभा प्रत्यशी अनिल बलूनी के समर्थन में सीएम धामी ने थराली में रोड शो किया। इससे पहले सीएम धामी ने बृहस्पतिवार को डीडीहाट में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया था।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को राजस्थान, उत्तरप्रदेश और जम्मू कश्मीर के प्रमुख स्टार प्रचारकों में भी शामिल किया गया है। भाजपा धामी सरकार के समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून, दंगा रोधी कानून, लैंड जिहाद, जबरन धर्मांतरण रोकने के कानून को राष्ट्रीय स्तर पर भुनाएगी।

# सांसद बनाने के लिए विधायकों का इम्तिहान, चुनाव में हार जीत का अंतर तय करेगा इनका रिपोर्ट कार्ड

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ और नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट में चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों का चुनाव में हार जीत का अंतर विधायकों का रिपोर्ट कार्ड तय करेंगा।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो गई। प्रत्याशियों के साथ ही अब दोनों प्रमुख दलों के विधायकों के लिए इम्तिहान की घड़ी आ गई है। सांसद जहां मुख्य परीक्षा देंगे, वहीं विधायकों को इस परीक्षा में पास होने के साथ ही आगामी दो परीक्षाओं (निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव) में पास होने की भी चिंता है।

कुमाऊं मंडल में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ और नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा सीट में चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों को जिताने का दारोमदार न केवल पार्टी और कार्यकर्ताओं पर है बल्कि संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 28 विधायकों पर भी हैं। इन विधायकों पर अपने-अपने क्षेत्र में अधिक मतदान कराने और पार्टी प्रत्याशी को अधिक मतों से जिताने का बड़ा दबाव है। कुमाऊं में



अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ और नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं में भाजपा के 17 और कांग्रेस के 11 विधायक हैं। यहां विधायकों की कार्यकुशलता और उनके जरिये अपने क्षेत्र में किए गए कार्य हार-जीत के अंतर को प्रभावित करेंगे। मतदान के समय जनता सांसद के साथ ही क्षेत्रीय विधायक के कार्यो को भी वोट का आधार बना सकती है।

निश्चित तौर पर प्रत्याशी के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं और हारे-जीते सभी विधायकों पर भी पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी बनती है। आखिर हम लोग पार्टी के लिए काम कर रहे हैं और इसके अच्छे परिणाम देखने को भी मिलेंगे। जितने मत विधानसभा चुनाव में विधायक को मिले हैं, विधायक को कुल पोलिंग में अपनी विधानसभा में 10 प्रतिशत मतवृद्धि पार्टी के पक्ष में करानी होगी। बैठक में विधायकों को इस बारे में बता दिया है। जिस विधानसभा या पोलिंग बूथ पर 80 प्रतिशत से अधिक मतदान होगा, वहां के मंडल अध्यक्ष और विधायक को भी सम्मानित किया जाएगा। पिछले लोकसभा चुनाव में चंपावत से सबसे अधिक मत 17215 से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा को अपनी विधानसभा सीट से जीत दिलाने वाले विधायक कैलाश गहतोड़ी थे, जबकि इस बार खुद सीएम इस सीट से विधायक हैं। लिहाजा उनके ऊपर अजय टम्टा को वोटों के पिछले अंतर से ज्यादा मतों से जिताने का दारोमदार है। उधर, बाजपुर से 2019 में बतौर भाजपा विधायक रहे यशपाल आर्य ने अजय भट्ट को जीत दिलाई थी, लेकिन इस बार उन पर अपनी पुरानी पार्टी कांग्रेस के नये प्रत्याशी प्रकाश जोशी को जीत दिलाने का जिम्मा होगा।

## जिले में पलायन कारण दो साल में कम हुए 8861 मतदाता

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** सीमांत जिला पिथौरागढ़ में दो साल में 8861 मतदाता कम हो गए हैं। बेहतर सुख सुविधाओं के लिए लोग पहाड़ों से पलायन कर रहे हैं। इसके बाद भी सरकार पलायन रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठा पा रही है। वर्ष 2022 में पिथौरागढ़ जिले में 3,81,581 मतदाता थे जो अब घटकर 3,72,720 रह गए हैं।

जिले की सभी चार विधानसभाओं में मतदाताओं की संख्या लगातार घट रही है। वर्ष 2022 में धारचूला विधानसभा में पुरुष मतदाताओं की संख्या 43,581 थी जो वर्ष 2024 में घटकर 43,264 हो गई है। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा गिरी है। पहले यहां 43,900 महिला मतदाता थे जो घटकर 43,070 रह गए हैं। डीडीहाट विधानसभा में भी मतदाताओं की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। यहां वर्ष 2022 में 40,600 पुरुष मतदाता थे जो घटकर 39,607 रह गए हैं।

महिला मतदाताओं की संख्या में भी गिरावट दर्ज की गई है। यहां पूर्व में 42,141 महिला मतदाता थीं जो घटकर 40,338 रह गई हैं। पिथौरागढ़ विधानसभा में 54,068 पुरुष मतदाता थे जो घटकर 52,653 रह गए हैं। इसी तरह वर्ष 2022 में यहां 55,103 महिला मतदाता थीं जो घटकर 53,334 रह गई हैं। गंगोलीहाट विधानसभा में भी महिला और पुरुष मतदाताओं की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2022 में 52,595 मतदाता थे जो घटकर 51,902 रह गए हैं। यहां वर्ष 2022 में 49,592 महिला मतदाता थीं जो घटकर 48,550 रह गई हैं। आंकड़ों से जाहिर हो रहा है कि बढ़ती जनसंख्या के दौर में मतदाताओं की संख्या में गिरावट दर्ज होना पलायन की ओर इशारा कर रहा है। जिले में 30 से 39 आयु वर्ग के सर्वाधिक मतदाता हैं। 18 से 19 आयु वर्ग के जिले में 5091 मतदाता है। 20 से 29 आयु वर्ग के 74,249 मतदाता हैं। 30 से 39 आयु वर्ग 95,201 मतदाता है। 40 से 49 आयु वर्ग के 73,639 मतदाता हैं। 50 से 59 आयु वर्ग के 55,969 मतदाता हैं। 60 से 69 आयु वर्ग के 38,469 मतदाता है। 70 से 79 आयु वर्ग के 21,694 मतदाता हैं।

## सोशल मीडिया पर रखें निगरानी : डॉ. बरनवाल

**पिथौरागढ़, एजेंसी।**
उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शिव कुमार बरनवाल ने एमसीएमसी सेंटर (मीडिया प्रमाणन एवं अनुश्रवण समिति) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने तैनात कर्मियों को सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए। वहां नोडल अधिकारी एमसीएमसी केएल टम्टा, देवेंद्र सिंह बिष्ट, आशीष पंत, संजय उप्रेती, संजय भट्ट, आशीष सुंदरियाल, अरुण भरतरी, दिनेश रावल, हरीश पंत, पंकज सामंत आदि थे। इधर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि यदि कोई भी व्यक्ति 50 हजार से अधिक नकद लेकर यात्रा कर रहा है तो उसका साक्ष्य अवश्य अपने पास रखे। साक्ष्य नहीं दिखाने पर नकदी जब्त की जा सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी कर्मचारी राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए 20 और 21 मार्च को पिथौरागढ़ कैंपस में आयोजित प्रशिक्षण से गायब रहने वाले 130 कर्मियों पर कार्रवाई होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शिव कुमार बरनवाल ने नोडल अधिकारी कार्मिक को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि सभी कर्मचारियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अधीन में कार्रवाई होगी। 20 और 21 मार्च को प्रथम ईवीएम सैद्धांतिक प्रशिक्षण से पीठासीन अधिकारी, जोनल मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रशिक्षण से अनुपस्थित थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि महत्वपूर्ण प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहना लापरवाही है। उन्होंने नोडल अधिकारी कार्मिक को कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

सीओ परवेज अली ने जाजरदेवल थाना, ऐंचोली पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने एसएसटी टीम के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा बैरियरों पर नियुक्त कर्मियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने और लोकसभा चुनाव, आदर्श आचार संहिता को देखते हुए जिले में आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना जाजरदेवल में थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र पांडेय और ऐंचोली चौकी प्रभारी शंकर सिंह रावत सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने लोहाघाट नगर में फ्लैग मार्च निकाला।

## होली मनाकर गांवों से लौटने लगे लोग, चहल-पहल बढ़ी

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** होली अवकाश के बाद लोग ग्रामीण क्षेत्रों से होली मनाने के बाद वापस लौटने लगे हैं। बाजार में दिन भर लोगों की भारी भीड़ लगी रही। रोडवेज और टैक्सी स्टेशन में भी होली मनाकर वापस लौट रहे प्रवासियों की भीड़-भाड़ रही।

होली के चलते पिछले चार दिनों से बाजार में सुनसानी थी। बाजार में सुनसानी होने से व्यापारी भी मायूस बैठे हुए थे। बुधवार सुबह से ही सिल्थाम, गांधी चौक, सिमलगैर, नई बाजार, पुरानी बाजार, सुभाष चौक, धर्मशाला लाइन सहित कई अन्य हिस्सों में काफी भीड़-भाड़ देखी गई। पिथौरागढ़ बैंक रोड, वड्डा तिराहा, टनकपुर तिराहा, कुमौड़ सहित कई अन्य इलाकों में छिटपुट जाम भी लगा रहा। जाम लगने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। लंबे समय बाद वापस लौटे लोगों ने बाजार से सब्जी, राशन आदि की खरीदारी भी की।

पिथौरागढ़ रोडवेज स्टेशन में यात्रियों की भीड़ लगी रही।

## आरटीओ रोड होगी डबल लेन, वर्कशॉप लाइन से हल्द्वानी रेलवे स्टेशन तक सड़क चकाचक होगी

**हल्द्वानी , एजेंसी।**
आरटीओ रोड संधू फार्म तक डबल लेन होगी। वर्कशॉप लाइन से हल्द्वानी रेलवे स्टेशन तक सड़क दोबारा बनेगी। जिला विकास प्राधिकरण से इसके लिए 5.05 करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं।



आरटीओ रोड संधू फार्म तक डबल लेन होगी। वर्कशॉप लाइन से हल्द्वानी रेलवे स्टेशन तक सड़क दोबारा बनेगी। जिला विकास प्राधिकरण से इसके लिए 5.05 करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं। उधर शासन से पूर्व में स्पेशल असिस्टेंस प्रोग्राम के तहत भी राशि जारी हो गई है। एक सप्ताह के भीतर वर्कशॉप लाइन की सड़क पर काम शुरू हो जाएगा।

लोक निर्माण विभाग ने शासन और जिला विकास प्राधिकरण को कई सड़कों के लिए प्रस्ताव भेजा था। इसमें लालडांठ मार्ग, तिकोनिया वर्कशॉप लाइन से रेलवे बाजार, रेलवे बाजार से गौला पुल, नवाबी रोड, हल्द्वानी बाजार के आंतरिक मार्ग के लिए 7.17 करोड़, उधर आरटीओ रोड संधू फार्म तक करने के लिए 6.19 करोड़ और आरटीओ रोड से गैस गोदाम लिंक मार्ग, सुशीला तिवारी से मेहता चैरिटेबल अस्पताल तक, रकसिया नाले से देवलचौड़ बिरला स्कूल तक, धानमिल से नीलियम कॉलोनी तक, आनंदा स्कूल से रणबीर गार्डन होते हुए महर्षि स्कूल तक सड़क के लिए 6.84 करोड़ जारी हो गए हैं। इसी मार्ग के लिए जिला विकास प्राधिकरण से प्रथम किश्त के रूप में 5.05 करोड़ जारी हुए हैं।

आचार संहिता लगने से पूर्व ही ये काम स्वीकृत हुए हैं। वर्कशॉप लाइन से गौलापुल तक की सड़क पर एक सप्ताह में काम शुरू कर दिया जाएगा। इस सड़क को भारी वाहन चलने के लिए डिजायन किया गया है। नैनीताल शहर की अपर मॉलरोड पर आवागमन अब बेहतर हो सकेगा। इसके लिए लोनिवि ने डामरीकरण का काम शुरू करा दिया है। बृहस्पतिवार को तल्लीताल स्थित रिक्शा स्टैंड के समीप से डामरीकरण का काम शुरू कराया गया। ऐसे में रिक्शे के लिए लाइन लोअर माल रोड में लगानी पड़ी। विभाग का दावा है कि हफ्ते भर में डामरीकरण पूरा करा दिया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव - नैनीताल सीट पर किए गए दस नामांकन जांच के बाद वैध घोषित

**रुद्रपुर, एजेंसी।** नैनीताल संसदीय सीट पर संवीक्षा में सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। नामांकन वापसी 30 मार्च को होगी और इसी दिन प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न भी दिए जाएंगे। सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने प्रत्याशियों से निर्वाचन आयोग के आदेशों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। कहा कि चुनाव से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी या शंका होने पर उनसे फोन पर बात कर सकते है। रिटर्निंग अफसर उदयराज सिंह ने प्रत्याशियों से पेड और हेट न्यूज से बचने की अपील की।

बृहस्पतिवार को जिला न्यायालय में बने नामांकन कक्ष में रिटर्निंग अफसर उदयराज सिंह ने सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की जांच की। जांच में नामांकन करने वाले सभी दस प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। आरओ उदयराज ने नामांकन पत्र जांच के दौरान मौजूद प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों को चुनाव आयोग के आदेशों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार संबंधी व्यय का निर्धारित पंजिका में नियमित अंकन किया जाए। नियत तिथियों में व्यय प्रेक्षक को अवलोकन भी कराएं। सभी प्रत्याशी पोलिंग व मतगणना एजेंट को तैनात करते हुए उनकी सूची उपलब्ध करा दें। उन्होंने सभी प्रत्याशी प्रतिनिधियों से वेयर हाउस से ईवीएम लाने-ले जाने और ईवीएम स्ट्रांग रूम के निरीक्षण व रेंडमाइजेशन के दौरान उपस्थित रहने की अपील की। वहां सीडीओ व निर्वाचन के नोडल मनीष कुमार आदि थे।

व्यय प्रेक्षक टी. शंकर की ओर से प्रत्याशियों के व्यय लेखों का निरीक्षण छह अप्रैल से किया जाएगा। रिटर्निंग अफसर उदयराज सिंह ने बताया कि व्यय प्रेक्षक टी. शंकर की ओर से प्रत्याशियों के व्यय लेखों का निरीक्षण छह अप्रैल, 11 अप्रैल और 16 अप्रैल को सुबह दस बजे से डॉ. एपीजे सभागार में किया जाएगा।

## बस में सीट के लिए यात्रियों को होना पड़ा परेशान

**चंपावत, एजेंसी।** होली के बाद प्रवासियों के लौटने का सिलसिला जारी है। जिला मुख्यालय के रोडवेज स्टेशन में बस के लिए लोगों यात्रियों की भारी भीड़ रही है। सीट के लिए यात्रियों को मशक्कत करनी पड़ी।

बुधवार को रोडवेज स्टेशन पर दिल्ली, देहरादून, बरेली, मुंबई, पुणे आदि क्षेत्रों को लौटने वालों की भारी भीड़ रही। बस आते ही लोग उसमें सीट पाने के लिए संघर्ष करते नजर आए।जिन यात्रियों को सीट नहीं मिली वह लोहाघाट, पिथौरागढ़ से आने वाली बस में फिर से सीट के लिए संघर्ष करते दिखे।

## पहली नवरात्र से शुरू होगा गुमदेश का प्रसिद्ध चैतोला मेला

**लोहाघाट (चंपावत), एजेंसी।** विकासखंड के गुमदेश के चैताला मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महोत्सव के आयोजन को लेकर समिति का शिष्टमंडल डीएम से मिला। बुधवार को चौमू चौखाम बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष खुशाल सिंह धौनी के नेतृत्व में मंदिर समिति का शिष्टमंडल डीएम से मिला। उन्होंने बताया कि पहली नवरात्र नौ अप्रैल से चैतोला मेला शुरू होगा। 18 अप्रैल दशमी को चौमू देवता का सिंहासन मुख्य मंदिर से मड़ गांव की ओर प्रस्थान करेगा। 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन मुख्य मेला लगेगा। इसमें 11 गांव के जत्थे चौमू देवता मंदिर चमदेवल में आकर परिक्रमा करेंगे। 20 अप्रैल को व्यापारिक मेला लगेगा। मंदिर समिति ने चैतोला मेले को देखते हुए मंदिर परिसर में बने मतदान केंद्र को बदलने की मांग की। अध्यक्ष धौनी ने बताया कि डीएम ने लोगों की आस्था को देखते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय चमदेवल के बूथ को बदलकर जीआईसी चमदेवल करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष कल्याण सिंह धौनी, उपाध्यक्ष मान सिंह धौनी, सचिव महेंद्र प्रताप सिंह धौनी, जोत राम, युगल किशोर धौनी, देव सिंह धौनी, मदन कलौनी, शंकर चंद आदि मौजूद रहे।

## सीमांत में लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित होंगे 997 वाहन

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं। दूरस्थ केंद्रों पर मतदान सामग्री और कार्मिकों को पहुंचाने के लिए परिवहन विभाग को 997 वाहनों की आवश्यकता है। इनमें से 880 वाहनों का अभी तक अधिग्रहण कर लिया गया है। सीमांत जिले में कुल 3,72,720 मतदाता हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी केसी पलड़िया ने बताया कि जिले में छोटे-बड़े पांच हजार से अधिक वाहन हैं। उन्होंने बताया कि वाहनों के अधिग्रहण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। रोडवेज से भी 35 बसों की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि जो वाहन स्वामी जहां का है उसकी ड्यूटी उसी क्षेत्र में लगाने का प्रयास किया जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों में ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। इसके लिए वाहन स्वामी का पूरा विवरण लिया जा रहा है। वाहन जीआईसी और डिग्री कॉलेज मैदान में खड़े किए जाएंगे। डिग्री कॉलेज से गंगोलीहाट और धारचूला मतदान केंद्रों में वाहन भेजे जाएंगे। नजदीकी केंद्रों के वाहन जीआईसी मैदान से भेजे जाएंगे। सहायक संभागीय अधिकारी केसी पलड़िया ने बताया कि चुनाव के लिए अधिग्रहीत किए गए वाहनों का भुगतान एक माह के भीतर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिग्रहीत वाहनों के स्वामियों से बैंक खाते की पासबुक की फोटोकॉपी परिवहन विभाग कार्यालय में जमा कराने का अनुरोध किया है।

## व्यय प्रेक्षक का निरीक्षण आठ अप्रैल से

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शिवकुमार बरनवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए व्यय प्रेक्षक की ओर से सभी चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों का निर्वाचन व्यय लेखा का निरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। व्यय प्रेक्षक प्रथम निरीक्षण आठ अप्रैल, द्वितीय 12 और तृतीय निरीक्षण 16 अप्रैल को करेंगे।

# चुनाव आते ही भगवा कुर्ता और उत्तराखंडी टोपी का क्रेज बढ़ा, पीएम ने बदला ड्रेस कोड का ट्रेंड

**हल्द्वानी , एजेंसी।**
आचार संहिता लगने के बाद गांधी आश्रम के खादी उत्पादों की बिक्री में 25 से 30 फीसदी का इजाफा हुआ है। वहीं, हल्द्वानी में गांधी टोपी की जगह उत्तराखंडी टोपी, सफेद कुर्ते की जगह भगवा रंग के कुर्ते की मांग बढ़ी है।

आम चुनाव के दौरान नेताओं का ड्रेस कोड बदल गया है। गांधी टोपी और सफेद कुर्ते की जगह अब रंगीन कुर्ते और ब्रह्मकमल वाली पहाड़ी टोपी ने ले ली है। भगवा गमछे की डिमांड भी चुनावों से पहले बढ़ गई है। नामांकन से लेकर चुनाव प्रचार में यही ड्रेस कोड प्रत्याशियों और युवा नेताओं में ट्रेंड कर रहा है।



प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से ही गांधी आश्रम में खादी उत्पादों की बिक्री में इजाफा हो गया है। सदर बाजार स्थित गांधी आश्रम में खादी वस्त्रों की बिक्री 25 से 30 फीसदी बढ़ गई है। रंगीन खादी कुर्ता-पायजामा और पहाड़ी टोपी हाथोहाथ बिक रही है। गांधी आश्रम के प्रबंधक प्रमोद कुमार भट्ट ने बताया कि लोग सफेद कुर्ते की जगह रंगीन और भगवा कुर्ते की मांग कर रहे हैं।

भगवा रंग के कुर्ते और गमछे की मांग सबसे ज्यादा है। पारंपरिक सफेद टोपी की जगह पहाड़ी ब्रह्माकमल वाली टोपी ज्यादा डिमांड में है। इन दिनों 20 से 30 टोपी और 10 से 20 कुर्ते रोजाना बिक रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्रह्मकमल वाली खादी की टोपी की कीमत 350 रुपये है। खादी के कुर्ते और सदरी की कीमत 600 से 800 रुपये तक है। गांधी टोपी और सफेद कुर्ता पायजामा नेताओं की पहचान हुआ करता था लेकिन पिछले दिनों उत्तराखंड के दौरे पर आए प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रह्मकमल वाली पहाड़ी टोपी पहनी थी। इसके अलावा गणतंत्र दिवस पर पीएम मोदी इसी टोपी में नजर आए थे। इससे पूरे देश में उत्तराखंड की ब्रह्माकमल वाली टोपी को अलग पहचान मिली है। कुर्ते में भी भगवा रंग युवाओं की पसंद बन गया है।

# अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ़्तार करने के भाजपा के मकसद का अनजाने में एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट में किया पर्दाफाश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ़्तार करने के भाजपा के मकसद का अनजाने में एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट में ही पर्दाफाश कर दिया। केएल एसवी राजू ने कोर्ट में कहा कि- हमें अरविंद केजरीवाल जी की कुछ दिन और हिरासत में रखने की जरूरत है क्योंकि उन्होंने हमें अपने फोन का पासवर्ड नहीं बताया है। इस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साझा करते हुए वरिष्ठ आप नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि, ऐसा क्या है कई ईडी को अरविंद केजरीवाल जी का मात्र कुछ महीने पुराने फोन का पासवर्ड चाहिए, जबकि ईडी ने ही बयान दिया कि ये फोन पॉलिसी के दौरान इस्तेमाल नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि, हकीकत ये है कि ईडी को किसी जाँच के लिए नहीं बल्कि अपने आका भाजपा के लिए अरविंद केजरीवाल जी के फोन का पासवर्ड चाहिए। उन्होंने कहा कि, ईडी को केजरीवाल जी के फोन का पासवर्ड इसलिए चाहिए क्योंकि केजरीवाल जी के फोन में उन्हें लोकसभा चुनावों में लड़ने की रणनीति मिलेगी। इस फोन से इंडिया एलायंस के नेताओं से अरविंद केजरीवाल जी की क्या बातचीत चल रही है वो मिलेगा। फोन में आम आदमी पार्टी जिन 23 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, उसका सर्वे मिलेगा, पूरा कैंपेन प्लान मिलेगा। इस फोन में लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का कम्युनिकेशन प्लान; मीडिया और सोशल मीडिया प्लान मिलेगा। अरविंद केजरीवाल जी के फोन के जरिए भाजपा जानना चाहती है कि, आप की दिल्ली, पंजाब, गुजरात, असम के चुनाव लड़ने की क्या रणनीति है।

आतिशी ने कहा कि, ईडी ने फिर से एक बार साबित कर दिया है कि, वो भाजपा का मात्र एक राजनीतिक हथियार है; अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी का किसी जाँच से कोई लेना देना नहीं है। अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी लोकसभा चुनाव में विघ्न पैदा करने के लिए है।

वरिष्ठ आप नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि, कल राउज एवेन्यू कोर्ट में अरविंद केजरीवाल जी के रिमांड के बहस के दौरान ईडी के वकील एएसजी एसवी. राजू ने अनजाने में ईडी के असली मकसद को कोर्ट और पूरी दुनिया के सामने रख दिया। कल एसवी राजू ने कोर्ट में कहा कि, हमें अरविंद केजरीवाल जी की कुछ दिन और हिरासत में रखने की जरूरत है क्योंकि उन्होंने हमें अपने फोन का पासवर्ड नहीं बताया है।

उन्होंने कहा कि, ये वही ईडी है जिसनें खुद बयान देकर कुछ दिन पहले ही बताया था कि जो फोन एक्साइज पॉलिसी के बनने और लागू होने के समय अरविंद केजरीवाल जी के पास था, वो फोन ईडी को नहीं मिला है। वो फोन अरविंद केजरीवाल जी के पास नहीं है। आतिशी ने कहा कि एक्साइज पॉलिसी 2021 में बनती है और लागू नवंबर 2021 से अगस्त 2022 के बीच लागू होती है। अगस्त 2022 से अब अरविंद केजरीवाल जी की ईडी द्वारा गिरफ़्तार करने के बीच 1.5 साल से ज्यादा समय बीत जाता है। ईडी खुद ये बयान देती है कि हमने अरविंद केजरीवाल जी का जो फोन जब्त किया है वो मात्र कुछ महीने पुराना है। तो फिर मैं ईडी से पूछना चाहती हूँ कि मात्र कुछ महीने पुराने फोन को ईडी क्यों देखना चाहती है, जबकि ईडी को पता है कि वो फोन पॉलिसी के दौरान का फोन नहीं है। उन्होंने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी के फोन में ऐसा क्या है जो आज ईडी देखना चाहती है। ये न तो किसी किसी जाँच से जुड़ा हो सकता है और न ही एक्साइज पॉलिसी के बनने से जुड़ा हो सकता है। आतिशी ने कहा कि, ईडी को अरविंद केजरीवाल जी के कुछ महीने पुराने फोन में क्या मिलेगा? उन्हें कुछ महीने पुराने फोन में लोकसभा चुनावों को लड़ने की रणनीति मिलेगी। इस फोन से इंडिया एलायंस के नेताओं से अरविंद केजरीवाल जी की क्या बातचीत चल रही है वो मिलेगा। इस फोन में आम आदमी पार्टी जिन 23 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, उसका सर्वे मिलेगा, पूरा कैंपेन प्लान मिलेगा। इस फोन में लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का कम्युनिकेशन, मीडिया, सोशल मीडिया प्लान मिलेगा।

तो अरविंद केजरीवाल जी के फोन का पासवर्ड ईडी को नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी को चाहिए। वो अरविंद केजरीवाल जी के फोन से ये जानना चाहते है कि, आम आदमी पार्टी की चुनाव में क्या तैयारी है; दिल्ली, पंजाब, गुजरात, असम के चुनाव लड़ने की क्या रणनीति है। वो जानना चाहते है आम आदमी पार्टी जहां चुनाव लड़ रही है वहाँ सर्वे क्या कहता है। इसलिए अरविंद केजरीवाल जी के फोन का पासवर्ड ईडी को नहीं बल्कि भाजपा को चाहिए। और ईडी ने फिर से एक बार साबित कर दिया है कि, वो भाजपा का मात्र एक राजनीतिक हथियार है। अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी का किसी जाँच से कोई लेना देना नहीं है। अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी लोकसभा चुनाव में विघ्न पैदा करने के लिए है। आम आदमी पार्टी और इंडिया एलायंस की चुनावी रणनीति जानना है।

# केजरीवाल को आशीर्वाद कैंपेन शुरू

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सीएम अरविंद केजरीवाल को आप अपना संदेश भेज सकते हैं। इसके लिए शुक्रवार को केजरीवाल को आशीर्वाद वाट्सएप कैंपेन शुरू हो गया है। कैंपेन की शुरूआत मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने किया। उन्होंने कैंपेन के लिए दो वाट्सएप नंबर 8297324624, 9700297002 जारी करते हुए दिल्ली और देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप इन वाट्सएप नंबरों पर अपना संदेश जरूर भेजें। आप शुभकामनाएं, दुआएं और प्रार्थना के साथ कोई भी संदेश भेज सकते हैं। आप किसी भी पार्टी से हों, संदेश जरूर भेजें। मैं अरविंद केजरीवाल तक आपका हर संदेश पहुंचाउंगी। उन्हें आपका संदेश पढ़कर बहुत अच्छा लगेगा। उन्होंने कहा कि गुरुवार को सीएम केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट के सामने जो कुछ बोला, उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। उन्होंने देश के सबसे भ्रष्टाचारी व तानाशाही ताकतों को ललकारा है। मुझे पूरा भरोसा है कि आप इस लड़ाई में अपने भाई-अपने बेटे अरविंद केजरीवाल का साथ जरूर देंगे।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आज प्रेसवार्ता कर कहा कि गुरुवार को अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। पूरा देश ने सुना। मेरी अपील है कि अगर किसी ने अरविंद केजरीवाल के कोर्ट में रखा गया पक्ष नहीं सुना है तो वो जरूर सुनें। उन्होंने कोर्ट के सामने जो कुछ बोला, उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। अरविंद केजरीवाल सच्चे देशभक्त हैं। बिल्कुल ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी भी अंग्रेजों की तानाशाही से लड़ते थे।

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि पिछले 30 साल से मैं अरविंद केजरीवाल के साथ हूं। देशभक्ति उनके रोम-रोम में बसी हुई है। अरविंद केजरीवाल ने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है। उन्होंने दिल्लीवालों से कहा कि आपने अरविंद केजरीवाल को अपना भाई-अपना बेटा कहा है। क्या इस लड़ाई में आप अपने भाई-अपने बेटे का साथ नहीं देंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सब साथ मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान सुनीता केजरीवाल ने एक वाट्सएप नंबर 8297324624 और 9700297002 जारी किया। उन्होंने कहा कि आज से हम एक अभियान शुरू कर रहे हैं। इस अभियान का नाम केजरीवाल को आशीर्वाद है। इस वाट्सएप नंबर पर अरविंद केजरीवाल को आप अपना आशीर्वाद भेज सकते हैं, शुभकामनाएं, दुआएं, प्रार्थना भेज सकते हैं। अगर कोई और भी संदेश देना चाहें तो वो भी दे सकते हैं। दिल्ली में कई माताओं ने तो अपने बेटे के लिए मन्नत मांगी है। कई बहनों ने भी अपने भाई के लिए मन्नत मांगी है। वो भी दिए गए वाट्सएप नंबर पर लिखकर अपना संदेश भेजें। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि मुझे कई लोगों के फोन भी आए। उन्होंने बताया कि वो अरविंद केजरीवाल के लिए व्रत रखे हैं। जितने भी लोग अरविंद केजरीवाल से प्यार करते हैं, वो सभी लोग वाट्सएप नंबर पर संदेश लिखकर भेजें। आपके मन में अगर कुछ भी संदेश देने का मन करे तो आप इस वाट्सएप नंबर पर लिखकर भेज दीजिए। हर परिवार को हर सदस्य संदेश लिखकर भेजे। आपके संदेश पढ़कर अरविंद केजरीवाल को बहुत अच्छा लगेगा। आपका एक-एक संदेश अरविंद केजरीवाल तक पहुंचेगा। मैं आपका हर संदेश जेल में उनको देकर आउंगी।

# दस सालों में कुछ नहीं किया भाजपा सांसदों ने : सुनील कुमार

- प्रत्याशी बदल बचना चाहते हैं जवाबदेही से



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के एक भी सांसद ने अपने दस साल के कार्यकाल में जनता से किये वादे पूरे नहीं किये। यह कहना है दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सुनील कुमार का। सुनील कुमार कहते है और इसलिए भाजपा ने अपने छह उम्मीदवारों को इस भय से बदल दिया अब जनता उनसे उनके कार्यकाल का ब्यौरा मांगेगी। सुनील कुमार कहते हैं ने कहा कि भाजपा उम्मीदवारों की घोषणा कि सभी संसदीय क्षेत्रों में नई दिल्ली में केन्द्र सरकार के अस्पतालों की भांति अस्पताल खुलेंगे। सुनील कुमार नें कहा कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने दिल्ली में पिछले 10 वर्षों में एक भी नया अस्पताल नही बनवाया और ना ही कोविड महामारी वैश्विक आपदा से सबक लिया और अब फिर नए सिरे से प्रयास करने का जुमला दे रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण, यमुना सफाई, अनाधिकृत कालोनियों को नियमित करना, अपने क्षेत्रों तक मेट्रो लाइन लेकर जाना आदि विषयों पर 100 दिनों में काम करने के प्रयास की बात ही कर रहे है जबकि पिछले दस वर्षों में इनके सांसदों को ये सब करने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के कारण हर उम्र के लोगों का जीवन खतरे में जिसके लिए भाजपा की केंद्र सरकार जिम्मेदार है और नई दिल्ली में एनडीएमसी द्वारा लगाए गए प्रदूषण नियंत्रण के यंत्र सिर्फ दिखावा बनकर रह गए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने फेस 3 के लिए 112 कि0मी0 की मंजूरी दिलाई थी जिसका काम 2015 तक पूरा होना था परंतु केन्द्र सरकार की नाकामियों के कारण 2024 तक सिर्फ 50 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। उन्होंने कहा कि सिगनेचर ब्रिज जिसका निर्माण कांग्रेस की शीला सरकार ने किया उसका श्रेय भाजपा सांसद ले रहे और उत्तर पूर्वी दिल्ली में केन्द्रीय विद्यालय जिसकी नींव कांग्रेस सांसद जेपी अग्रवाल ने रखी थी उसका श्रेय मनोज तिवारी ले रहे है, यह दिल्ली की जनता देख रही है।

# 40 से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच का महत्वः उपेक्षा आपके जीवन को प्रभावित कर सकती है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, उनके शरीर में महत्वपूर्ण बदलाव आते हैं, खासकर जब वे चालीसवें वर्ष में प्रवेश करते हैं। यह अवधि केवल एक संख्या नहीं है; यह एक महत्वपूर्ण समय का प्रतीक है जहां स्वास्थ्य पर अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता है। इस चरण के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है क्योंकि किसी की भलाई को नजरअंदाज करने से जीवनशैली पर स्थायी प्रभाव पड़ सकता है। 40 वर्ष की उम्र में चयापचय, हार्मोन में परिवर्तन और कुछ स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि जैसे शारीरिक बदलाव आते हैं। ये परिवर्तन स्पष्ट लक्षणों के बिना, चुपचाप हो सकते हैं, जो नियमित जांच के माध्यम से शीघ्र पता लगाने के महत्व पर प्रकाश डालते हैं।

उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय की समस्याओं और विशिष्ट कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के विकसित होने के बढ़ते जोखिम के कारण 40 के बाद नियमित स्वास्थ्य मूल्यांकन आवश्यक है। उन्नत अवस्था तक इन स्थितियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। हालाँकि, लगातार जांच और परीक्षणों के साथ, इनमें से कई बीमारियों को जल्दी ही पकड़ा जा सकता है जब उपचार सबसे प्रभावी होता है - संभावित रूप से जटिलताओं को रोकने और परिणामों को बढ़ाने में।

इसके अतिरिक्त, नियमित स्वास्थ्य मूल्यांकन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को पारिवारिक इतिहास और जीवनशैली की आदतों जैसे जोखिम कारकों का मूल्यांकन करने में मदद करता है जो व्यक्तियों को कुछ स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार बना सकते हैं। इस जानकारी के साथ, व्यक्तिगत निवारक रणनीतियाँ विकसित की जा सकती हैं - जिसमें जीवनशैली में बदलाव और लक्षित स्क्रीनिंग शामिल हैं - जिसका उद्देश्य जोखिमों को कम करना और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है।

40 के बाद के स्वास्थ्य मूल्यांकन के महत्व को बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताया जा सकता; इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान व्यक्तिगत स्वास्थ्य की उपेक्षा करने से जीवनशैली की संतुष्टि पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। वर्तमान कल्याण में निवेश करने से दीर्घायु और पूर्णता के अवसरों से भरा एक उज्जवल कल सुनिश्चित होता है।

अपोलो डायग्नोस्टिक्स के मुख्य रोगविज्ञानी डॉ. राजेश बेंद्रे इस बात पर जोर देते हैं कि 40 के बाद नियमित स्वास्थ्य जांच व्यक्तियों को अपनी भलाई की जिम्मेदारी लेने और स्वस्थ भविष्य के लिए सूचित विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाती है। इन जांचों की उपेक्षा करना आंखों पर पट्टी बांधकर गाड़ी चलाने जैसा है; बाधाओं का सामना करने से पहले यह केवल समय की बात है। स्क्रीनिंग के माध्यम से शीघ्र पता लगाने से व्यक्तियों को संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से दूर दीर्घायु और जीवन शक्ति की ओर ले जाया जा सकता है।

शारीरिक लाभ के अलावा, नियमित जांच मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चिंता या अवसाद जैसे मानसिक विकारों को कभी-कभी नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन अगर इलाज न किया जाए तो यह जीवन की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। 40 के बाद नियमित जांच को नजरअंदाज करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर समान रूप से प्रभाव पड़ने के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। डॉ. बेंद्रे कहते हैं। भविष्य के लिए जीवन शक्ति और जीवनशैली विकल्पों की सुरक्षा के लिए 40 के बाद निवारक देखभाल को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है।

# लवली ने रामलीला मैदान की महारैली की तैयारियों का जायजा लिया

- ऐतिहासिक होगी लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ रैली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने 31 मार्च की रामलीला मैदान की लोकतंत्र बचाओ रैली की तैयारियों का अवलोकन करते कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद रामलीला मैदान की महारैली में 31 मार्च को करेगी, जिसमें कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय के संबधित 25 न्याय की माँगो को प्रमुखता उठाया जाएगा। रैली की तैयारियों के लिए प्रदेश कार्यालय में सैंकड़ो कार्यकर्ता झंडे, टोपिया, पटके कांग्रेस कार्यकताओं को बांटने के लिए तैयार कर रहे है। रैली का जायजा लेने वालों में श्री लवली के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, पूर्व विधायक कुंवर करण सिंह, पूर्व नेता जितेन्द्र कुमार कोचर, मुदित अग्रवाल, अमित मलिक, हरिकिशन जिंदल, जगजीवन शर्मा, जयकरण चैधरी, सुखबीर शर्मा, चौ. प्रेम कुमार, अनुज आत्रेय शामिल है। श्री लवली ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने जो लोकतंत्र को बचाने के लिए संसद और संसद के बाहर जो आवाज बुलंद की है उस आवाज को कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे देश में बुलंद करेंगे जो भाजपा की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने में मील का पत्थर साबित होगा। श्री लवली ने कहा कि 31 मार्च को रामलीला मैदान की लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ रैली इंडिया गठबंधन की एकता देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में विशेष उदाहरण ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस का कार्यकर्ता पार्टी के पटके, टोपी पहने कर हाथों में झंडे लेकर भारी संख्या में पहुचेंगे और पूरा रामलीला मैदान कांग्रेसमय प्रतीत होगा। पार्टी ने कार्यकताओं को रामलीला मैदान में दिल्ली के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता बेरोजगार युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों, किसानों को न्याय और हिस्सेदारी दिलाने की मांग के लिए रामलीला मैदान पहुंचेंगे। श्री लवली ने कहा कि युवा न्याय के अंतर्गत भर्ती का भरोसा, पहले नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, इँकानामी में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी के तहत 5000 करोड़ रुपये युवाओं के लिए स्टार्ट अप कोष का बनाया जायेगा। नारी न्याय के तहत महालक्ष्मी, आधी आबादी को पूरा हक, सम्मान, महिलाओं को कानूनी व ग्राम पंचायत में अधिकार तथा कामकाजी महिलाओं को हॉस्टल की संख्या दोगुनी कराऐंगे। श्री लवली ने कहा कि 31 मार्च की महारैली में कांग्रेस पार्टी किसानों, श्रमिकों को न्याय व समाज के प्रत्येक वर्ग की हिस्सेदारी की सुनिश्चित करने के लिए भी आवाज उठाऐंगी। किसानों को एमएसपी के सही दाम, कर्ज माफी, बीमा भुगतान, सही आयात निर्यात नीति और खेती को जीएसटी से मुक्ति दिलाने के लिए प्रखर रुप से आवाज उठाएंगे और श्रमिकों को न्याय दिलाने के लिए उन्हें स्वास्थ्य अधिकार, श्रम सम्मान, शहरी रोजगार गांरटी, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार सुरक्षित करने के लिए मजदूर वर्ग की गांरटी के लिए काम करेंगे। श्री लवली ने बताया कि कांग्रेस सभी को हिस्सेदारी न्याय के तहत व्यापक सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना, एससी/एसटी/ओबीसी के आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा हटाने, जनसंख्या आधार पर सब प्लान कानूनी गारंटी, जल जंगल जमीन का कानूनी हक और अपनी धरती अपना राज के तहत सबसे बड़ी जनसंख्या अनुसूचित जनजाति के लिए अनुसूचित क्षेत्र घोषित करने की गांरटी भी देंगे।

# पत्नी-बेटी और पीए से मिल सकेंगे केजरीवाल

- 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल की तरफ से पहले छह दिन की हिरासत के दौरान दिल्ली पुलिसकर्मी द्वारा अभद्रता की शिकायत की गई थी।
- गुरुवार को स्पेशल जज कावेरी बावेजा की अदालत ने केजरीवाल को 1 अप्रैल तक रिमांड पर भेजते हुए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

कथित आबकारी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की रिमांड में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल, बेटी और पीए विभव से मिल सकेंगे। गुरुवार को स्पेशल जज कावेरी बावेजा की अदालत ने केजरीवाल को 1 अप्रैल तक रिमांड पर भेजते हुए मुलाकात से संबंधी निर्देश भी जारी किए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि केजरीवाल की पत्नी और बेटी के साथ-साथ उनके पीए और एक सांसद संदीप पाठक के साथ उनके वकीलों को मिलने की अनुमति दी जाती है। 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल की तरफ से पहले छह दिन की हिरासत के दौरान दिल्ली पुलिसकर्मी द्वारा अभद्रता की शिकायत की गई थी। इसको लेकर अदालत ने पूरे चार दिन की हिरासत के दौरान सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहने के निर्देश दिए। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का भी निर्देश अदालत द्वारा दिया गया है। इसके अलावा केजरीवाल को दी जाने वाली दवाओं को लेकर भी लिखित निर्देश दिए गए हैं। केजरीवाल को सोमवार एक अप्रैल को सुबह 11:30 बजे अदालत में पेश किया जाएगा।

# शटरिंग के नीचे दबकर सात वर्षीय बच्चे की मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

फर्श बाजार स्थित एक प्लॉट में बुधवार को निमार्णाधीन इमारत की शटरिंग गिरने से उसके नीचे दबकर बच्चे की मौत हो गई। सात वर्षीय बंटी प्लॉट में चिनाई का काम कर रहे राजमिस्त्री राजेश का बेटा था। पिता राजेश की शिकायत पर फर्श बाजार पुलिस ने ठेकेदार और बिल्डर के खिलाफ लापरवाही के चलते मौत का मामला दर्ज कर लिया है। 40 वर्षीय राजेश मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के मूल निवासी हैं। वह दिल्ली में राजमिस्त्री का काम करते हैं। वर्तमान में वह 5/35 गज्जू कटरा, फर्श बाजार इलाके में चिनाई का काम कर रहे थे। इसी मकान में उनके दो साले जगत, सुल्तान और पत्नी ज्योति बेलदारी का काम करते हैं। राजेश के सात वर्षीय बेटे बंटी समेत पूरा परिवार इसी प्लॉट में झुग्गी बनाकर रह रहा था। प्लॉट में कई दिनों से लेंटर डालने के लिए शटरिंग का काम चल रहा था। आरोप है कि गत बुधवार को राजेश ने कई बार ठेकेदार लच्छीराम और बिल्डर ओमपाल को बताया कि शटरिंग मजबूत नहीं है। कोई हादसा हो सकता है। शटरिंग के नीचे तिरपाल से बनी झुग्गी में ही राजेश का परिवार रह रहा था, इसलिए वह इसे लेकर काफी सजग थे। उन्होंने ठेकेदार और बिल्डर से कई बार परिवार को सुरक्षित जगह पर रहने की व्यवस्था कराने को कहा, लेकिन दोनों नजरअंदाज करते रहे। बुधवार सुबह करीब 10 बजे लेंटर डालना शुरू किया गया, लेकिन जैसे ही इस पर निर्माण सामग्री इत्यादि डालनी शुरू की गई। शटरिंग निर्माण सामग्री का भार नहीं झेल पाई और टूट गई। लेंटर का सारा मलबा नीचे मौजूद राजेश के बेटे बंटी के ऊपर गिर गया। आनन-फानन में पीड़ित ने बच्चे को निकालकर हेडगेवार अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मामूली विवाद में लोहे की रॉड से पीटा

नई दिल्ली। भजनपुरा इलाके में सोमवार को मामूली विवाद में चार युवकों ने लोहे की रॉड और लात-घूसों से युवक पर हमला कर दिया। आरोपियों ने बीचबचाव करने आए पीड़ित के बुजुर्ग परिजनों और पड़ोसियों से भी मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता 53 वर्षीय अनूप गमरी एक्सटेंशन, भजनपुरा में परिवार के साथ रहते हैं और दर्जी हैं। आरोप है कि उनके छोटे भाई नितिन से 24 मार्च को पड़ोसी बंटी का मामूली बात को लेकर झगड़ा हो गया। उस दौरान स्थानीय लोगों ने दोनों को समझाकर वापस घर भेज दिया। अगले दिन शाम करीब पांच बजे बंटी अपने भाई कुणाल उर्फ विसू और सोनू पहाड़ी नामक बदमाश को लेकर गली में आया। तीनों ने मिलकर बंटी और बीचबचाव करने आए परिवार के अन्य लोगों को पीट दिया। शोर सुनकर पड़ोसी राकेश कश्यप बीचबचाव आए तो उन पर भी हमला कर दिया। थोड़ी देर में इनका एक और दोस्त सुमित मौके पर आया और चारों ने मिलकर लोहे की रॉड से सभी की जमकर पिटाई की। इसी दौरान किसी पड़ोसी ने पुलिस को कॉल कर सूचना दी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# हिंदू शरणार्थियों की मदद के लिए दक्षिणी दिल्ली में वीएचपी ने खोला सीएए सहायता केंद्र

- हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता मिल सके, इसलिए सहायता केंद्र द्वारा हर संभव सहायता दी जाएगी।
- विश्व हिंदू परिषद दिल्ली में कई इलाकों में सहायता केंद्रों की स्थापना कर रहा है



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में देश भर में भारतीय नागरिकता कानून लागू कर दिया गया है। इस कानून के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से भारत आए हिंदू, जैन, बौद्ध व सिख समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इसके तहत विश्व हिंदू परिषद दिल्ली में कई इलाकों में सहायता केंद्रों की स्थापना कर रहा है ताकि लोग ऑनलाइन के माध्यम से नागरिकता के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकें। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रांत के सेवा आयाम की ओर से बलुचीस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के लिए झूलेलाल मंदिर, डी 115 कृष्णा पार्क, देवली रोड, खानपुर में भारतीय नागरिकता कानून (सीएए) सहायता केंद्र की स्थापना की गई है। विहिप के प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने इस सहायता केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सीएए कानून आने के बाद हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता दिलाने में मदद के लिए सीएए सहायता केंद्र खोले जा रहे हैं। मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने आगे कहा कि दिल्ली में 30 हजार शरणार्थी नागरिकता के लिए आवेदन आ सकते हैं। इनमें पाकिस्तान से आने वाले हिंदू, बलूचिस्तान से आने वाले बलूची और अफगानिस्तान से आने वाले सिख शरणार्थी को शामिल किया गया है। हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता मिल सकें, इसलिए सहायता केंद्र द्वारा हर संभव सहायता दी जाएगी। इस सहायता केंद्र में बताया जाएगा कि हिंदू शरणार्थियों की नागरिकता के आवेदन के लिए कौन-कौन से दस्तावेज की जरूरत है, सारे दस्तावेज होंगे तो ही वह ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगें। लेकिन किसी के दस्तावेज नहीं बने हैं, तो कैसे बनेंगे, कहां जाना है और क्या करना है, सब कुछ बताया जाएगा। इस मौके पर नंद किशोर शर्मा दिल्ली प्रांत संरक्षक वीएचपी ने कहा कि इस प्रकार के सहायता केंद्रों से हिंदू समुदाय के लोगों को बहुत फायदा मिलेगा। सहायता केंद्र ना होने की वजह से हिंदू समुदाय के लोगों को नागरिकता के लिए अप्लाई करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वीएचपी का मकसद है दिल्ली के तमाम हिंदू समुदाय के लोग जिनके पास नागरिकता नहीं है उनको नागरिकता दिलवाने में सहयोग करना है। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रांत के अलावा बलूचिस्तान से आए सैकड़ो की संख्या में हिंदू शरणार्थी मौजूद रहें। इस मौके पर विजेंद्र तंवर विभाग मंत्री, सुरेंद्र सिंह विभाग सेवा प्रमुख, अंकुश यादव जिला मंत्री अंबेडकर जिला, स्वतंत्र सिंह भुल्लर प्रचार प्रसार मीडिया प्रमुख अंबेडकर जिला विश्व हिंदू परिषद, महेश खैरालिया सह प्रखंड मंत्री विश्व हिंदू परिषद दक्षिणपुरी प्रखंड, सिमरन कनौजिया सोशल मीडिया संयोजिका दक्षिणपुरी प्रखंड, से राकेश खेरालिया, महेंद्र शर्मा संयोजक बजरंग दल दक्षिणपुरी प्रखंड, सौरव बाल्मिक सहसंयोजक दक्षिणपुरी प्रखंड बजरंग दल, रमेश खंडेलवाल, रविंद्र कुमार, महेंद्र दुदरिया, के अलावा भारी संख्या में अनेक लोग उपस्थित रहें।

# भाजपा की वॉशिंग मशीन में धुलते ही प्रफुल्ल पटेल हुए बेदाग:आप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




भारतीय जनता पार्टी की वॉशिंग मशीन में धुलकर एयरक्रॉफ्ट लीज घोटाले में घिरे पूर्व केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री प्रफुल्ल पटेल भी अब साफ-सुथरे और बेदाम हो गए हैं। अभी जुलाई 2023 में ही प्रफुल्ल पटेल, अजीत पवार गुट के साथ एनसीपी से अलग होकर भाजपा से गठबंधन कर महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए हैं और 8 महीने बाद ही मार्च 2024 में भाजपा की सीबीआई ने कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर सारा केस बंद कर दिया। आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने बताया कि यह मामला 2006-7 का है। उस दौरान प्रफुल्ल पटेल केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री थे। उसी वक्त एयर इंडिया- इंडियन एयरलाइंस का विलय हुआ और बिना प्लॉनिंग के 15 एयर क्रॉफ्ट लीज पर लिए गए। इन एयर क्रॉफ्ट को संचालित करने के लिए पायलट तक हायर नहीं किए और पांच साल तक रखे रह गए। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फैसले से सरकारी खजाने को 840 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। मनी लॉड्रिंग के तहत इस मामले की ईडी-सीबीआई ने जांच शुरू की, लेकिन अब भाजपा में शामिल होते ही प्रफुल्ल पटेल के सारे केस बंद कर दिए गए।

पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि पिछले 10 सालों में देश की जनता ने देखा है कि किस तरह से बीजेपी ने दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे असरदार वॉशिंग मशीन का अविष्कार किया है। भाजपा की यह एक राजनीतिक वॉशिंग मशीन है, जिसमें बड़ी-बड़ी कंपनियों के मालिक और शरत चंद्र रेड्डी जैसे शराब कारोबारी को डालने के बाद जब वो बाहर आते हैं तो झूठे बयान और भाजपा को चुनावी चंदा देते हैं। ईडी और सीबीआई की जांच के बाद शरत चंद्र रेड्डी से 55 करोड़ रुपए लिए जाते हैं। साथ ही देश के तमाम कलंकित व भ्रष्टाचार में घिरे नेता, जिनके ऊपर गंभीर आरोप लगे हैं, जिनकी जमीनें सीज कर दी गई हैं और आतंकवाद से जुड़े मुकदमें तक चल रहे हैं, बीजेपी ईडी-सीबीआई की जांच रोककर इनको अपनी पार्टी में ले आती है और फिर वॉशिंग मशीन में धोकर इन्हें क्लीन चिट दे देती है।

जस्मीन शाह ने कहा कि गुरुवार को जानकारी सामने आई कि एनसीपी (नेशनल कांग्रेस पार्टी) के वरिष्ठ नेता प्रफुल पटेल, जो यूपीए की सरकार में केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री रह चुके है, उन्हें सीबीआई ने क्लीन चिट दे दी है। यह बहुत बड़ी बात है। एक ऐसा व्यक्ति जिसके ऊपर ईडी और सीबीआई के कई केस चल रहे थे, उसे एक केस में प्रधानमंत्री मोदी की सीबीआई ने क्लीन चिट दे दी है। मतलब अब प्रफुल्ल पटेल पर लगा केस खत्म हो गया है।

जस्मीन शाह ने बताया कि साल 2006 से 2007 के दौरान जब प्रफुल पटेल केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री थे, तब एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस का विलय हुआ था। इस विलय के समय दोनों एयरलाइंस के पास बहुत कम यात्री थे और इनकी लगभग सारी फ्लाइट्स खाली जा रही थीं। उस समय केंद्रीय नागरिक विमनन मंत्रालय ने फैसला लिया कि एयर इंडिया देश-विदेश की कंपनियों से 15 एयर क्राफ्ट लीज पर लेगी और उसको चलाएगी। लेकिन उन 15 एयर क्राफ्ट को बिना किसी ठोस प्लानिंग के खरीदा गया और एक ऐसा टर्म अग्रीमेंट बनाया गया जिसमें इन्हें टमीर्नेट ही नहीं किया जा सकता था। साथ ही इसे कहां चलाया जाएगा, पायलट और क्रू मेम्बर आदि कुछ भी तय नहीं हुए। ये सभी एयर क्राफ्ट 5 साल तक एयर इंडिया के बेड़े में खड़े रहे।

उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई की एफआईआर और सीएजी की रिपोर्ट में साफ खुलासा किया गया है कि इन 15 एयर क्रॉफ्ट को बिना किसी प्लानिंग के खरीदा गया। जबकि इनके पास पहले से ही पैसेंजर्स कम थे। जब मौजूदा फ्लीट में ही पैसेंजर्स नहीं जा रहे हैं, तो 15 एयर क्रॉफ्ट में पैसेंजर्स कहां से जाएंगे। इसके लिए किसी पायलट को भी हायर नहीं किया गया। इन्हें खरीदकर बस एक गैराज में खड़ा कर दिया गया। इससे सरकारी तिजोरी को करीब 840 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इन एयर क्रॉफ्ट को लीज पर लेने के लिए जनता के पैसों को कुछ चंद प्राइवेट कंपनियों के ऊपर लुटाया गया है। जस्मीन शाह ने बताया कि इस मामले में यह बात भी निकलकर आई कि इन्होंने 15 एयर क्रॉफ्ट लीज पर तो लिए, लेकिन साथ ही कुछ एयर क्रॉफ्ट खरीदने की भी योजना बना ली थी। एक ऐसे समय में जब एयर क्रॉफ्ट खाली जा रहे हैं, ऐसे में इन्होंने 15 एयर क्रॉफ्ट लीज पर ले लिए। साथ ही नए एयर क्रॉफ्ट खरीदने के ऑर्डर भी दे दिए। देश की जनता अच्छे से जानती है कि एयर इंडिया का बेड़ा गर्क करने में सरकार और सरकार के ऐसे मंत्री शामिल हैं, जिन्होंने बिना किसी प्लानिंग के एयर क्रॉफ्ट लीज पर लेने में उनका सबसे बड़ा हाथ है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, शनिवार,30 मार्च, 2024

## अरविंद केजरीवाल ने तानाशाही ताकतों को ललकारा : सुनीता केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके पति के रोम रोम में देशभक्ति है और उन्होंने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है। श्रीमती सुनीता केजरीवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि गुरुवार को श्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। पूरे देश ने सुना। अगर किसी ने अरविंद केजरीवाल के कोर्ट में रखा गया पक्ष नहीं सुना है तो वो जरूर सुनें। उन्होंने कोर्ट के सामने जो कुछ बोला, उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। अरविंद केजरीवाल सच्चे देशभक्त हैं। बिल्कुल ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी भी अंग्रेजों की तानाशाही से लड़ते थे। उन्होंने कहा कि श्री अरविंद केजरीवाल की देशभक्ति उनके रोम-रोम में बसी हुई है। श्री अरविंद केजरीवाल ने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है। उन्होंने दिल्लीवालों से कहा कि आपने श्री अरविंद केजरीवाल को अपना भाई-अपना बेटा कहा है। क्या इस लड़ाई में आप अपने भाई-अपने बेटे का साथ नहीं देंगे। हमें पूरा विश्वास है कि हम सब साथ मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे। श्रीमती सुनीता केजरीवाल ने दो वाट्सएप नंबर 8297324624 और 9700297002 जारी किया। उन्होंने कहा कि आज से हम एक अभियान शुरू कर रहे हैं। इस अभियान का नाम ह्यकेजरीवाल को आशीर्वादह्न है। इस वाट्सएप नंबर पर श्री अरविंद केजरीवाल को आप अपना आशीर्वाद, शुभकामनाएं, दुआएं व प्रार्थना भेज सकते हैं। अगर कोई और भी संदेश देना चाहें तो वो भी दे सकते हैं। दिल्ली में कई माताओं ने तो अपने बेटे के लिए मन्नत मांगी है। कई बहनों ने भी अपने भाई के लिए मन्नत मांगी है। वह भी दिए गए वाट्सएप नंबर पर लिखकर अपना संदेश भेजें। उन्होंने कहा कि आपको संदेश भेजने के लिए आप का सदस्य होने की जरूरत नहीं है। आप किसी भी पार्टी से हों या नहीं हों, आप श्री अरविंद केजरीवाल को संदेश जरूर भेजें। सभी युवा, महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे, अमीर-गरीब सब लोग अपने भाई-अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को कुछ न कुछ लिखकर जरूर भेजें।

## विपक्ष को खत्म करने का प्रयास कर रहें हैं मोदी : हरिकिशन जिंदल



लोकतंत्र बचाने के लिए हो रही है रैली

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की विशाल महारैली देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए आयोजित की जा रही है, जी हां ऐसा कहना है आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हरी किशन जिंदल का। इंडिया गठबंधन की होने वाली महारैली पर बात करते हुए हरी किशन जिंदल ने कहा की यह रैली भारत देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए आयोजित की जा रही है। हरी किशन जिंदल ने कहा की आज देश में भाजपा और नरेंद्र मोदी के द्वारा शासित केंद्र सरकार जो कर रही है वह किसी तानाशाही से कम नहीं है, केंद्र सरकार के द्वारा विपक्ष को खत्म करने की कोशिश की जा रही है, जब केंद्र सरकार चाहती है तब विपक्ष के किसी भी नेता को ईडी के हाथों गिरफ्तार करवा देती है, जब चाहे विपक्ष के किसी नेता के घर पर छापा पड़वा देती है तो इसलिए यह सभी हरकतें विपक्ष को कमजोर तो बहुत दूर की बात है खत्म करने के लिए की जा रही हैं और जब विपक्ष ही नहीं रहेगा तो केंद्र सरकार की गलत नीतियों का विरोध कौन करेगा? इस तरह तो एक दिन देश में तानाशाही सरकार बन ही जायेगी। रैली की तैयारियों पर बात करते हुए हरी किशन जिंदल ने बताया की दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के द्वारा अलग अलग कमेटी बना दी गई है, सभी को अलग अलग जिम्मेदारियां दे दी गई है, कांग्रेस पार्टी की तरफ से 600 बसें रामलीला मैदान जायेंगी। हर स्तर पर चाहे जिला स्तर पर हो, ब्लॉक स्तर पर हो, विधायक हो सभी को बसें दी गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनता रामलीला मैदान पहुंचे। ईडी के द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बात करते हुए हरी किशन जिंदल ने कहा की क्या ठीक लोकसभा चुनावों से पहले ही ईडी को याद आया की आबकारी नीति के नाम पर किए गए घोटाले में अरविंद केजरीवाल भी शामिल है या फिर ईडी अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार ही तब करना चाहती थी जब लोकसभा चुनावों को बिगुल बज चुका हो? ताकि वह अरविंद केजरीवाल को प्रचार करने से रोक सके व इंडिया गठबंधन को कमजोर कर सके। हरी किशन जिंदल ने आगे कहा की भाजपा की इन्हीं लोकतांत्रिक विरोधी हरकतों के खिलाफ इंडिया गठबंधन रामलीला मैदान में विशाल महा रैली कर रहा है और मैं दिल्ली की जनता से यह अपील करता हूं की ज्यादा से ज्यादा संख्या में रामलीला मैदान पहुंचे और भाजपा शासित केंद्र सरकार को इस बात का सबूत दे की हम सभी तानाशाही सरकार के खिलाफ है और इंडिया के साथ है।

## पूरे देश के सामने बेनकाब हुआ केजरीवाल का चेहरा : विनोद जायस

- विनोद जायस कहते हैं आबकारी नीति में अभी तक अरविंद केजरीवाल के जो मंत्री अंदर थे वो तो महज प्यादे थे
- जनता के सामने सब कुछ है की किस तरह से एक ही राजनीतिक पार्टी के इतने मंत्री जेल में जा रहे हैं



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली की एक कोर्ट द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का रिमांड अवधि फिर से बढ़ा दी गई है। क्योंकि अरविन्द केजरीवाल जांच एजेंसी को लगातार गुमराह कर रहे है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी उत्तर पूर्वी जिले के उपाध्यक्ष ठाकुर विनोद जायस का। विनोद जायस का कहना है आबकारी घोटाले में अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी ने उनकी पोल खोल दी है। जो अपने मंत्रियों को कट्टर ईमानदार होने का सर्टिफिकेट दिया करते खुद भ्रस्टाचार के आरोप में पकड़े गए हैं। विनोद जायस कहते हैं आबकारी नीति में अभी तक अरविंद केजरीवाल के जो मंत्री अंदर थे वो तो महज प्यादे थे उनके मुखिया तो अभी तक ईडी की आंखों में धूल झोंक रहे थे लेकिन झूठ ज्यादा देर तक छुप नहीं सकता। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के साथ आबकारी नीति के नाम पर जो सबसे बड़ा घोटाला किया है उसका परिणाम तो अरविंद केजरीवाल को भुगतना ही था। यह सत्य सभी के सामने आ गया है की खुद को आम बताते बताते अरविंद केजरीवाल बहुत ज्यादा खास हो गए थे, सत्ता का लालच अरविंद केजरीवाल के मन में आ गया था जिस वजह से अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को नीति के नाम पर ठग के करोड़ों रुपयों का घोटाला कर दिया। जनता के सामने सब कुछ है की किस तरह से एक ही राजनीतिक पार्टी के इतने मंत्री जेल में जा रहे हैं और उन्हें देश के सर्वोच्च न्यायालय से भी जमानत नहीं मिल रही जो यह साफ दशार्ता है की अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी किस हद तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।

## चांदनी चौक से ई रिक्शा में हुई लाखों की चोरी

- लाल किला पुलिस ने सीसीटीवी से किया खुलासा
- गुजराती गैंग की महिला सहित तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



कोतवाली थाना के लाल किला चौकी की पुलिस टीम ने गुजराती गैंग का पदार्फाश किया है। एक महिला सहित गैंग के तीन मेंबर को गिरफ्तार पकड़ा है। इस मामले में पुलिस के द्वारा गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पूजा, रोहित और अक्षय के रूप में हुई है। इनके पास से 2 लाख कैश, छह मोबाइल, गोल्ड ज्वेलरी काटने वाला कटर भी बरामद किया गया है।

डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि यह गैंग भोले भाले बिजनेसमैन या कलेक्शन एजेंट को टारगेट करते थे। जो एक जगह से दूसरी जाने के दौरान कैश ले जाते थे। यह टारगेट की तलाश करके फिर मोटी रकम चुरा लेते थे। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद ली साथ ही 150 सौ से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। तब जाकर इनके बारे में पुलिस को पता चला।

6 मार्च को एक शिकायत पुलिस को मिली थी। जिसमें एक शख्स ने बताया कि वह चांदनी चौक काम से आया था। यहां पर पांच लाख उसने कैश रिसीव किया। अमाउंट लेकर ई रिक्शा से जाने लगा उस दौरान सुरक्षा पर तीन महिलाएं और एक जेंट्स मौजूद थे। रास्ते में मौका देखकर उन लोगों ने बैग से कैश चोरी कर लिया। एसएचओ जतन सिंह, सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह की टीम ने छानबीन शुरू की। सीसीटीवी से पता चला जिस ई रिक्शा में वारदात हुई। उसपर नंबर प्लेट नहीं था। पुलिस टीम ने ई रिक्शा के ड्राइवर का फोटो सीसीटीवी से निकाला और उसे पुलिस की रिकॉर्ड में से मिलान किया तो ड्राइवर की पहचान श्याम के रूप में हो गई। जो पश्चिम विहार में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार हुआ था। उसके साथी की पहचान भी सीसीटीवी फुटेज से ली गई फोटो से हो गई। इसके बाद पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से एक-एक करके इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## तिलक नगर में रफ्तार का कहर

- इको स्पोर्ट गाड़ी ने बाइक सवार को मारी टक्कर
- घसीटता हुआ काफी दूर तक ले गया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

पश्चिमी जिला के तिलक नगर में बीती रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक इको स्पोर्ट गाड़ी ने एक बाइक में टक्कर मारी और काफी दूर तक बाइक को घसीटता हुआ ले गया। यही नहीं बाइक इको स्पोर्ट गाड़ी में घुस गई और उसके बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर तिलकनगर एसएचओ विनीत कुमार भी पहुंचे। क्राइम टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। घायलों को दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। जो कार ड्राइवर है, उसको पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

बताया जा रहा है की कार में दो युवक सवार थे और कार की रफ्तार बहुत तेज थी। यह हादसा तिलक नगर थाने से चंद कदमों की दूरी पर हुआ है। जब तेज रफ्तार इको स्पोर्ट कार ने बाइक में पीछे से अचानक टक्कर मार दी। लोगों से मिली जानकारी के अनुसार आगे आगे एक महिला स्कूटी से जा रही थी, जो बाल बाल बच गई। लोगो का कहना है की कार चालक बाइक को घसीटता हुआ लेकर आया और उसके बाद बाइक पूरी तरह से गाड़ी के अंदर घुस गई।

बाइक सवार घायलों को दीनदयाल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है । पुलिस कार चलाने वाले की जांच कर रही है, कहीं यह शराब के नशे में तो नहीं थे। पुलिस हर एंगल से जांच करने में जुटी हुई है। पुलिस ने कार चालक युवकों का मैडिकल भी कराया है। हालाकि पुलिस की तरफ से अभी इसको लेकर पुष्टि नहीं हुई है।

## बार में बर्थ डे पार्टी के दौरान आधी रात सनसनीखेज हत्या

- आरोपी बार का बाउंसर क्राइम ब्रांच की गिरफत में
- मृतक युवक बर्थ डे पार्टी सेलिब्रेट करने आया था उस रात
- बाढ़ में काम करने वाली लड़की से शुरू हुआ था झगड़ा



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी थाना इलाके में एक महीने पहले हुई एक बैंक के इंप्लॉई की हत्या के एक मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान अमन के रूप में हुई है। डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में इंस्पेक्टर संजय कौशिक की टीम ने इसे टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाकर गिरफ्तार किया है। मंगोलपुरी इलाके में रहने वाले प्राइवेट बैंक के एंप्लॉय की 21 फरवरी को हत्या की गई थी। उस मामले में मंगोलपुरी थाना में एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की गई थी। हत्या की यह सनसनीखेज वारदात यारा दा अड्डा रेस्टोरेंट बार में देर रात हुई थी।

जब वहां पर बर्थडे पार्टी का सेलिब्रेशन हो रहा था। जिस युवक की हत्या हुई थी उसकी पहचान जतिन शर्मा के रूप में हुई थी। वह बुध विहार का रहने वाला था। उस मामले में जतिन के दो दोस्त भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। हत्या के उस मामले में पुलिस को अमन की तलाश थी और आखिरकार इसे क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया। यह पहले पहाड़गंज के एक बार में काम करता था और उसके बाद वह इसी बार में बाउंसर के रूप में काम करने लगा। जहां पर बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था।

पूछताछ में इसने पुलिस को बताया कि जब जतिन अपने दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेशन करने आया तो केक कटिंग के बाद किसी बात को लेकर जतिन का बार में काम करने वाली दूसरी लड़की से झगड़ा हो गया और उसके बाद फिर वहां झगड़ा शुरू हो गया था। और फिर मारपीट होने लगी, जिसमें फिर जतिन और उसके दोस्तों पर जानलेवा हमला हुआ। जिसमें जतिन की मौत हो गई और उसके दो दोस्त बुरी तरह घायल हो गए थे।

## स्कूटी से निकले, रास्ते में मोबाइल लूट लिए

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



द्वारका जिला के एंटी बरगलरी सेल की पुलिस टीम ने दो मोबाइल लुटेरे को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटा गया दो मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान हर्ष उर्फ रवि और उसके साथी हन्नी के रूप में हुई है। यह दोनों चेतन विहार और नगली डेयरी नजफगढ़ के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी से नजफगढ़ और बिंदापुर थाना के दो मामलों का खुलासा किया गया है। डीपी अंकित सिंह ने बताया कि नजफगढ़ थाना इलाके में 7 मार्च को मोबाइल लूट की वारदात हुई थी। जब नगली विहार एक्सटेंशन का रहने वाला एक शख्स जा रहा था बापरोला की तरफ से।

इस दौरान स्कूटी से बाहर तीन बदमाश उसके पास पहुंचे और उसका मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज से जांच करती हुई इंस्पेक्टर विवेक मंडोला की टीम इन दोनों आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई। फिर छापा मारकर इन दोनों को पकड़ा और लूटे गए मोबाइल और स्कूटी को बरामद किया गया।

## उत्तम नगर से चोरी की बाईक नजफगढ़ में मिली

संवादाता

द्वारका जिला के जेल बेल सेल की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मनीष उर्फ शंकर के रूप में हुई है। यह नजफगढ़ इलाके का रहने वाला है। इसके पास से उत्तम नगर थाना इलाके से चुराई गई मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि 30 जनवरी को मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। जिस मामले में उत्तम नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुआ था। इस मामले में आरोपी का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए जेल बेल की टीम को लगाया गया था। पुलिस टीम ने छानबीन के दौरान इस आरोपी के बारे में पता लगाया और फिर इंस्पेक्टर मनजीत, एएसआई विनोद की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता लगाते हुए आरोपी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार करके उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया। जो उसने गोपालनगर के एक गली में छुपाकर रखा हुआ था। आगे की जब पूछताछ हुई तो पता चला कि यह पहले भी लूट, स्नैचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट के चार मामलों में शामिल रहा है।

## अपने में जानदार है कंचन मेहरा की पेंटिंग प्रदर्शनी

नई दिल्ली। एक औरत में माँ, बेटी, बहन, पत्नी और प्रेमिका के विभिन्न रूप होते है और इन रिश्तो से अलग उसकी अपनी पहचान होती है जो उसको समाज के सामने खड़ा करना सिखाती है इन्ही रूपों को कंचन मेहरा ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से उकेरने की कोशिश की है, कंचन मेहरा के साथ और कई महिलाओं ने स्त्री के विभिन्न रूप को पेंटिंग के जरिये दिखाने की कोशिश की है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कंचन मेहरा व दिलीप शर्मा ने सेंटर फॉर आर्ट की तरफ से अल्फाक्स आर्ट गैलरी में 60 महिलाओं ने मिलकर की पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गई जिसमें चीफ गेस्ट एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन यूनिवर्सिटी के चांसलर संदीप मारवाह, सेक्रेटरी मिनिस्ट्री ऑफ मिनोरिटी श्रीनिवास कटिकिथला कअर, ब्रिगेडियर संजीव मेहरा उपस्थित हुए। अवसर पर स्पेशल गैस्ट के रूप में सुनील पाराशर व डॉ प्रशांत मालिक को सम्मानित किया गया.मार्केटिंग हेड भावना ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। ये प्रदर्शनी विमला आर्ट फोरम के सौजन्य से की गई जो की एक शाखा है जहाँ आप न केवल सीखते हैं बल्कि अपने काम का प्रदर्शन भी करते हैं। यहां छात्र कला की विभिन्न तकनीक सीख सकते हैं।

## दस साल में बेरोजगारी नें तोड़ डाले सारे रिकार्ड : अरुण तोमर

- सरकारी विभागों में पड़े है लाखो पद खाली

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



मोदी सरकार द्वारा हर साल दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा तार-तार हो गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम भाजपा नेता दावा करते हैं देश में बेरोजगारी लगातार कम हो रही है। लेकिन आंकड़े बताते है देश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। यह कहना है आम आदमी पार्टी घोंडा विधानसभा के सन्गठन मंत्री अरुण तोमर का। अरुण तोमर कहते है अमृतकाल में बेरोजगारी ने 45 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। ताजा आंकड़े के मुताबिक, आज देश में युवा बेरोजगारी दर (20-24 साल) 44.49 फीसदी का खतरनाक स्तर पार कर चुकी है। साल 2022 में भारत में युवा बेरोजगारी दर बढ़कर 23.22 फीसदी हो गई, जो कि पड़ोसी देशों पाकिस्तान (11.3 फीसदी), बांग्लादेश (12.9 फीसदी) और भूटान (14.4 फीसदी) से भी अधिक है। अरुण तोमर कहते हैं रेलवे से लेकर सेना तक देश के सरकारी विभागों में लगभग 30 लाख से अधिक पद खाली हैं। 2014 से 2022 तक 22 करोड़ से अधिक युवाओं ने नौकरी का फार्म भरा, मगर नौकरी मिली सिर्फ और सिर्फ 22 लाख लोगों को। 2014 के बाद इन खाली पदों पर समय से भर्तियां नहीं हो रही, समय पर परीक्षाएं नहीं होती। परीक्षा के नाम पर केवल पेपर लीक होता है। अरुण तोमर कहते हैं कमरतोड़ महंगाई से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। रेल यात्रा महंगी, तन ढंकने का कपड़ा महंगा, बच्चों का दूध महंगा, रोटी का आटा महंगा, दाल-नमक महंगा, साबुन-तेल मंहगा, टूथपेस्ट और बिस्कुट महँगा, शक्कर और चायपत्ती महंगी। किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं, मांग करने पर लाठीचार्ज और आंसूगैस के गोले मिल रहे हैं। भाजपा के नेता भले मोदी-मोदी कर रहे हैं, मगर हमको-आपको सचेत होने की जरूरत है, क्योंकि भाजपा नेताओं का तो फायदा हो रहा है, हमको-आपको जिल्लत, गरीबी के अलावा क्या मिल रहा है।

## दिल्ली में सातों सीटों पर एक बड़ी जीत दर्ज करेगी भाजपा : सुरेश महोबिया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

धोबी समाज जन जागरूकता मंच के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के नेता सुरेश महावीर ने कहा कि दिल्ली में इस बार रिकॉर्ड वोटो से सातों लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी जीतने जा रही है। आप कांग्रेस गठबंधन का पता भी नहीं होगा कि वह कहां गए कहां नहीं। श्री महोबिया ने कहा की दिल्ली में इस समय भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में एक लहर चल रही है जिसमें हर व्यक्ति यही चाहता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी सीट पर विराजमान रहते हुए देश को और ज्यादा उन्नति के पद पर ले जाएं जिससे विश्व में जो भारत का डंका बज रहा है वह लगातार बजता रहे। श्री महोबिया ने कहा की दिल्ली के हर घर में भाजपा है और 25 मैं को दिल्ली की जनता एक नया इतिहास बनाने जा रही है इस दिन इतना ज्यादा मतदान होगा कि शायद दिल्ली के इतिहास में हुआ हो यह मतदान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के पक्ष में होगा जिससे आज देश का हर नागरिक खुश है।

## गीता कॉलोनी में लगा मुफ्त जांच शिवर

- कई प्रकार की जांच और दवाइयां दी गई मुफ्त

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

सदैव साथ फाउन्डेशन एवं गोयल हॉस्पिटल यूरोलॉजी सेंटर (कृष्णा नगर) द्वारा मुफ्त चिकित्सा एवं गर्भावस्था पूर्व शिविर का आयोजन का किया गया। शिविर में निःशुल्क सुविधाएं और फ्री परामर्श दिया गया साथ ही गुर्दा रोग, जनरल फीजिशियन, मूत्र रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञ भी मौके पर मौजूद रहे। इस मौके पर सैकड़ो लोगों ने पहुँच कर लाभ उठाया। आपको बता दे कि जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। इसके अलावा की पूरी जांच भी मुफ्त में हुई। इस मौके पर राजेश साहनी, (आरडब्लूए 16 ब्लॉक अध्यक्ष), सुरेंद्र (आरडब्लूए 18 ब्लॉक अध्यक्ष), अनिल अरोड़ा, (अनारकली वार्ड मंडल अध्यक्ष) रविंद्र तोमर, संजय शर्मा, यश गुलाटी के साथ कई लोग उपस्थित रहे।



डॉ निरूपमा गोयल, डॉ अनिल चतुर्वेदी, डॉ विवेक, पीयूष जैन ने कैंप में फ्री चेककैंप किया और इस अवसर पर डॉ अनिल गोयल ने कहा कि स्वास्थ समाज ही समर्थ भारत की निशानी है। इसी उदेश्य से समय समय पर इस तरह के कैंप का आयोजन करते रहते है।

## लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया की महारैली में उमड़ेगा जन सैलाब

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

रामलीला मैदान में 31 मार्च को हो रही ह्यइंडियाह्न की महारैली में भारी जन सैलाब उमड़ेगा। इसके लिए आम आदमी पार्टी ने लोगों में निमंत्रण पत्र बांटना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को दिल्ली के प्रदेश संयोजक गोपाल राय कार्यकताओं के साथ करोल बाग के रेगरपुरा पहुंचे और घर-घर जाकर लोगों से महारैली में आने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि ह्नआपह्न के मंत्री, विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को न्यौता दे रहे हैं। इस महारैली में इंडिया गठबंधन के बड़े-बड़े नेता जुटेंगे और केंद्र सरकार की तानाशाही व विपक्षी दलों के नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ जनता के साथ आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जनता में भारी आक्रोश है। लोग देख रहे हैं कि कैसे सारे भ्रष्टाचारी बीजेपी में शामिल होकर बेदाग हो जा रहे हैं और ईमानदारी से दिल्लीवालों के लिए काम करने वाले सीएम केजरीवाल को जेल में डाल दिया गया है। दिल्ली की जनता अब इस तानाशाही को बर्दाश्त नहीं करेगी।आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को 31 मार्च को होने वाली इंडिया गठबंधन की महारैली को लेकर करोल बाग के रेगरपुरा में डोर टू डोर कैंपेन कर लोगों को निमंत्रण पत्र बांटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री को जिस दिन से केंद्र की बीजेपी सरकार और प्रधानमंत्री ने गिरफ्तार कराया है, उस दिन से लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों में इस बात को लेकर भारी गुस्सा है कि आखिर एक चुने हुए मुख्यमंत्री को क्यों गिरफ्तार किया गया? उन्होंने कहा कि एक तरफ सारे भ्रष्टाचारी बीजेपी में शामिल हो रहे हैं और दूसरी तरफ ईमानदारी से दिल्ली के लिए काम करने वाले मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया। गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में इस बात का खुलासा किया था कि जिस सरकारी गवाह के आरोपों के आधार पर उनको जेल में डाला गया है, उसी से बीजेपी ने 60 करोड़ रुपए लेकर उसको जमानत दे दिया। इसलिए आज लोगों में भारी आक्रोश है और इस तानाशाही के खिलाफ पूरी दिल्ली 31 मार्च को सुबह 10 बजे रामलीला मैदान में इकट्ठा होने जा रही है। इस महारैली में शामिल होने के लिए आज हम घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र बांट रहे हैं और लोगों से निवेदन कर रहे हैं कि रामलीला मैदान में आएं और शांतिपूर्वक तरीके से लोकतांत्रिक व तानाशाही के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें।गोपाल राय ने कहा कि महारैली में इंडिया गठबंधन के सभी प्रमुख नेता नजर आएंगे। यह रैली अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ और देश के लोकतंत्र को बचाने को लेकर है। क्योंकि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है और लोकतंत्र की ये हत्या तानाशाही तरीके से की जा रही है। दिल्ली में यह तानाशाही इतनी बढ़ गई कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया। इसलिए महारैली में सभी लोग इन्हीं बातों पर अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। जिस तरह से तानाशाही हो रही है, लोकतंत्र की हत्या हो रही है और विपक्ष के चुने हुए मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया जा रहा है, वो गलत है और इसके खिलाफ महौरली में आवाज उठाई जाएगी। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि बीजेपी को इस महारैली के खिलाफ आवाज उठाने का कोई हक नहीं है। जिस पार्टी ने जमानत देने के लिए सरेआम 60 करोड़ रूपए की चंदा वसूली कर रिश्वत ली हो, उस पार्टी को इस महारैली के खिलाफ बोलने का कोई हक नहीं है। बीजेपी जिन लोगों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाती है, उन लोगों को अपनी पार्टी में शामिल करके सांसद, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री बना देती है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी ने बीजेपी के भ्रष्टाचार के खिलाफ झूठे अभियान की पोल खोलकर रख दी है। अब लोगों को यह साफ नजर आ रहा है कि अरविंद केजरीवाल को राजनैतिक षड्यंत्र के तहत गिरफ्तार किया गया है। पूरे देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। पूरे देश में तानाशाही स्थापित की जा रही है। देश अब इसे और अधिक बर्दाश्त नहीं करने वाला है। बीजेपी को यह बात 31 मार्च को पता चल जाएगी, जब पूरी दिल्ली रामलीला मैदान की तरफ बढ़ेगी। गौरतलब है कि बीजेपी शासित केंद्र सरकार की तानाशाही, लोकतंत्र को बचाने और विपक्ष के नेताओं को जिस तरह से साजिशन

## होली उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

- वहीं श्री ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली के अध्यक्ष व दिल्ली पंचायत संघ के सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा की अब समय ऐसा चल रहा है

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



पश्चिम विहार स्थित गोरी शंकर मंदिर में श्री ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली ने होली उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में परिवार सहित लोग शामिल हुए। सभी का कहना था की हमारे बच्चों को भारत के सनातन व सांस्कृति का ज्ञान रहे। इसलिए सभी उत्सव पर ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते रहें। वहीं श्री ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली के अध्यक्ष व दिल्ली पंचायत संघ के सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा की अब समय ऐसा चल रहा है की हम अपने धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपने बच्चों को लाने व खुद भी आने की रूचि नहीं रखते। जिसके चलते बच्चों को धार्मिक व सांस्कृतिक उत्सवो के बारे में जानकारी नहीं होती। घर पर ही सभी मोबाइल फोन पर व्यस्त रहते हैं। इस मौके पर सेवानिवृत्त सहायक पुलिस आयुक्त दिनेश शर्मा ने कहा की श्री ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली लगातार धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। सबसे बड़ी बात यह है की इन कार्यक्रमों में परिवार सहित लोग आ रहे हैं। ओर ये सराहनीय प्रयास है की अपने बच्चों को भारतीय सनातन परम्परा व भारतीय उत्सवो के बारे में अवगत करा रहे है। इस मौके पर महामन्त्री श्री ब्रह्मण सभा पश्चिमी दिल्ली संजय भारद्वाज, कोषाध्यक्ष भारत भारद्वाज उपाध्यक्ष अनिल गौतम, महावीर प्रसाद शर्मा, हरीश शर्मा, आशा शर्मा, निर्देश शर्मा, रमेश शर्मा, डीके शर्मा, अरविंदर शर्मा सहित सभी पदाधिकारी ओर गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तीन करोड़ की अवैध लॉटरी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, जमुई पुलिस को मिली बड़ी सफलता





प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई पुलिस स्वच्छ एवं भयमुक्त लोकसभा चुनाव 2024 के लिए निरंतर कर्तव्यबद्ध है। पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं निवारण एवं विधि-व्यवस्था संधारण की विभिन्न मौलिक एवं आधुनिक पद्धतियों द्वारा इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में, पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन को जमुई जिले में लॉटरी की एक अवैध बड़ी मात्रा के संबंध में गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस आसूचना पर प्रभावी कार्रवाई हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था। प्राप्त सूचना एवं इससे जुड़े तकनीकी सर्विलांस डेटा के आधार पर विशेष टीम द्वारा की गई छापामारी में 02 अपराधियों को अवैध लॉटरी की 09 कार्टूनों में एक विशाल खेप को बरामद किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति विकास कुमार उर्फ चंदू पिता राजकुमार केशरी ग्राम महराजगंज थाना जमुई का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है एवं वह 2019 व 2020 में दो बार पहले भी जेल जा चुका है। इसके साथ इस कांड में एक अन्य व्यक्ति बिट्टू रजक पिता किरो रजक ग्राम महराजगंज थाना जमुई को भी गिरफ्तार किया गया है। कुल बरामद अवैध लॉटरी का अंकित मूल्य 32,00,435 है। गिरफ्तार अभियुक्त से प्रारंभिक पूछताछ में इन लॉटरियों का बाजार में खुदरा मूल्य लगभग 3.2 करोड़ बताया गया है। आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के आलोक में लॉटरी की इस अवैध खेप की बरामदगी एक बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आसन्न लोकसभा चुनाव में इस अवैध लॉटरी की खेप के माध्यम से मतदाताओं को प्रलोभन एवं अनुचित साधनों के कुप्रयोग के बिंदु पर भी पुलिस द्वारा सुक्ष्म अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस को इन सभी बरामद लॉटरियों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के संबंध में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। पुलिस इन साक्ष्यों के आधार पर इन अवैध लॉटरियों और उनके स्त्रोत तथा आपूर्ति के बिंदुओं पर वृहद अनुसंधान कर रही है। जमुई पुलिस सभी नागरिकों से विधि-व्यवस्था संधारण में पुलिस को सहयोग करने की अपील करती है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर बिलकुल ध्यान न दें। किसी भी आपराधिक घटना की सूचना अविलंब जमुई पुलिस से साझा करें।

# संत जॉर्जिया स्कूल को मिली 12 वीं तक की मान्यता:प्राचार्या

प्रात : किरण, संवाददाता




हाजीपुर ।हाजीपुर की एकमात्र गर्ल्स स्कूल संत जॉर्जिया ने उच्चतम शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाते हुए 11 वीं और 12 वीं कक्षाओं के लिए मान्यता प्राप्त की है। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाति अहमद ने आज प्रेसवार्ता कर कहा की ह्लहमें गर्व है कि हमारे विद्यालय को अब 11 वीं और 12 वीं कक्षाओं के लिए सम्बधता प्राप्त हुई है। यह हमारे छात्राओं को उच्चत्तम शिक्षा के क्षेत्र में एक नया और उत्कृष्ट स्तर पर ले जाने का एक बड़ा कदम है । सेंट जॉर्जिया गर्ल्स स्कूल अब उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना योगदान देने के लिए तैयार है। सेंट जॉर्जिया का मिशन हमेशा से बेटियों के शैक्षिक और सामाजिक विकास को समर्पित रहा है। विद्यालय ने उच्चतम स्तर की शिक्षा में निष्ठा और समर्पण के साथ एक और मील का पत्थर रखा है ।सेंट जॉर्जिया का लक्ष्य है कि वह अपने छात्राओं को न केवल शिक्षा में विशेषज्ञता प्रदान करें बल्कि उन्हें जीवन में सफलता के लिए तैयार भी करें ।इस सम्बधता के तहत स्कूल में उत्कृष्ट शिक्षा, संरचनित कक्षा कार्यक्रम और शैक्षिक संसाधनों की व्यापक उपलब्धता की गारंटी दी है। विद्यालय अपने सभी विज्ञान प्रयोगशाला एवं बेहतरीन शिक्षकों के साथ जो की अलग अलग राज्यों से हैं उनके साथ अप्रैल से कक्षाएँ शुरू करने को तैयार है । छात्राओं का समग्र विकास ही विद्यालय का उद्देश्य रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, प्रबंध निर्देशक विकास सिंह उपाध्यक्ष अविनाश सिंह प्रबंध निदेशक सौरव सिंह एवं जग्गनाथ बाँकेलाल एजुकेशनल ट्रस्ट की संस्थापक ट्रस्टी अभिलाषा रानी उपस्थित थे ।

# नगर परिषद की इस कुव्यवस्था का खामियाजा आम जनता भुगत रही है



प्रात : किरण, संवाददाता

लालगंज। नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों विकास की जगह गंदगी की नदियां बह रही है। ये नदी किसी एक वार्ड में नहीं बल्कि कई वार्डों में बह रही है जो नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि के विकास के दावों की हकीकत बयां कर रही है। नगर परिषद की इस कुव्यवस्था का खामियाजा यहां की आम जनता भुगत रही है। दरसल लालगंज रेपुरा से प्रखंड कार्यालय जाने वाली सड़क की हो या लालगंज बाजार के वार्ड संख्या 6, नौ और 15 की। ऐसे कई वार्डों में मुख्य सड़क पर सफाई के नाम पर लोगों को नरक में ढकेला जा रहा है। नालों की सफाई में लगे जेसीबी और सफाई कर्मचारी नाले से कचरा और मलबा को निकाल कर सड़क पर ही फैला दे रहे हैं। नाले से निकले कीड़े मकोड़े पूरे सड़क पर व किनारे के घरों में घुसने लग रहे है। इस मार्ग से पैदल चलना मुश्किल हो चुका है। गाड़ी वाले भी संभल कर जा रहे हैं। नगर परिषद की इस व्यवस्था से स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है। गांधी चौक से नुनु बाबू चौक जाने वाले मार्ग में स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कई माह से नाले का पानी सड़क पर उफना रहा है। आवागमन बाधित हो गया है बावजूद वार्ड पार्षद हो या नगर के कार्यपालक पदाधिकारी किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। हमलोगों को गंभीर बीमारी के संक्रमण का डर सता रहा है। ये सब इतना तब हो रहा है जब नगर परिषद की बैठक में करोड़ों रुपए का बजट सिर्फ सफाई के नाम बनाया जाता है। जिसका लाभ यहां की जनता को नहीं मिल पा रहा है। इसकी मुख्य वजह नगर क्षेत्र में बिना मानक के बनाए गए नाले हैं। ये ऐसे नाले हैं जिसकी निकासी वर्षों बीतने के बाद भी अब तक तय नहीं हो सकी है।

# रेलवे द्वारा अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेन का किया जाएगा परिचालन

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। होली के उपरांत यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार हैः- गाड़ी सं. 03239 राजगीर-आनंद विहार होली स्पेशल दिनांक 31 मार्च को राजगीर से 11 बजे प्रस्थान करेगी तथा पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 05.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । इस होली स्पेशल ट्रेन में 20 स्लीपर क्लास के कोच लगाए जाएंगे । गाड़ी सं. 04073 गया-आनंद विहार अनारक्षित सुपर फास्ट होली स्पेशल दिनांक 31 मार्च को गया से 14.15 बजे प्रस्थान करेगी तथा डेहरी, ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 05 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । गाड़ी सं. 04077 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित होली स्पेशल दिनांक 31 मार्च को दरभंगा से 15 बजे प्रस्थान करेगी तथा सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 12.35 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । गाड़ी सं. 03484 भागलपुर-नई दिल्ली होली स्पेशल दिनांक 30 मार्च को भागलपुर से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा 16.15 बजे पटना जं. रूकते हुए अगले दिन 07.10 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । गाड़ी सं. 03240 आनंद विहार-राजगीर होली स्पेशल दिनांक 01 अप्रैलको आनंद विहार से 08 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 03 बजे राजगीर पहुंचेगी ।

# शहीद प्रोफेसर अब्दुल बारी का 77 वीं शहादत दिवस मनाया

प्रात : किरण, संवाददाता




खगड़िया। फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के तत्वाधान में प्रोफेसर अब्दुल बारी का 77 वीं शहादत दिवस संपर्क कार्यालय खगड़िया में मनाया गया। इस अवसर पर शहीद प्रोफेसर अब्दुल बारी अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, शहीदों का विरासत बचाओ, देश बचाओ, नारों के बीच इनके तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर कोटि-कोटि नमन याद किया गया। अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि प्रोफेसर अब्दुल बारी सच्चे अर्थों में नेक दिल इंसान, सामाजिक चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी, स्वतंत्रता आंदोलन के नायक, साहसी क्रांतिकारी योद्धा, समाज सुधारक, प्राध्यापक, शिक्षाविद, विद्वान, विधान पार्षद, महान श्रमिक नेता थे। इनका जन्म भोजपुर जिले के शहाबादी कोयलवार में 21 जनवरी 1892 में हुआ था तथा 28 मार्च 1947 को खुसरूपुर स्टेशन के निकट गोली से शहादत हुई थी। वे आर्ट मास्टर डिग्री लेने के बाद बिहार विद्यापीठ , बीएन कॉलेज में प्राध्यापक बनें, तथा गांधी जी के असहयोग आंदोलन, खिलाफत आंदोलन में सक्रिय रहे। वे स्वराज पार्टी एवं इंडियन इंडिपेंडेंस लीग का सदस्य रहे। वे मजदूर आंदोलन के लोकप्रिय नेता की भूमिका निभाये। कार्यक्रम में मधुबाला, उमेश ठाकुर, कमल किशोर यादव, गुड्डू ठाकुर, कालेश्वर ठाकुर, चंद्रशेखर मंडल, दानवीर यादव, महेश्वर यादव, बृजनंदन महतो, दिनेश शाह, रामचंद्र यादव, पप्पू कुमार, लालमणि सदा, जितेंद्र कुमार आदि दर्जनों समाजसेवियों ने भाग लिया।

# विधि व्यवस्था को ले पुलिस ने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला



प्रात : किरण, संवाददाता

सहदेई बूजुर्ग - लोकसभा चुनाव को लेकर कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा पैदा करने के उद्देश्य से सहदेई बुजुर्ग थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला ।सहदेई बुजुर्ग थाना अध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में सशस्त्र बल के जवान शामिल हुए ।थाना क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों के बीच चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर विश्वास बहाली का संदेश दिया गया ।बताया गया कि लोकसभा चुनाव को भयमुक्त,शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन की ओर से कई प्रकार की तैयारी की जा रही है ।वहीं कमजोर वर्ग के मतदाताओं के बीच विश्वास बहाली के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।ताकि कमजोर वर्ग के मतदाता बिना डरे,बिना किसी के प्रभाव में आए भय मुक्त होकर निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया में शामिल हो सके ।फ्लैग मार्च दौरान लोगों को बताया गया कि किसी भी प्रकार से कानून का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी ।चुनाव को लेकर सहदेई बुजुर्ग थाना की पुलिस शराब के कारोबार पर भी विशेष नजर रख रही है ।पुलिस लगातार शराब करीबियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चला रही है ।फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को आचार संहिता का पालन करने का भी निर्देश दिया गया ।इस फ्लैग मार्च में पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार,कुसुम रानी,विजय कुमार राय,ध्रुव कुमार के अलावे एसएसबी के जवान शामिल रहे।

# मानव श्रृखला वोट फॉर वैशाली बनाकर मतदान करने हेतु लोगों से अपील

प्रात : किरण, संवाददाता




हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह -जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश के आलोक में स्वीप गतिविधि के अन्तर्गत मॉडल हाई स्कूल, सराय के छात्र/छात्राओं के द्वारा मानव श्रृखला ह्लवोट फॉर वैशालीह्व बनाकर मतदान करने हेतु लोगो से अपील की गयी। इसी क्रम में वैशाली विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत उप विकास आयुक्त सह एआरओ, वैशाली और राघोपुर विधानसभा क्षेत्र अंर्तगत अनुमंडल पधाधिकारी, हाजीपुर सह एआरओ राघोपुर के द्वारा विडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से सभी ५४'ल्ली१ुं'ी ंर्शे के निर्वाचको से मतदान के प्रति लोगो को जागरूक करने हेतु अपील की गयी। जिसमें इस कार्यक्रम में सम्मलित सभी निर्वाचकों ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु संकल्प लिया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, वैशाली के द्वारा ५४'ल्ली१ुं'ी ंर्शे२ में घूम-घूमकर लोगो को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील की गयी। इसके अतिरिक्त स्वीप आईकॉन श्री अभय कुमार के द्वारा बी0पी0एस0 कॉलेज, देसरी एवं देवचन्द्र कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को लोगो से मतदान में भाग लेने हेतु कार्यक्रम चलाने हेतु प्रेरित किया। इसके अलावा बुनियाद केन्द्र, ऑगनवाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदी एवं प्रखंड के कर्मियों के द्वारा प्रभातफेरी के माध्यम से लोगो को मतदान देने हेतु जागरूक कार्यक्रम चलाया गया

# घर-घर चलाया गया जागरूकता अभियान



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश पर आज मतदाता जागरूकता अभियान में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हाजीपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया । इस अभियान में अपर समाहर्ता श्री बिनोद कुमार सिंह ने गृह भ्रमण किया। गृह भ्रमण के दौरान हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर,विद्यालय के शिक्षकों, जीविका दिदियो एवं आम जनों से मुलाकात की । अपने जिले के पदाधिकारियों को अपने दरवाजे पर देखकर आम जनों में काफी उत्साह दिखा। अपर समाहर्ता द्वारा लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में आम जनों को बताया गया। उनसे अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। उपस्थित सभी आम जनों ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में जंदाहा प्रखंड के लोमा पंचायत में भी कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों के क्षेत्र में मतदाता जागरूकता का अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान अंतर्गत घर घर जाकर आम जनों से मुलाकात कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। आईसीडीएस के द्वारा सभी परियोजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले के भगवानपुर, जंदाहा ,राजापाकर, बिदुपुर, देसरी एवं हाजीपुर प्रखंड के सुल्तानपुर पंचायत के कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों के क्षेत्र अंतर्गत घर-घर जाकर मतदाताओं से बातचीत कर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित किया । सेविकाओं द्वारा रंगोली, स्लोगन, पेंटिंग एवं विभिन्न प्रकार के जागरूकता संबंधी पोस्टर के माध्यम से भी मतदाताओ से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान हेतु अपील की गई।

# लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। लोकसभा सभा चुनाव के दृष्टि से आज लोकसभा संसाधन प्रबंधन कमेटी के जिला संयोजक श्री बीके सिंह के साथ जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम सिंह कुशवाहा एवम अन्य लोगों के साथ अहम बैठक बी के सिंह की आवासा राजपूत कॉलोनी में हुए ।जिसमें चुनाव की दृष्टि से हर विधानसभा में संसाधन जुटाना एवं कार्यकताओं को संसाधन उपलब्ध कराना ताकि चुनाव में कार्यकताओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इस पर जिला संयोजक श्री बीके सिंह ने कहा कार्यकताओं को संसाधन का दिक्कत नहीं होगा ।जो भी हो सकेगा संसाधन का व्यवस्था कर एकताओं को एनडीए जीत ।ने के लिए लगना पड़ेगा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर प्रेम सिंह कुशवाहा ने कहा हम लोग का एक ही उद्देश्य है बिहार में 40 का 40 सीट जीतना हाजीपुर से एनडीए उम्मीदवार चिराग पासवान को एक-एक कार्यकर्ता भाजपा का जी जान से लगकर रिकॉर्ड मत से जिताना यही हम लोग का लक्ष्य है फिर विस्तार से एक बैठक कार्यकताओं की शीघ्र होगी। बैठक में जिला सहसंयोजक नवीन कुमार सिंह, ,जिला प्रवक्ता डॉ मनोज सिंह सहित अन्य थे।

## लूट ,छिनतई गिरोह के सात गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर महनार अनुमंडल इलाके में लूट और छिनतई की घटनाओं का अंजाम देने वाला -7 अपराधी गिरफ्तार। पिछले दिनों महनार और देसरी में हुए 4 लूट और छिनतई की घटना का हुआ सफल उदभेदन ।वैशाली एसपी ने प्रेसवार्ता कर मीडिया को दी जानकारी। वैशाली एसपी हर किशोर राय ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के पास से 2 देशी पिस्टल,10 जिंदा कारतूस,4 मैगजीन, 6 महंगा मोबाइल,और 3 वाइक भी बरमाद किया गया है। गिरफ्तार 7 अपराधी में 3 समस्तीपुर जिला का रहने वाला है।

# सतगामा के पास वाहन जांच के दौरान दंपति और पुलिस के बीच हुई नोकझोंक, पुलिस के खिलाफ आक्रोशित लोग करने लगे हंगामा




प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई- मलयपुर मुख्य मार्ग पर सतगामा के पास अगामी लोक सभा चुनाव को लेकर चेकपोस्ट बनाया गया है। यहां प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी वाहनों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पति-पत्नी सवार एक बोलेरो वाहन की तालाशी ली गई। इस दौरान वीडियो बनाने को लेकर दंपति और पुलिस कर्मियों के बीच नोकझोंक हो गई। और जमकर तूतू- मैंमैं होने लगी। इस दौरान पुलिस कर्मियों के द्वारा वीडियो बनाने को लेकर मोबाइल छीन लिया गया।।।फिर धीरे-धीरे स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और दंपति के पक्ष में लोगों का आक्रोश पुलिस के प्रति फूट पड़ा।

स्थानीय लोगों ने पुलिस के द्वारा दंपति के ऊपर थप्पड़ चलने को लेकर जमकर हंगामा करने लगे और पुलिस की रवैया व गलत व्यवहार पर सवाल खड़े करने लगे ।स्थानीय लोगों के आक्रोश को देख पुलिस प्रशासन बाद में शांत हुई। वहीं वाहन जांच के दौरान दंपति द्वारा अभद्र व्यवहार करने व मारपीट करने का आरोप पुलिस पर लगाया गया है। वाहन जांच के दौरान थैला वह बैग में रखें सारे सारा सामान को बिखरने वह गलत तरीके से वाहन जांच करने का आरोप पुलिस पर लगाया है। जबकि पुलिस ने इस आरोप को गलत बताते हुए सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने की बात कही है। हालांकि मामला ज्यादा तुल पकड़ता इससे पहले टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार भी चेक पोस्ट पर पहुंच गए और फॉरेन मामले को रफा दफा कर शांत कराया गया।

# मैथिली भाषा में बनी राजा सहलेस फिल्म का हुआ रिलीज आज



प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा मैथिली भाषा में बनी राजा सहलेस फिल्म का रिलीज आज दरभंगा रजनीश पैलेस में धूमधाम से किया गया इस फिल्म में मैथिली भाषा में बनी फिल्म को लेकर दर्शकों की भीड़ उमर पड़ी है इस फिल्म में राजा सलहेस और मालिन बहनों की जोड़ी बखुबो से दिखाया गया है। राजा सलहेस किस तरह एक भगवान बनते हैं, उनका बचपन किस माहौल में बिता और पहाड़ो और जंगलों के देवता शैलेश से सलहेस कैसे बने। सलहेस एक चक्रव्यूह में भी फसते हैं कैसे चंद्रावती उन्हें अपने जाल में फसाकर बदनाम करने की कोशिश करती है पर मालिन बहनों की चतुराई ने उन्हें दोषमुक्त किया। एक बहुत बड़ी बजट के साथ इसका निर्माण किया गया है। यह मैथिली फिल्म के इतिहास में पहली ऐसी फिल्म है जो बड़े पैमाने पर प्रदर्शित की गई। इसके मुख्य किरदार में प्रिय रंजन, दिब्या, प्रियंका, ममता शर्मा, नवीन चौधरी, विकाश कुमार, रोहित गुप्ता, संतोष अमन, मंगलानंद, प्रीति, प्रदीप।

# मानव जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान गायत्री मंत्र है: संदीप पांड

प्रात : किरण, संवाददाता



कुशेश्वरस्थान दरभंगा : मानव जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान गायत्री मंत्र है। आज भी मनुष्य श्रद्धापूर्वक गायत्री महामंत्र का जाप करें तो उनके जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान हो सकता है। उक्त बातें कुशेश्वरस्थान बाजार स्थित मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित चार दिवसीय 24 कुण्डली गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को टोली नायक संदीप पांडे ने अपने प्रवचन में कहीं। उन्होंने कहा कि मूल रूप से गायत्री मंत्र सद्बुद्धि का मंत्र है। आज सद्बुद्धि के अभाव में मानव जीवन में अनेक प्रकार के विकृतियां उत्पन्न हो गई है। इस लिए गायत्री हर एक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। गायत्री मंत्र के महत्व का उल्लेख करते हुए कथा वाचक श्री पाण्डे ने कहा कि गायत्री मंत्र 24 अक्षर को मिलकर बना है। कहा जाता है कि इन चौबीस अक्षरों में 24 अवतार,24 ऋषि,24 शक्तियां,24 सिद्धियां और 24 शक्ति बीज भी शामिल हैं। इस मंत्र की जाप से इन सभी शक्तियों का लाभ और सिद्धियों की प्राप्ति होती है। कहा कि यह मंत्र सभी मंत्रों से ज्यादा प्रभावशाली होता है। शास्त्रों में भी गायत्री मंत्र को बहुत शक्तिशाली बताया है। इसके जाप से मन एकाग्र और ज्ञान में वृद्धि होती है। इससे मानसिक शक्ति बढ़ती है और नकारात्मक शक्तियां जपकर्ता से दूर चली जाती है। कहा कि गायत्री मंत्र से मानसिक शांति मिलती है और जीवन में खुशियों का संचार होता है। यह मंत्र इश्वर तक पहुंचने तथा मन की शांति पाने के लिए सर्वश्रेष्ठ और सरल उपाय है। संगीतमय कथा में सहयोगी के भूमिका में शामिल सहायक टोली नायक बनवारी लाल सैनी,गायक प्रशांत कुमार,वादक भरत राठौड़ और संचालक धर्मेंद्र सोलंकी के बीच बीच में प्रसंग आधारित संगीतमय भजन कीर्तन की प्रस्तुति से पंडाल में उपस्थित श्रोताओं ने भक्ति रस में डूबे रहे। इससे पहले अपराह्न में देव आवाहन,हवन के अनुष्ठान से यज्ञ शुरू हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर हवन एवं गायत्री मंत्र का जाप किया ।इस अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें कुंवारी कन्या सहित अन्य लोगों ने भाग लेकर लाजीज व्यंजन एवं पूरी मिठाई का जमकर लुत्फ उठाया।

सम्पादकीय

# औसत भारत बेरोजगार है

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन का मानना है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती। जब बेरोजगारी की बात उठती है, तो समाधान की तुलना में अंदाजा लगाना आसान होता है। वह अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान की ह्यभारत रोजगार रपट 2024ह्न को पेश किए जाने के अवसर पर बोल रहे थे। यदि बेरोजगारी सरकार का कोई सरोकार नहीं है, तो देश के जीडीपी के आंकड़े और आर्थिक विकास दर कैसे तय की जाती है। क्या जीडीपी भारत के हवा-पानी का ही कोई संकलन है? जीडीपी देश के नागरिकों के रोजगार, उनके संसाधन और अंशदान के आधार पर ही आकार लेता है। बेशक हमारी अर्थव्यवस्था की विकास-दर निरंतर जारी है। फरवरी, 2024 में जो डाटा सामने आया है, उसके मुताबिक, जीडीपी की विकास-दर 2023-24 में 7.6 फीसदी रहेगी। यह पहले के अनुमान 7.3 फीसदी से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में यह आकलन किया गया है कि 2024-25 में विकास-दर 7 फीसदी रह सकती है। हमारी विकास-दर दुनिया के सभी बड़े देशों की तुलना में सर्वाधिक है, लिहाजा आम भारतीय का गदगद होना स्वाभाविक है। हालांकि औसत भारतीय आज तक इसका विश्लेषण नहीं कर पाया है कि विकास-दर से उसकी प्रत्यक्ष आय में कितनी बढ़ोतरी होती है। आर्थिक बढ़ोतरी के बावजूद चिंताएं श्रम बाजार, श्रम बल, उत्पादक रोजगार आदि को लेकर ज्यादा हैं। आईएलओ की रपट के मुताबिक, भारत देश के कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 54.2 फीसदी से बढ़कर 2022 में 65.7 फीसदी हो गई है। जो रोजगार बढ़ा है, उसके दो-तिहाई में स्वरोजगार वाले कामगार हैं। कृषि में भी बेरोजगारी बढ़ी है। मैन्यूफैक्चरिंग में भी रोजगार की हिस्सेदारी स्थिर रही है। संकेत चिंताजनक हैं, जिन पर गंभीर मंथन किया जाना चाहिए। आईएलओ रपट में भारत में कुल 83 फीसदी बेरोजगारी बताई गई है, तो यह क्या है? मुख्य आर्थिक सलाहकार जरा देश को समझाएं कि क्या 83 फीसदी देश बेरोजगार है? दरअसल भारत के विकास का केंद्रीय मुद्दा यह रहा है कि अधिक से अधिक नौकरियां पैदा की जाएं। बेशक यह अकेले सरकारी क्षेत्र में संभव नहीं है, लेकिन निजी क्षेत्र की भी शिकायत रही है कि उन्हें हुनरमंद कामगार ही नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि कंपनियों में रिक्तियां हैं। नौकरियां या रोजगार के अवसर पैदा करना ही बहुत बड़ी चुनौती है। स्वरोजगार में भी दिहाड़ीदार भी शामिल हैं। रपट बताती है कि श्रम बाजार में औसतन हर साल 70-80 लाख नए कामगार प्रवेश करते हैं। हालांकि युवा बेरोजगारी में 2019 में 17.5 फीसदी से 2022 में 12.1 फीसदी की कमी आई है, लेकिन यह बेरोजगारी शहरी इलाकों के पढ़े-लिखे युवाओं में अधिक है। यदि इस वर्ग को देश के जनसंख्याई लाभांश में तब्दील करना है, तो ज्यादा से ज्यादा, हर किस्म के, रोजगार पैदा करने होंगे। उद्योग और सेवा-क्षेत्र में हुनरमंद रोजगार बढ़ा है, लेकिन यह देश के श्रम बाजार की जरूरतों के विपरीत है। विडंबना यह भी है कि यदि नौकरी निकले चपरासी की, जिसके लिए शैक्षिक पात्रता 5वीं पास मांगी जाए, लेकिन 3700 पीएचडी धारक बेरोजगार भी आवेदन कर दें, तो यही कहा जा सकता है कि शैक्षिक डिग्रियां भी नौकरी की गारंटी नहीं हैं। यह हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए गंभीर चुनौती है। देश की कामकाजी उम्र की आबादी करीब 63 फीसदी है। फिलहाल यह स्थिर है। यह जनसंख्या की ऐसी खिड़की है, जिसके जरिए अर्थव्यवस्था को नाटकीय रूप से बदला जा सकता है और नौकरियां ही नंबर एक सामाजिक और आर्थिक मुद्दा हैं। पता नहीं, हमारे देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार किस विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र पढ़ कर इस पद तक पहुंचे हैं? हमारे युवा, जो फिलहाल रोजगार, शिक्षा और प्रशिक्षण में नहीं हैं, उनकी हिस्सेदारी 29.2 फीसदी है। यह दक्षिण एशिया में सर्वाधिक है। बीते एक दशक के दौरान वेतनभोगियों अथवा स्वरोजगारों की औसत आमदनी या घटी है अथवा यथावत रही है। आम चुनाव का दौर है, लिहाजा सभी राजनीतिक दलों को बेरोजगारी के मुद्दे पर ईमानदारी से सोचना चाहिए।

# मुद्दा : महिलाओं में जागरूकता

पिछले 30-35 वर्षों में जैसे-जैसे स्त्रियों में जागरूकता आई है, नये कानूनों के प्रति वैसे-वैसे उनके अंदर सदियों से दबे-कुचले होने, दोयम दर्जे की नागरिक होने का अहसास गहराया है ।पहले वे इसे अपनी नियति मानती थीं, पर अब अधिकार। यह अधिकार खासकर शहरी, शिक्षित स्त्रियों ने समझा है। वे इस अधिकार को अब छीन कर, दूसरे पक्ष को कुचल कर, नेस्तनाबूद करना चाहती हैं। एक हिंसक प्रवृत्ति उनमें जाग गई है। यह घातक है समाज-देश के प्रति। वे जगें अच्छा है, अपना अधिकार भी पाएं पर दूसरे पक्ष को नष्ट करके यह अच्छा नहीं है। इसमें वे खुद भी कहीं की नहीं रहतीं। उनका भी परिवार नष्ट होता है। बच्चे तितर-बितर हो जाते हैं ।एक और बात भी है। वे ऐसा इसलिए करती हैं कि अकेली भी रहें तो तगड़ी एलिमनी या मेंटेंनेंस लेकर, बिना काम किए अच्छा जीवन गुजार सकें। इस पूरे काम में उनके माता-पिता, भाई-बहन भी शामिल हो जाते हैं। वे उन्हें लडे-झगडे, अलग होने, बच्चा लेकर मायके बैठ जाने को प्रेरित करते हैं। ऐसे में उन्हें सास-ससुर, देवर-ननद के लिए कुछ भी करना शुरू से बोझ लगता है। ससुराल जाते ही उनकी रट लग जाती है अलग रहो, मां-बाप को छोड़ो, मेरे घर के पास रहो या वहीं रहो। मेरे मां-बाप की वैसी सेवा करो जैसे अपने मां-बाप की करते हो। वे भी तुम्हारे मां-बाप ही हैं आदि-आदि। आज असंतुष्ट जोड़े लाखों में हैं ।शुरू-शुरू में लड़की ससुराल वालों पर दहेज का, भरण-पोषण के अधिकार का, घरेलू हिंसा का, तलाक का अलग-अलग मुकदमा, चार अलग-अलग राज्यों में करती तो विभिन्न तारीखों पर पति हमेशा इस राज्य से उस राज्य, नौकरी छोड़ भागते रहने को मजबूर हो जाता। माता-पिता को दुखी देखते, 498ए आईपीसी में पूरे परिवार को, नाते-रिश्तेदारों को जेल जाते देख हताशा में वह आत्महत्या भी कर लेता था। पति बचाओ आंदोलन दूर-दूर तक फैलने लगे। वे खुले में अपना ऑफिस भी नहीं चला पाते थे। यह उनके लिए शर्म भरी बात थी कि पत्नी से पीड़ित हैं। ऐसे वकील भी शमार्ते थे, यहां तक कि न्यायालय पूरी तरह से वधुओं के पक्षधर लगते थे ।धीरे-धीरे अदालतों की भी आंखें खुलने लगी हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में देखा है कि स्त्रियों ने एक ही केस के 4-5 टुकड़े कर देश के 4-5 भागों में जाकर एक-एक केस करना शुरू किया है। पति चारों तरफ भागता हुआ, अपनी नौकरी, मानसिक शांति खोकर, परिवार को दुखी कर, हताश हो, 15-20 वर्षों में लुटा-पिटा सारी शर्ते मान नष्ट हो जाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय कहता है छह वर्ष होते-होते सर्वोच्च न्यायालय आओ और एलिमनी तलाक यहीं पाकर सारे झंझटों से मुक्ति पाओ। पर हैरानी की बात है कि वह ऐसा नहीं कह रहा कि एक ही मुकदमे में सारी बातें एक जगह कह कर सारे झगड़ों से मुक्त हो जाओ ।हाल का सर्वे कहता है-पिछले तीन सालों में देश भर में कार्यरत परिवार अदालतों में सवा तीन लाख से अधिक मुकदमे हुए हैं। यह खुलासा केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के आंकड़ों से हुआ है। इसकी वजह पति-पत्नी के बीच अहं (इगो) बताया जाता है। हम इसी बात से संतोष किए जा रहे हैं कि विवाद बढ़े तो पर सबसे कम तलाक भारत में होते हैं। देश भर में 812 परिवार अदालत कार्यरत हैं जहां 11 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। परिवार मामलों में विभिन्न तरीकों के केस का अर्थ है-घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड, तलाक, बच्चों की कस्टडी, दांपत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना, किसी भी व्यक्ति की वैवाहिक स्थिति की घोषणा, वैवाहिक संपत्ति का मामला, गुजारा भत्ता, पति-पत्नी में विवाद पर बच्चों से मिलने का अधिकार, बच्चों का संरक्षक होने का मामला आदि ।बीते तीन वर्षों में दाखिल घरेलू विवाद हैं-2021 में 4,97,447; 2022 में 7,27,587; 2023 में 8,25,502। बीते तीन वर्षों में निपटाए गए विवाद-2021 में 5,31,506; 2022 में 7,44,700 और 2023 में 8,27,000। ऐसा होने का मुख्य कारण है लड़कियों का ऐसे घर में विवाह करना जहां इकलौता लड़का हो, अमीर हो, अच्छी जॉब में हो, माता-पिता वृद्ध हों। ऐसे घर में विवाह करने के बाद लड़की के माता-पिता लड़की को ट्रेनिंग देते हैं-छोटी-छोटी बात पर किच-किच करो, अलग होने की जिद करो, चार-पांच केस करो, जहां जाओ वहां एक केस अलग-अलग राज्य में, हो सके तो एक बच्चा पैदा करो, प्रेग्नेंट होते ही मायके चली आओ, आते ही बच्चे और अपना मासिक भत्ता मांगो, हम साथ हैं। जो लड़की बचपन से मायके में है, उसे वहां का परिवेश जाना-पहचाना लगता है, मोटे माल, संपत्ति की आशा में अब उसे वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाता है मायके में। पर वह लड़की अपना भविष्य, अपने बच्चे का भविष्य नहीं सोचती। आसान जिंदगी की आशा में एक वीरान जिंदगी उसका आसरा देखती होती है। ऐसे में लड़कियां सोचें, सावधानी से आगे बढ़ें, केस करना है तो आपसी सहमति से तलाक लें, और जल्द अलग हो जाएं।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के निहितार्थ

**फिर कहने लगे जिसने जो पूछना हो, मुझसे वर्चुअली पूछ लें। कानून को अपने दरवाजे तक आने से रोकने के लिए उन्होंने हर तरीका इस्तेमाल किया। लेकिन जिस शराब घोटाले में वे घिरे हुए थे, उस शराब की गंध उनका पीछा नहीं छोड़ रही थी। छोड़ती भी कैसे, जब एक बोतल खरीदने पर दूसरी बोतल मुफ्त में मिल रही थी। कहा भी गया है मुफ्त की शराब तो काजी को भी हलाल होती है। इसी मुफ्त की शराब ने ह्यदिल्ली के इस काजीह्न को भी नंगा कर दिया जो कभी भ्रष्टाचार की शराब को हाथ तक न लगाने की कसमें खाता था। लेकिन एक और मामला सचमुच चिंतित करता है। जर्मनी ने भारत सरकार को कहा है कि अरविंद केजरीवाल को न्याय मिलना चाहिए। भारत सरकार को दिल्ली स्थित उनके काऊंसलर को कहना पड़ा कि भारत की न्याय व्यवस्था संविधान से चलती है। इसलिए जर्मनी को बेवजह चिल्लाना नहीं चाहिए। अब जर्मनी की सरकार केजरीवाल को लेकर चिंता प्रकट करती है तो यकीनन विदेशी अखबारों में सुर्खियां तो बनेंगी।**





कुलदीप चंद अग्निहोत्री
लेखक वरिष्ठ स्तंभकार

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अंततः गिरफ्तार कर लिए गए। उन्हें दिल्ली में हुए शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया। केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक यात्रा अन्ना हजारे के शिष्य के तौर पर शुरू की थी। उनकी गिरफ्तारी पर अन्ना हजारे ने जो कहा, उसका सार है कि उसे उसके कर्मों का फल मिला। उनके एक अन्य पूर्व सहयोगी कुमार विश्वास, जिनका दावा है कि वह केजरीवाल की रग-रग जानता है, की टिप्पणी है कि जैसा पेड़ बोया वैसा फल खाया। इसे केजरीवाल के जीवन का सर्वाधिक विरोधाभास ही कहा जाएगा कि उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा कट्टर ईमानदार होने के नारे के साथ शुरू की थी और उनकी गिरफ्तारी कट्टर भ्रष्टाचार के मामले में हुई। तथाकथित भ्रष्टाचार भी लोगों को शराब सप्लाई करने के मामले का, जिसका उल्लेख अन्ना हजारे ने भी किया कि मेरे साथ तो वह शराब हटाने की बात करता था और अब ह्यशराब फैलानेह्न लगा। दरअसल केजरीवाल को अपने पकड़े जाने का अंदेशा उसी दिन हो गया था जिस दिन उनके एक मंत्री सत्येन्द्र जैन इसी केस में पकड़े गए थे और तमाम कानूनी दांवपेचों के बाद भी नहीं छूटे। यह अंदेशा उस दिन खतरा बन गया जब उनकी सरकार के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इसी शराब के केस में पकड़े गए और अभी तक जेल में हैं। इस खतरे पर मोहर उनके एक दूसरे सहयोगी सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी ने लगा दी। शुरू में केजरीवाल को लगता था कि उनके पकड़े गए सहयोगियों की जल्दी ही जमानतें हो जाएंगी और कानून के हाथ उन तक नहीं पहुंच पाएंगे। लेकिन जब इनको जेल में बैठे साल से भी ज्यादा होने लगा तो केजरीवाल समझ गए कि शराब घोटाला उनके गले की फांस बन गया है।

इसी भय के कारण उनकी हरकतें किसी डरे हुए आदमी की तरह होने लगी थीं। डरा हुआ आदमी किसी भी तरह राहत पाने के लिए बार-बार कचहरी की ओर भागता है। वैसे भी बड़े-बड़े वकील विश्वास दिला ही देते हैं कि केस में कुछ नहीं है, आपका कोई बाल बांका नहीं कर सकता है। राम जेठमलानी इसके बारे में एक कथा सुनाया करते थे। जिज्ञासा हो तो गूगल में खोजें। वैसे शक तब भी बढ़ गया था जब उनके वकील के कानूनी तर्क यह भी होने लगे थे कि केजरीवाल अपनी कमीज पैंट के अंदर नहीं डालते। वे खांटी आम आदमी हैं। लेकिन साथ ही यह भी बताते रहे कि मुख्यमंत्री भी हैं, इसलिए उनके पास गिरफ्तार होने के लिए समय नहीं है। वे लगातार जनता की सेवा में लगे हैं। लेकिन कानून तो मुख्यमंत्री के लिए भी वही है जो आम आदमी के लिए है। इसी कानून के चलते लालू यादव, ओम प्रकाश चौटाला बरसों जेल में रहे। उनके पास तो जनता की सेवा करते समय भी जेल जाने का समय था, लेकिन केजरीवाल को जब भी कानून का समन आता था तो वे कभी होली, कभी दिवाली का बहाना बना कर जाने से इन्कार कर देते थे। पहले तो वे यही कहते रहे कि किसी को भी मुझे समन करने का अधिकार ही नहीं है। फिर कहने लगे जिसने जो पूछना हो, मुझसे वर्चुअली पूछ लें। कानून को अपने दरवाजे तक आने से रोकने के लिए उन्होंने हर तरीका इस्तेमाल किया। लेकिन जिस शराब घोटाले में वे घिरे हुए थे, उस शराब की गंध उनका पीछा नहीं छोड़ रही थी। छोड़ती भी कैसे, जब एक बोतल खरीदने पर दूसरी बोतल मुफ्त में मिल रही थी। कहा भी गया है मुफ्त की शराब तो काजी को भी हलाल होती है। इसी मुफ्त की शराब ने ह्यदिल्ली के इस काजीह्न को भी नंगा कर दिया जो कभी भ्रष्टाचार की शराब को हाथ तक न लगाने की कसमें खाता था। लेकिन एक और मामला सचमुच चिंतित करता है। जर्मनी ने भारत सरकार को कहा है कि अरविंद केजरीवाल को न्याय मिलना चाहिए। भारत सरकार को दिल्ली स्थित उनके काऊंसलर को कहना पड़ा कि भारत की न्याय व्यवस्था संविधान से चलती है। इसलिए जर्मनी को बेवजह चिल्लाना नहीं चाहिए। अब जर्मनी की सरकार केजरीवाल को लेकर चिंता प्रकट करती है तो यकीनन विदेशी अखबारों में सुर्खियां तो बनेंगी। लेकिन उसके कुछ दिन बाद अमरीका की सरकार ने अपना मुंह खोला। उसने कहा कि हम आशा करते हैं कि केजरीवाल के साथ न्याय होगा। मुझे लगता है बारी-बारी से अब कुछ और देश भी केजरीवाल के प्रति अपनी चिंता प्रकट करेंगे। इन देशों का सरगना यदि अमरीका को ही मान लिया जाए तो यकीनन वही निर्णय करता होगा कि केजरीवाल की चिंता करने के लिए किस देश की बारी कब आएगी। लेकिन असली प्रश्न थोड़ा और गहरा है। कुछ दिनों के अंतराल के बाद दो प्रदेशों के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले मे गिरफ्तार किए गए हैं। सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरफ्तार किए गए थे। उसके कुछ दिनों के बाद दिल्ली नगर के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार किए गए। न जर्मनी ने और न ही अमरीका ने भारत से इस बात की गुजारिश की कि हेमंत सोरेन से न्याय किया जाना चाहिए। लेकिन क्या कारण है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के तुरंत बाद जर्मनी और अमरीका अब मैदान में आ खड़े हुए हैं। यदि जरूरत पड़ी तो छिपे हुए ऐसे दूसरे पहलवान भी मैदान में उतरकर अपने करतब दिखाएंगे। केजरीवाल में ऐसा कौनसा चुंबक है जो हेमंत में नहीं है। जिन दिनों केजरीवाल दिल्ली में अपना मजमा लगा रहे थे और अन्ना हजारे को बहला-फुसला कर वहां ले आए थे, तब मैंने इस विषय पर लिखा था। उस समय कांग्रेस का पतन ही नहीं बल्कि दिल्ली के चाणक्यपुरी के अमरीका दूतावास के विशेषज्ञों ने आकलन कर लिया था कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस का धरातल खिसक रहा है। केवल खिसक ही नहीं रहा, बल्कि यह महल जर्जर हो चका है और 2014 के चुनाव का भार यह सह नहीं पाएगा, बल्कि भरभराकर गिर जाएगा। लेकिन इससे देश की राजनीति में बहुत बड़ा खालीपन पैदा हो जाएगा। पार्टी सबसे पुरानी तो है, पिछले दस साल से राज भी कर रही थी। कांग्रेस के इस प्रकार लडखड़ा जाने से शून्य उत्पन्न होगा, उसे कोई न कोई तो भरेगा ही। उस समय यह भी स्पष्ट होने लगा था कि भारतीय जनता पार्टी इस शून्य को भर ही नहीं सकती, बल्कि वह उसके लिए बिल्कुल तैयार है।

अमरीका और उसके मजहबी साथियों की चिंता का यही सबसे बड़ा कारण था। भाजपा जिस भारतीयता और भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की बात करती है, वह अमरीका और उसके साथियों को चिंतित करता है। इसलिए दिल्ली में आनन-फानन में बड़ा मजमा जमाया गया और उसको नैतिक आधार प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र से अन्ना हजारे को लाया गया। जब तक अन्ना हजारे या दूसरे लोग कुछ समझ पाते, तब तक खेला हो चुका था। आम आदमी पार्टी बन गई थी। उसने लोकसभा के चुनावों में प्रायः हर सीट पर अपना प्रत्याशी खड़ा कर दिया था। खुद वाराणसी में नरेंद्र मोदी के खिलाफ खड़े हो गए और उसके दूसरे साथी कुमार विश्वास अमेठी में ताल ठोकने लगे। भारतीय मीडिया में इस नए प्रयोग की इतनी चर्चा नहीं हुई जितनी विदेशी मीडिया में हो रही थी। लेकिन यह प्रयोग सफल नहीं हुआ और कांग्रेस के महल के गिरने से उत्पन्न हुए शून्य को, अमरीका और उसके साथियों की तमाम सांस्कृतिक चिंताओं के होते हुए भी, भारतीय जनता पार्टी ने भर दिया। लेकिन शायद कुछ विदेशी शक्तियां भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण को देख कर ज्यादा ही घबरा गई हैं और डूबते को तिनके का सहारा देने के लिए केजरीवाल की चिंता कर रही हैं। यह सीधा-सीधा भारत की न्यायिक व्यवस्था पर अविश्वास प्रकट करने के समान है।

# लाल सागर : नौवहन में बाधा घातक

**इसके प्रतिउत्तर में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा-दोस्त इसी के लिए होते हैं।इ वास्तव में यह जलपोत लगभग 10 लाख अमेरिकी डॉलर की कीमत वाला तथा करीब 37800 टन माल ले जाने की क्षमता से युक्त है। इस अभियान में भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस कोलकाता की विशेष भूमिका रही क्योंकि उसने एम. वी. रूएन जलपोत के स्टीयरिंग सिस्टम और नेवीगेशनल सहायता व्यवस्था को अक्षम बना दिया था।निःसंदेह लाल सागर में हूती विद्रोहियों की घातक गतिविधियों के कारण जहां इस क्षेत्र से होकर की जाने वाली तेल आपूर्ति में व्यवधान पड़ा है, वहीं विदेश व्यापार भी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्रभावित हुआ है। इस संकट से उभरने के लिए लाल सागर में सभी प्रकार के जलपोतों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की सामूहिक और सामयिक जरूरत है। आसपास के समुद्री मागरे की सुरक्षा के लिए सभी देशों को समय रहते सजग, सतर्क और सशक्त बनाना होगा ताकि आर्थिक और व्यापारिक विरोधी गतिविधियों पर समय रहते सही ढंग से लगाम लगाई जा सके।**






डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा
लेखक

यमन में हूती समुद्री लूटेरों से संबद्ध संघर्ष में निरंतर होती वृद्धि और लाल सागर में व्यावसायिक जलयानों पर जारी हमले बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हैं।अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने 17 मार्च, 2024 के रोज एक और जलयान को निशाना बनाकर कथित रूप से हमला किया। हूती आतंकवादी इजराइल का समर्थन करने के लिए अमेरिका तथा ब्रिटेन को विशेष रूप से अपना विद्रोह प्रदर्शित करके इस क्षेत्र में घातक हमले कर रहे हैं। यमन में हूती विद्रोहियों की तेजी के साथ बढ़ती आक्रामक गतिविधियों ने न केवल अपने विरोधियों को ही प्रभावित किया है, बल्कि लाल सागर के इस संकट से इस क्षेत्र से होने वाला समुद्री व्यापार भी बाधित हो रहा है। मालवाहक जलयानों का इस क्षेत्र से आवागमन बाधित हुआ है, वहीं वैल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर रहे दुनिया भर के देशों के मालवाहक जलपोत लंबी दूरी तय करके आवाजाही कर रहे हैं, जिससे उनकी लागत में इजाफा हो रहा है। उल्लेखनीय है कि अदन दक्षिणी यमन का बंदरगाह शहर है, जहां देश की निर्वासित सरकार है। हूती विद्रोहियों ने इसी इलाके पर अनेक बार ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए हैं। परिणामस्वरूप अदन की खाड़ी से ईधन और अन्य मालवाहक जलयानों की आवाजाही बाधित हुई है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे इजराइल को हमास के खिलाफ गाजा पट्टी में अपना आक्रमण बंद करने के लिए मजबूर करना चाहते हैं। लाल सागर में हूती विद्रोहियों के आक्रमण से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की समस्या उत्पन्न हो गई है ।जलयान कंपनियां परेशान तथा डरी हुई हैं क्योंकि लंबा जलमार्ग अपनाने से उनका समय एवं लागत, दोनों बढ़ जाते हैं, जिसका प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रभाव आयात-निर्यात पण्राली पर पड़ेगा। ये हमले वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ी और कड़ी चुनौती बन चुके हैं।

अमेरिका से मिली एक जानकारी के अनुसार 23 दिसम्बर, 2023 को हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से इजराइल जाने वाले सभी देशों के जलपोतों पर हमला करने की चेतावनी दी थी। लाल सागर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के रास्तों पर दो एंटीबैलेस्टिक मिसाइलें भी फायर करके इजराइल समर्थक देशों को आगाह किया था। सामरिक, आर्थिक, व्यापारिक और कूटनीतिक दृष्टि से लाल सागर विश्व भर के सबसे संवेदनशील एवं महत्त्वपूर्ण समुद्री मागरे में गिना जाता है। स्वेज नहर भू-मध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है। स्वेज नहर से प्रति वर्ष 17000 से ज्यादा जलपोत अपना आवागमन करते हैं ।एक जानकारी के मुताबिक, लाल सागर से लगभग 12 प्रतिशत वार्षिक वैश्विक व्यापार किया जाता है। यदि हम भारत की बात करें तो हमारे देश का 200 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का व्यापार स्वेज नहर और लाल सागर के रास्ते से होता है। लाल सागर जल-डमरू वैश्विक कंटेनर यातायात के 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 12 प्रतिशत के लिए विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। यूरोप के साथ भारत की लगभग 80 प्रतिशत वस्तुओं का व्यापार भी इसी मार्ग से होता है। इसी समुद्री मार्ग से भारत अपना 50 प्रतिशत निर्यात और 30 प्रतिशत आयात करता रहा है। वास्तव में लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की सामयिक आवश्यकता है ।अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने इसी माह एक और जलयान को निशाना बनाकर जोरदार हमला कर दिया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंग्डम मैरीटाइम ट्रेड आपरेशंसइ केंद्र ने इस बारे में बताया कि वास्तव में आकस्मिक हमला अदन के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। अमेरिकी सेना की मध्य कमान के अनुसार यमन में हूती के नियंत्रण वाले क्षेत्र में पांच ड्रोन नौका और एक ड्रोन को तबाह कर दिया गया है। यह अभी तक नष्ट की जाने वाली ड्रोन नौकाओं की सबसे अधिक संख्या है जो असामान्य है। भारतीय नौसेना अरब सागर के विभिन्न क्षेत्रों में समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक अपने युद्धपोत तैनात किए हुए है ।समुद्री टोह लेने के लिए विमानों की भी तैनाती कर दी गई है। भारतीय तट से लगभग 1400 समुद्री मील (लगभग 2600 किलोमीटर) दूर लगातार लगभग 40 घंटे तक चलाए गए अपने अभियान के दौरान उसने न केवल माल्टीज ध्वज वाले अपहृत व्यापारिक जलयान एम. वी. रूएन के चालक दल के 17 सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया, बल्कि 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को भी आत्मसमर्पण के लिए बाध्य कर दिया। इस अभियान में भारतीय वायु सेना ने भी सक्रिय भूमिका निभाई जिसने सी-17 एयरक्राफ्ट के जरिए मार्कोस (विशेष समुद्री कमांडो) को एम. वी. रूएन पर एयर ड्राप करवाया। इस एयर क्राफ्ट के सक्रिय सहयोग से दो लड़ाकू नौकाओं को भी उनके सटीक स्थान तक पहुंचाया। भारतीय नौसेना ने अनेक विदेशी जलयानों की सुरक्षा में भी सहयोग दिया है ।

# न्याय पर कौशिश-ए-कब्जा आपातकाल से बद्तर अमृतकाल....?

ओमप्रकाश मेहता

क्या भारत में एक दशक के शासन के बाद शासक पर ह्यगुरूरह्न सवार हो जाता है? क्या फिर सत्ता के शासन को बदनाम या लज्जित करने के लिए नही, बल्कि सत्यता पर आधारित है, आजादी के बाद सत्रह साल पं. जवाहर लाल नेहरू की सरकार रही, जिसने कई विवादित फैसले लिए, जिनसे देश कई दृष्टि से प्रभावित हुआ, उसके बाद इंदिरा जी आई, उन्होंने भी करीब एक युग अर्थात बारह साल राज किया, जिसमें आपातकाल के बीस महीनें शामिल थे, इनके बाद कुछ अल्पकालिक प्रधानमंत्री आए और इस शताब्दी के प्रारंभ में डॉ. मनमोहन सिंह की ह्यरिमोर्ट कंट्रोलह्न वाली सरकार आई, जिसने कई विवादित फैसले लिए और एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री के राज में देश अपने अर्थशास्त्र में फिसल गया, इनके बाद पिछले करीब एक दशक से भी ज्यादा समय से श्री नरेन्द्र कुमार दामोदरदास मोदी देश के प्रधानमंत्री है, जिनके इरादे देश पर हावी होने का प्रयास कर रहे है।

यह सब मैंने आज इसलिए याद दिलाया क्योंकि आगे जो मैं बताना चाहता हूँ, वह किसी भी देश के प्रजातंत्र के लिए सुखद नहीं कहा जा सकता। हमारा भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्री देश माना जाता रहा है, यद्यपि हमने इस विश्वव्यापी विश्वास को कई बार खण्डित करने का प्रयास किया, किंतु वह इसके बावजूद अभी भी कायम है। लेकिन अब ऐसा कुछ होने के आसार नजर आ रहे हैं, जिससे विश्व का यह विश्वास खण्डित होता नजर आने लगा है।

यह सर्वज्ञात है कि प्रजातंत्र की परिभाषा जहां ह्यह्यजनता के लिए, जनता के द्वारा और जनता का शासनहृह्न है, वहीं प्रजातंत्र के घोषित रूप से चार और अघोषित रूप से तीन अंग है, घोषित रूप से कार्यपालिका, न्यायपालिका, जनपालिका और खबरपालिका है, लेकिन समय ने खबरपालिका को इससे बाहर कर दिया क्योंकि खबरपालिका ने अपने दायित्व का सही तरीके से पालन नही किया, इसलिए अब प्रजातंत्र के शेष तीन ही अंग शेष रहे, हमारा इतिहास गवाह है कि आजादी के बाद से अब तक इंदिरा जी जैसे चंद शासक आये जिन्होंने प्रजातंत्र के सभी अंगों पर अवैध रूप से कब्जा करने की कौशिशें की और अब पुनः देश मौजूदा शासनकाल के दौरान भी उन्हीं प्रयासों की पुनर्रावत्ति देखने को मजबूर है।

मेरे इस आरोप का गवाह वह पत्र है जो देश के वरिष्ठतक छः सौ वकीलों ने देश के मुख्य न्यायाधिपति को लिखा है, जिसमें स्पष्ट रूप से मौजूदा केन्द्र सरकार पर यह आरोप लगाया गया है कि वह देश के प्रजातंत्र की एकमात्र स्वतंत्र इकाई न्यायपालिका पर कब्जा करने का असंवैधानिक प्रयास कर रही है। यद्यपि मोदी सरकार ने देश की न्यायपालिका के इस विवाद को राजनीतिक दायरे में लाने का प्रयास कर वकीलों के इस प्रयास को कांग्रेस के साथ जोड़ने का प्रयास किया है, किंतु देश में चल रहे कथित ह्यअमृतकालह्न की समीक्षा के दायरे में न्यायपालिका के इस विवाद को किस श्रेणी में रखा जाएगा? यह एक विचारणीय सवाल है, यद्यपि देश का अब तक का इतिहास गवाह है कि जब-जब सरकार ने न्यायपालिका पर कब्जे का प्रयास किया, तब-तब उसका अंत निकट आया है और आज भी इसी माहौल में यही आसार दिखाई दे रहे है, जिसका अहसास मगरूर सत्ताधीशों को नही हो रहा है, किंतु यहां यह भी सत्य है कि देश का आम वोटर अब 1952 का वोटर नही रहा, जिसे सत्ता गुमराह कर देती थी, आज का वोटर जागरूक है और वह सब जानता है, इसलिए इस पूरे घटनाक्रम को अतीत से जोड़कर देखना ठीक नही होगा, पुरातनकाल और आज की स्थिति-परिस्थिति में काफी फर्क है। अब वकीलों का यह गंभीर आरोप की देश की न्यायपालिका सत्ता के राजनीतिक दबाव में काम कर रही है, गंभीर जांच का विषय है, जिसे गंभीरता से लेकर जनता की अदालत को इस चुनावी बेला में चिंतन करना चाहिए और इस आरोप का फैसला भी होना चाहिए, क्योंकि इस पर देश की आस्था व विश्वास आधारित है। इसलिए सर्वप्रथम देश की जागरूक जनता यह सोचे कि चुनावी बेला में यह गंभीर आरोप सामने क्यों आया? और इसका उत्तर क्या हो सकता है?

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्तार की मौत पर स्वतः संज्ञान ले न्यायालय: शिवपाल

समाजवादी पार्टी (सपा) महासचिव शिवपाल सिंह ने माफिया डान मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत को संदेहास्पद बताते हुये कहा कि न्यायालय को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिये। सपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवपाल ने कहा कि मुख्तार अंसारी के परिवार से उनके अच्छे संबंध रहें हैं और अंसारी परिवार देश की आजादी में लड़ा था। देश की आजादी में इस परिवार का काफी योगदान रहा है' मुख्तार अंसारी की मौत संदेह के घेरे में है। न्यायालय को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा है कि मुख्तार अंसारी के बेटे को जनाजे में शामिल होने के लिए जिला अधिकारी को भी बेटे को पैरोल देना चाहिए।

### प्रयागराज: मुख्तार की मौत और जुमे को लेकर पुलिस सतर्क

पूर्वांचल के माफिया कहे जाने वाले मुख्तार अंसारी की गुरूवार रात बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में हार्ट अटैक से मौत के बाद पूरे यूपी में हाईअलर्ट है। जिले में जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त प्रयागराज पुलिस की तरफ से किये गए। देर रात से ही प्रयागराज के संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था कर दी थी। पुलिस और आरएएफ के जवानों ने लगातार फ्लैग मार्च कर लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। जुमे की नमाज को लेकर बरती जा रही सतर्कता में ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी गयी। कोतवाली क्षेत्र के चौक में भारी पुलिस फोर्स तैनात है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए जामा मस्जिद के पास भारी संख्या में पुलिस के साथ आरएएफ और पैरा मिलेट्री फोर्स को लगाया गया। साथ ही मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

### मुजफ्फरनगर में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

मुजफ्फरनगर में शुक्रवार को गन्ने की खोई से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार दो युवकों की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। सदर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राजू साव ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस पुरकाजी थाना क्षेत्र के हरिनगर गांव में मौके पर पहुंची और सड़क अवरुद्ध कर रहे नाराज ग्रामीणों को शांत कराया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अंकुल (22) और शेखर (20) के रूप में की गयी है। साव ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया है जबकि ट्रैक्टर चालक फरार हो गया है।

### युवक पर धारदार हथियार से वार

गांव सैदपुर निवासी सोनू कुमार ने बताया कि पांच लोग नशे में उसके घर में घुस आए। आरोपी हाथों में धारदार हथियार लिए थे। मकान में घुसते ही आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और बलकटी से वारकर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर चले गए। मामले में गांव निवासी आकाश, गौरव, विकास, अभिषेक, मार्शल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### बैठक में चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा

लाइन पार क्षेत्र की समस्याओं पर विचार करने के लिए प्रताप विहार वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया। बैठक में सदस्यों ने आगामी चुनाव समेत दूसरे मुद्दों पर चर्चा की। एसोसिएशन के कार्यालय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता रामअवतार यादव ने की। क्षेत्र की समस्याओं पर विचार व्यक्त करते हुए महासचिव वीपी सिंह ने कहा प्रशासन को प्रर्याप्त राजस्व जुटाकर देने के बाद भी क्षेत्र विकास के मामले में पीछे है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बैठक में वक्ताओं ने प्रमुख समस्याओं जैसे पेयजल, अतिक्रमण, क्षेत्र में झूलते बिजली के तार, राजकीय कन्या विद्यालय को डिग्री कॉलेज की दर्जा दिए आदि पर चर्चा की। बैठक में एसोसिएशन के दर्जन भर सदस्य मौजूद रहे।

# मुख्तार के पैतृक कस्बे मोहम्मदाबाद में दुकानें बंद, शव को दफनाने की तैयारी शुरू



लखनऊ, एजेंसी

मुख्तार अंसारी के शव को शुक्रवार को बांदा मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के एक समूह द्वारा पोस्टमार्टम किये जाने के बाद गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद यूसुफपुर स्थित उसके पैतृक निवास ले जाया जाएगा। अंसारी के शव को दफनाने के लिए काली बाग स्थित पारिवारिक कब्रिस्तान में गड्ढा खोदा गया है और अंतिम संस्कार का समय शव को यहां लाये जाने के बाद तय किया जाएगा। इस बीच गाजीपुर और मऊ समेत आसपास के जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि अंसारी के शव को काली बाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा जो अंसारी परिवार के आवास से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित है। सूत्रों ने बताया कि इसी कब्रिस्तान में मुख्तार के मां-पिता की कब्र हैं। उन्होंने बताया कि मुख्तार के शव को देर शाम तक यहां लाये जाने की संभावना है। अंसारी परिवार के आवास से कब्रिस्तान तक भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अतर सिंह और मोहम्मदाबाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि दफनाने के लिए गड्ढा तैयार कर लिया गया है और परिजन बता रहे हैं कि शव को यहां लाये जाने के बाद ही दफनाने का समय तय होगा। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों ने कहा है कि यदि शव को रात 10 बजे तक यहां संभव होता है तो शुक्रवार को ही सुपुर्दे खाक किया जाएगा अन्यथा शनिवार सुबह किया जाएगा। मुख्तार के शव का पोस्टमार्टम बांदा में किया जा रहा है जो मोहम्मदाबाद से से लगभग 400 किलोमीटर दूर है और शव को फतेहपुर, कौशांबी, प्रयागराज, भदोही और वाराणसी आदि जिले के रास्ते लाया जाएगा। बांदा मेडिकल कॉलेज स्थित पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद अंसारी के अधिवक्ता नसीम हैदर ने बताया कि शव देर रात तक ही गाजीपुर लाये जाने की संभावना है और परिवार अंतिम संस्कार करने पर फैसला करेगा। बांदा पहुंचे उमर अंसारी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि उनके पिता की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई है और उन्होंने पोस्टमार्टम दिल्ली एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के चिकित्सकों के दल से कराने की मांग की है। उमर अंसारी ने पत्र में कहा, हमें बांदा के प्रशासन और चिकित्सकों के दल से न्याय मिलने का कोई भरोसा नहीं है। माफिया से नेता बना अंसारी बांदा जेल में बंद था। उसकी बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से बृहस्पतिवार को मौत हो गयी थी। मुख्तार अंसारी को बृहस्पतिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद बांदा जिला जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई थी। इस बीच मोहम्मदाबाद यूसुफपुर में दुकानें और बाजार बंद हो गए हैं और लोग मुख्तार के शव का इंतजार कर रहे हैं। मुहम्मदाबाद गाजीपुर जिले का तहसील मुख्यालय है, जहां लोगों ने अपनी दुकानें बंद रखी हैं। इस बीच लोग युसुफपुर मोहम्मदाबाद में मुख्तार अंसारी के आवास पर पहुंचने लगे हैं। वहीं स्थानीय दुकानदार अलगू कुशवाहा ने कहा, उनसे (मुख्तार अंसारी से) लोगों को सहानुभूति है। कुशवाहा ने कहा कि किसी ने दुकान बंद करने को नहीं कहा है, न किसी व्यापारी संगठन ने और न ही किसी दल ने लेकिन लोगों ने खुद से ही दुकानें बंद की हैं। वार्ड नंबर 25 लोहटिया के सभासद संजीव कुमार गिहार ने पत्रकारों से कहा कि किसी के कहने से नहीं बल्कि सहानुभूति के चलते बाजार बंद है। हालांकि अंसारी से कुछ नाराज प्रतीत हो रहे संजीव ने कहा ह्रजैसी करनी-वैसी भरनी। 2004 में मेरा भाई मारा गया और मेरा अपहरण हुआ था। मोहम्मदाबाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रहे कृष्णानंद राय के भतीजे आनन्द राय ने पत्रकारों से कहा, ह्रभगवान के घर देर है, अंधेर नहीं ह्व उन्होंने कहा कि यह भगवान का न्याय है। वर्ष 2005 में विधायक कृष्णानंद की राय की हत्या में अंसारी और उसके परिजनों को आरोपी बनाया गया था। उधर, मऊ में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है और चौतरफा पुलिस बल तैनात किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि मऊ, गाजीपुर, बलिया समेत आसपास धारा 144 लगायी गयी है। इस बीच भदोही से मिली खबर के अनुसार मुख्तार अंसारी की बांदा में मौत के बाद उसके शव को गाजीपुर ले जाये जाने के मद्देनजर भदोही जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीएसी के साथ भारी पुलिस बल तैनात करके सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसके साथ जिले के तीन थानों पर एक-एक प्लाटून अर्धसैनिक बल सीमा सुरक्षा बल को रिजर्व में रखा गया है। शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी (यातायात) भुवनेश्वर प्रसाद पांडेय ने बताया कि प्रयागराज जिले की सीमा से भदोही में राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी भी तरह का व्यवधान पैदा न हो इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बलिया से मिली खबर के अनुसार अंसारी की मौत के बाद गाजीपुर से सटे बलिया जिले में प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि मुख्तार अंसारी की मौत की सूचना मिलने के बाद सभी प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी तरह से सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। बलिया के अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन अलर्ट है। उन्होंने कहा कि पुलिस के अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण करते रहने को कहा गया है।

# राजू पाल हत्याकांड : विधायक पूजा पाल ने अदालत के निर्णय का स्वागत किया

लखनऊ, एजेंसी

प्रयागराज के बहुचर्चित राजू पाल हत्याकांड में आज लखनऊ की एक अदालत द्वारा अभियुक्तों को दोषी करार दिए जाने के निर्णय का राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने स्वागत किया लेकिन कहा कि इन अभियुक्तों को फांसी की सजा होनी चाहिए थी। लखनऊ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने बसपा के विधायक रहे राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को सात लोगों को दोषी ठहराया। इस मामले में माफिया से नेता बना अतीक अहमद भी आरोपी था। अधिकारियों के मुताबिक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2016 में मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। लखनऊ में विशेष सीबीआई न्यायाधीश ने मामले में रणजीत पाल, आबिद, फरहान अहमद, इसरार अहमद, जावेद, गुलहसन और अब्दुल कवि को आपराधिक साजिश और हत्या सहित अन्य गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया। आरोपी फरहान अहमद को भारतीय शस्त्र अधिनियम के तहत भी दोषी ठहराया गया। पूजा पाल ने बताया, मैं अदालत के निर्णय से संतुष्ट हूं लेकिन इन अभियुक्तों को फांसी की सजा होनी चाहिए थी क्योंकि एक विधायक की दिनदहाड़े हत्या की गई और शव नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि विधायक के साथ ही दो अन्य लोगों की दिनदहाड़े हत्या की गई। यह अपराध इतना जघन्य है कि इसमें दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए थी। इससे अपराध करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। उल्लेखनीय है कि शहर पश्चिम से बसपा विधायक राजू पाल की जनवरी, 2005 में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पूजा पाल भी कई बार विधायक निर्वाचित हुई। प्रयागराज जिले में 2022 में भी वह समाजवादी पार्टी से विधायक चुनी गयीं। लखनऊ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने बसपा के विधायक रहे राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को सात लोगों को दोषी ठहराया। इस मामले में माफिया से नेता बना अतीक अहमद भी आरोपी था। अधिकारियों ने बताया कि अतीक अहमद, उसके भाई एवं मुख्य आरोपी खालिद अजीम उर्फ अशरफ और गुलबुल उर्फ रफीक के खिलाफ सुनवाई उनकी मृत्यु के बाद बंद कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता राजू पाल की अतीक अहमद के भाई अशरफ के साथ राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के परिणामस्वरूप 25 जनवरी 2005 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राजू पाल ने नवंबर 2004 में प्रयागराज पश्चिम सीट पर हुए उपचुनाव में अतीक के छोटे भाई मोहम्मद अशरफ को हराकर जीत हासिल की थी। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पिछले साल 15 अप्रैल को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# लोकसभा चुनाव : मेरठ-हापुड़ सीट पर सपा व रालोद का अब तक नहीं खुल सका खाता

मेरठ, एजेंसी

मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर वर्ष 1952 से अब तक कांग्रेस, भाजपा, बसपा, सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार चुने गए, लेकिन सपा और रालोद का एक बार भी खाता नहीं खुल सका। वर्ष 1952 में देश में हुए पहले आम चुनावों में मेरठ जिले को तीन लोकसभा क्षेत्रों में बांटा गया था। इसमें मेरठ जिला (पश्चिम), मेरठ जिला (दक्षिण) और मेरठ जिला (उत्तर पूर्व) शामिल रहे। इस चुनाव में मेरठ सीट से तीन सांसद चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंचे थे। मेरठ पश्चिम लोकसभा सीट से पहली बार कांग्रेस के खुशीराम शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार हुकुम सिंह को हराया था। मेरठ दक्षिण सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कृष्णचंद्र शर्मा (त्यागी) ने भारतीय जनसंघ के हरसरन दास को हराकर चुनाव जीता। इसी तरह से मेरठ उत्तर-पूर्व लोकसभा सीट से कांग्रेस के शाहनवाज खान ने अखिल भारतीय रामराज्य परिषद के सूरज बल स्वामी को पराजित किया। 1957 में मेरठ सीट से कांग्रेस के जनरल शाहनवाज खान ने भाकपा के बृजराज किशोर को हराया। 1962 में तीसरे आम चुनाव में भी कांग्रेस के शाहनवाज खान ने सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार महाराज सिंह भारती को हराया। 1967 में सोशलिस्ट पार्टी के महाराज सिंह भारती ने कांग्रेस के शाहनवाज खान को करारी शिकस्त दी। 1971 के चुनाव में कांग्रेस के शाहनवाज खान ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (ऑर्गनाइजेशन) के उम्मीदवार हरीकिशन को हराया। 1977 में जनता पार्टी के कैलाश प्रकाश ने कांग्रेस उम्मीदवार शाहनवाज खान पराजित कर दिया। 1980 में मेरठ लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार मोहसिना किदवई ने जनता पार्टी उम्मीदवार हरीश पाल को हराया। 1984 में भी कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने जनता पार्टी की अंबिका सोनी को हराया। 1980 में हरीश पाल ने मोहसिना किदवई को चुनाव में पराजित किया। वर्ष 1991 में मेरठ-हापुड़ सीट पर भाजपा का खाता पहली बार खुला। भाजपा उम्मीदवार अमरपाल सिंह ने यहां से जीत दर्ज की। इसके बाद 1996 और 1998 में भी अमरपाल ने जीत दर्ज की। 1999 में हुए मध्यावधि चुनाव में कांग्रेस ने यह सीट भाजपा से छीन ली। कांग्रेस उम्मीदवार अवतार सिंह भड़ाना ने भाजपा उम्मीदवार को हराकर जीत हासिल की। 2004 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार शाहिद अखलाक ने राष्ट्रीय लोकदल के मलूक नागर को हराया। 2009 में हुए चुनाव में भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के मलूक नागर को हराकर चुनाव जीता। इसके बाद 2014 की मोदी लहर में भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के शाहिद अखलाक को हराकर दूसरी बार लोकसभा में पहुंचने में कामयाबी पाई। 2019 के चुनाव में नजदीकी मुकाबले में राजेंद्र अग्रवाल ने फिर से बसपा के याकूब कुरैशी को शिकस्त देकर जीत की हैट्रिक लगाई। अभी तक सपा और रालोद को मेरठ सीट पर जीत का इंतजार है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अभिनेता अरुण गोविल को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले बसपा के देवव्रत त्यागी चुनाव मैदान में हैं।

# मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक जांच होगी, एसीजेएम जांच अधिकारी नामित



लखनऊ, एजेंसी

बांदा जेल में माफिया नेता मुख्तार अंसारी की मौत के मामले की न्यायिक जांच के लिए शुक्रवार को एक अपर मुख्यत न्यांयिक मजिस्ट्रेट को नामित किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्तार अंसारी को बृहस्पतिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद बांदा जिला जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई थी। बांदा के मुख्या न्याबयिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) भगवान दास गुप्ता की ओर से जारी आदेश के मुताबिक मामले की जांच के लिए गरिमा सिंह अपर मुख्यस न्यारयिक मजिस्ट्रे।ट (सांसद-विधायक अदालत बांदा) श्रीमती गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। पत्र के मुताबिक वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार बांदा द्वारा 28 मार्च को मुख्तार अंसारी की मौत के मामले की न्यायिक जांच के लिए अधिकारी नामित करने की याचना की गयी थी। सीजेएम ने नियुक्त जांच अधिकारी से एक माह के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी है। इसके पहले कारागार महानिदेशक एसएन साबत ने कहा कि मामले की न्यायिक जांच होगी। मुख्तार के परिजनों ने अंसारी को जेल में धीमा जहर देने का आरोप लगाया था। गाजीपुर के सांसद और मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी ने मंगलवार को कहा था कि मुख्तार ने उन्हें बताया था कि करीब 40 दिन पहले भी उन्हें जहर दिया गया था और हाल ही में शायद 19 या 22 मार्च को फिर ऐसा किया गया, जिसके बाद से उनकी हालत खराब है। अफजाल ने कहा था कि 21 मार्च को बाराबंकी की अदालत में एक मामले की डिजिटल माध्यम से सुनवाई के दिन मुख्तार के वकील ने अदालत में दरख्वास्त दी थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनके मुवक्किल को जेल में धीमा जहर दिया गया है जिससे उनकी हालत बिगड़ती जा रही है।

# मैरी एंड जीजस कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

## अव्वल आने वाले छात्रों को किया गया पुरस्कृत



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा।मुरादाबाद रोड पर स्थित मैरी एंड जीजस कन्वेंट स्कूल का 2023--2024 वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमे स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर पुरुस्कृत किया गया । परीक्षा परिणाम में पास होने की खबर सुनकर सभी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। स्कूल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को स्कूल के प्रबंधक सी.सी. सिंह एवं प्रधानाचार्य अनीता सिंह ने पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में प्रबंधक सी.सी.सिंह व प्रधानाचार्या अनीता सिंह ने बच्चों को पुरस्कार व आशीर्वाद देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी श्रेणी के बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक सी.सी. सिंह व प्रधानाचार्य अनीता सिंह द्वारा छात्र,छात्राओ को प्रेरणादायिक संबोधन करते हुए नई कक्षा के पाठ्यक्रम व अन्य गतिविधियों संबंधी में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे आने वाले कल का देश का भविष्य है बच्चों को मन लगाकर पढ़ना चाहिए इनको पढ़ाने के लिए उनके मां-बाप दिन रात कठिन परिश्रम कर रहे हैं और एक आशा के साथ पढ़ा रहे हैं कि हमारे बच्चे बड़े होकर अपने मां-बाप ,नगर व देश का नाम रोशन करेंगे बच्चों को भी उनकी आशा के अनुरूप फल देना चाहिए। कक्षा 07 की छात्रा हुमैरा नाज व कक्षा 01 का छात्र इजान जफर व कक्षा नर्सरी का छात्र टॉपर बने। कक्षा 8 की छात्रा इफ्फत अदा सुपुत्री अफजाल अंसारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छह की छात्रा अदीना जैदी प्रथम स्थान, आलिया फातिमा द्वितीय स्थान, दिलकश नूर तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल व परिजनों का नाम रोशन किया। स्कूल में 100% हाजिरी लगाने वाले छात्र-छात्राओं आलिया फातिमा, जोयान दिलशाद, जवेरिया फातिमा, प्रफुल, आदि को रहे। इस अवसर पर सरोश राशिद, रूही मलिक, देवकी,रेखा,बिना शर्मा,जोया परवीन, नोमान उर रहमान, राजू सर आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# देश को विकसित बनाने के लिए बच्चों का शिक्षित होना जरूरी:आबिदी प्ले स्कूल




प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। बाल शिक्षा पर विशेष कार्य कर रहे आबिदी प्ले स्कूल में आज बच्चों के वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया, इस दौरान स्कूल से पास आउट हुए बच्चों के चेहरे पर स्कूल छोड़ने का अफसोस साफ नजर आया।परीक्षा फल वितरण समारोह में बोलते हुए आबिदी शिक्षण संस्थान की निर्देशक शाज़िया इमदाद आबिदी ने कहा की परीक्षाएँ छात्रों के ज्ञान को जाँचने की एक पद्धति हैं। परीक्षा फल दशार्ता है कि किस छात्र ने कितना सीखने का प्रयास किया।उन्होंने प्ले स्कूल की आवश्यकता पर विचार रखते हुए कहा कि बचपन के शुरूआती साल बहुत ही महत्त्वपूर्ण होते हैं, खासतौर पर जन्म से लेकर 8 वर्ष की आयु तक। इस दौरान जीवन में होने वाली हर शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक स्थिति को सीखने के लिए हमारा मस्तिष्क तत्पर बना रहता है। बच्चों की बुनियाद को मजबूत करने का सबसे सही कार्य प्ले स्कूल में होता है और इसी लिए आबिदी प्ले स्कूल ने अमरोहा में इस पद्धति की बुनियाद डाली। आज यह शिक्षा पद्धति पूरी तरह चलन में है बच्चे खेल खेल में शिक्षा के प्रति रुचि ले रहे है। शाज़िया इमदाद आबिदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य देश की नई पीढ़ी को आने वाले समय में सफलता हासिल करने के लिए उनको तैयार करना है, हम चाहते है देश की उन्नति में हमारा यह छोटा सा शिक्षण संस्थान भी अपना योगदान दे, हमे खुशी है कि हमारे शिक्षण संस्थान से शिक्षा हासिल करके छात्र आज देश का नाम रोशन कर रहे है।

# अमरोहा मे सपा-बसपा और कांग्रेस पर बरसे योगी, बोले तीनों एक ही सिक्के के पहलू

● देश की खुशहाली के लिए फिर से मोदी को लाये : मुख्यमंत्री

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को यूपी के अमरोहा में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपका एक एक वोट बहुत कीमती है। इसलिए सभी को जागरूक करें और सोच समझकर मतदान करें। सीएम योगी ने सपा-बसपा व कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। तीनों को एक ही सिक्के का पहलू बताया।अमरोहा के गजरौला में दिल्ली मुरादाबाद नेशनल हाइवे स्थित श्री वेकेंटश्वरा यूनिवर्सिटी के सामने विशाल मैदान में अमरोहा लोकसभा से इखढ प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के लिए जनसभा को संबोधित करने यहां पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ ने कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है। जबकि नरेंद्र मोदी की सरकार संतुष्टि की राजनीति करती है। बिना किसी भेदभाव के योजनाओं को लाभर्थियों तक पहुंचाया गया है। जबकि पहली सरकारों में योजनाओं में भी तुष्टिकरण किया जाता था।सीएम योगी ने कहा कि सपा- कांग्रेस के लिए परिवार पहले है वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राष्ट्र पहले है। देश की 140 करोड़ जनता ही मोदी का परिवार है। लोकसभा चुनाव 2024 में फिर से आपका एक वोट देश की तकदीर बदलने वाला है।योगी आदित्यनाथ ने सपा-बसपा पर हमला बोलते हुए कहा कि यह दोनों दल प्रदेश में तुष्टिकरण की राजनीति करते थे। आपकी आस्था पर हमला करते थे। आपको त्यौहार भी नही मनाने देते थे। कावड़ यात्रा भी नही निकालने देते थे। लेकिन मोदी जी ने कहा तुष्टिकरण नही संतुष्टि होनी चाहिए। सरकार समस्या नही हो सकती। सरकार का काम समाधान निकालना है। आज सरकार ने उसी समाधान निकालने के रास्ते बनाए है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आप मोदी जी को तीसरा कार्यकाल दीजिए। भारत शुरूआत के तीन सालों में ही भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। जिसका मतलब चारों और खुशहाली होगी। देश मजबूत होगा।

# लोकसभा चुनाव: आज होंगे नामांकन, कल रहेगा अवकाश

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। लोकसभा सीट पर दूसरे चरण के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो चुकी है। पहले दिन एक भी नामांकन नहीं हुआ। हालांकि 17 नामांकन पत्रों की बिक्री जरूर हुई। शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवकाश के चलते नामांकन कार्य नहीं हुआ। शनिवार को एक बार फिर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद रविवार को जहां फिर से अवकाश रहेगा तो वहीं सोमवार से नामांकन प्रकिया में तेजी आएगी।अमरोहा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। 28 मार्च को डीएम राजेश कुमार त्यागी ने अधिसूचना जारी कर दी है। नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। कलक्ट्रेट स्थित डीएम कोर्ट में चार अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा किए जा सकेंगे। पांच से सात अप्रैल के बीच नामांकन पत्रों की जांच होगी और आठ अप्रैल को नाम वापसी हो सकेगी। शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवकाश के चलते नामांकन नहीं हुए। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नामांकन प्रकिया को आगे बढ़ाएंगे। कलक्ट्रेट गेट से नामांकन स्थल तक कई स्थानों पर बैरिकेड लगाए गए हैं। सुरक्षा को लेकर कलक्ट्रेट छावनी में तब्दील रहेगा। प्रत्याशियों के साथ आने वाले समर्थकों के वाहनों को रोकने के लिए अमरोहा-जोया मार्ग पर कई स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं। सुरध में पुलिस कर्मी सुबह से ही मुस्तैद रहेंगे। वाहनों की सघन चेकिंग की जाएगी। नामांकन के दौरान बड़े दलों के प्रत्याशियों को एक प्रस्तावक समेत चार लोगों को नामांकन स्थल तक साथ लाने की अनुमति होगी। विभिन्न विभागों से नो ड्यूज प्रमाण पत्र के साथ आवेदक की ओर से शपथ पत्र दिया जाएगा। इसमें कुल संपत्ति, शिक्षा, आय का स्त्रोत, पेशा-व्यापार समेत अन्य निजी जानकारी साझा करनी होंगी।

# अखिलेश ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति को पर चिंता जताई

लखनऊ, एजेंसी

माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी की बांदा में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत के एक दिन बाद शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंता जताते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐसे संदिग्ध मामलों की शीर्ष अदालत के एक न्यायाधीश की निगरानी में जांच की मांग की। वहीं सपा के अन्य नेताओं ने मुख्तार की मौत को संदेह के घेरे में करार देते हुए कहा कि अदालत को इस मामले का स्वत संज्ञान लेना चाहिए। मुख्तार अंसारी को बृहस्पतिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद बांदा जिला जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई थी। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ह्रएक्सदह्व पर कहा कि हर हाल में और हर स्थान पर किसी के जीवन की रक्षा करना सरकार का सबसे पहला दायित्व और कर्तव्य होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध स्थिति में, किसी बंधक या कैदी की मृत्यु होना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास समाप्त कर देगा। यादव ने कहा, ह्रसरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वे पूरी तरह गैर कानूनी है। जो हुकूमत जिंदगी की हिफाजत न कर पाये उसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं। उत्तर प्रदेश ह्रसरकारी अराजकताह्व के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। ये उत्तर प्रदेश में ह्रकानून-व्यवस्था का शून्यकाल है। इस बीच बदायूं पहुंचे पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह ने यहां पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत पर अदालत को संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत संदेह के घेरे में हैं।

# भाजपा के प्रबुद्ध सम्मलेन मे शामिल हुए सैकड़ों सुभासपा कार्यकर्ता

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी मे आयोजित भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध सम्मलेन मे सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व मे सेकड़ो की संख्या मे कार्यकर्त्ता शामिल हुए। सुभासपा कार्यकर्ताओ ने सम्मलेन मे पीएम मोदी जिंदाबाद, सीएम योगी जिंदाबाद, ओमप्रकाश राजभर जिंदाबाद के नारों से सभा स्थल गूंज उठा।बीते दिन वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी मे आयोजित भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध सम्मलेन मे सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व मे सेकड़ो की संख्या मे कार्यकर्त्ता शामिल हुए। इस दौरान जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी कँवर सिंह तंवर को जिताने के लिए सुभासपा का एक एक कार्यकर्ता लोगों को जागरूक कर रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधान मंत्री बनेंगे। इस दौरान आदेश अमरोही डॉक्टर जगत सिंह गुर्जर, जगवीर सिंह चौहान,वीरेंद्र सिंह गुर्जर चंद्र सैन खगवंशी मोहम्मद नाजिम अशोक कुमार रामगोपाल जाटव समीर सिद्दीकी सोहेल साबरी असलम हुसैनब्राह्म पाल सिंह, जितेन्द्र राणा चंद्रपाल सिंह सैनी, साकिर, कबीर, इस्लामुद्दीन इदरीश, राकेश कुमार आर्य, आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### होली पर्व खत्म होने के बाद बिहार से लौटने लगे परदेश



आरा। होली पूजा खत्म होने के बाद बिहार से लौटने लगे परदेस अपने काम पर आरा जंक्शन पर यात्रियों का भीड़ देखने को मिला सभी अपने-अपने काम पर लोटेने लगे वही पर मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक अशोक कुमार ने बताया कि 10 अप्रैल तक कोई ट्रेन में सीट खाली नहीं है तत्काल के लिए सुबह में लोग आधी रात से देखने को मिला लंबी कतार मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक ने बताया कि एक से दो टिकट तत्काल में ही मिल पाता है ऐसे सभी ट्रेनों में वेटिंग चल रहा है लोग वेटिंग टिकट लेकर यात्रा करने पर मजबूर है होली स्पेशल ट्रेनों की सीट खाली नहीं है होली पूजा खत्म होने के बाद आरा जंक्शन से हजारों यात्री अपने काम पर लौट रहे हैं ट्रेनों में चढ़ने के लिए हो रही है धक्का मुक्की वही आरपीएफ के जवानों के द्वारा यात्रियों को विशेष सहयोग किया जा रहा है किसी प्रकार का घटना ना हो जो आरा से स्पेशल ट्रेन होली के लिए खुल रहा है वह भी ट्रेन लगभग फूल ही जा रहा है।

### डुमरिया गांव में गोली से जख्मी लोगों से मिला प्रतिनिधिमंडल



आरा। उदवंत नगर के बेलापुर एवं बिहिया थाना क्षेत्र के लहंग डुमरिया गांव में गोली से जख्मी लोगों से राजद व्यवसायी प्रकोष्ठ भोजपुर के जिलाध्यक्ष शिव कुमार साह एवं तैलिक साहू सभा भोजपुर के जिलाध्यक्ष कमला जी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मिला। प्रतिनिधि मंडल ने शहर के बाबू बाजार स्थित शांति मेमोरियल अस्पताल में जाकर जख्मी एवं उनके परिजनों से पूछताछ कर हाल जाना, उन्होंने इस घटना की निंदा करते की तथा पुलिस से इस कांड में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की इस अवसर पर बुधन जी, अभिषेक जी, राजेंद्र जी, अशोक जी, प्रेमचंद जी, संजय महासेठ इत्यादि मौजूद रहें।

### दो पक्षों के बीच झड़प में हुई फायरिंग

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के सवार्नंद डिहरी गांव में बीती रात किसी बात पर विवाद के बाद दो पड़ोसी आमने-सामने हो गए।इस दौरान दोनों में विवाद इतना बढ़ गया कि एक पड़ोसी ने घर से देशी कट्टा निकाल कर हवाई फायर कर दी।जिसके बाद कुछ समय के लिए घटना स्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार दूसरे पक्ष के लोगों ने उससे देशी कट्टा छीन ली और पुलिस को सूचना दी।जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर एक देशी कट्टा और एक गोली की खोखा को जप्त कर ली।

### लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी कार्यकर्ताओं साथ करेंगे बैठक

सासाराम (रोहतास) सासाराम लोकसभा प्रत्याशी शिवेश राम शनिवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। उसके उपरांत कैमूर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। इसके साथ हीं श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह का अभिनंदन भी किया जाएगा।इसको लेकर पार्टी द्वारा सभी विधान पार्षद, प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, सदस्य, जिला पदाधिकारी,जिला मोर्चा अध्यक्ष, पदाधिकारी, प्रकोष्ठ संयोजक, पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति, मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी, मंडल मोर्चा अध्यक्ष पदाधिकारी, एवं समस्त भाजपा कार्यकताओं को सूचना दी गई है। इसकी जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने दी हैं।

### बाइक के साथ शराब धंधेबाज गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी शराब और बाइक को जब्त कर लिया ,मामले में एक कारोबारी गिरफ्तार।दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के सरना चौक के समीप से नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत असियां निवासी योगेश कुमार को दस लीटर देसी शराब के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया।

### बच्चों की लड़ाई में बड़े भिड़े, मारपीट में हुए घायल

रोहतास।जिले के अमेठी गाँव में बच्चों के विवाद में बड़े लोग भीड़ गए। घटना संझौली थानाक्षेत्र के अमेठी गाँव की है।घायल जोखन साह को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम में लाया गया है।घायल का फिलहाल ईलाज जारी है। घटना के संबंध में घायल जोखन साह के परिजन ने बताया कि अमेठी गाँव में बच्चे की विवाद को लेकर दूसरे पक्ष ने घर में घुसकर जमकर मारपीट किया।

# एक मोटरसाइकिल पर छः की सवारी पड़ सकती है भारी

## भोजपुर में सड़क दुर्घटना में हुआ इजाफा

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले में इन दिनों सड़क दुर्घटना के मामले में वृद्धि हुई है। आये दिन बाइक सवार सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवां बैठते हैं बावजूद इसके लोग अभी तक इसे गंभीरता से लेते हुए नहीं दिखाई दे रहे हैं। आये दिन सड़क दुर्घटनाओं के बावजूद सड़क पर चलने वाले लोग सड़क नियमो के अनुपालन में कोताही बरत रहे हैं। सवारी और दोपहिया वाहनों पर क्षमता से अधिक सवारी बिठाने,नियमो की अनदेखी कर गाड़ी चलाने,ओवरस्पीडिंग,ओवरलोडिंग, समेत नियमो की अनदेखी कर बिना हेलमेट और सीटबेल्ट के गाड़ी चलाना भारी पड़ रहा है। लोग अक्सर सड़क दुर्घटना में बड़ी गाड़ियों की चपेट में आने या आपसी भिड़ंत में जान गंवा रहे हैं। यातायात नियमों के उल्लंघन करने की एक ऐसी ही तस्वीर शुक्रवार की सुबह कोइलवर चौक पर देखने को मिली जहां एक स्प्लेंडर बाइक पर उसके क्षमता से अधिक लोग बैठकर सवारी कर रहे थे। बाइक चालक अपने आगे तेल की टंकी पर एक छोटी बच्ची को बैठाया हुआ था जबकि वो बच्ची के पीछे ड्राइविंग सीट पर बैठकर बाइक चला रहा था उसके पूछे एक युवक अपने गोद में एक बच्चे को लेकर बैठा था। बाइक के आखिर में एक महिला अपनी गोद में एक बच्ची को बिठाकर यात्रा करती हुई नजर आई। जिसकी भी नजर इस बाइक सवार पर पड़ी उसने दांतों तले अंगुली चबा ली।

**कब- कब हुई सड़क दुर्घटना**

- 04 जनवरी को एक तेज रफ्तार शराब लदी स्कॉर्पियो ने स्कड्डी में एक खड़े ट्रक में टक्कर मार दी.घटना में स्कॉर्पियो चालक बुरी तरह जख्मी हो गया।
- 10 जनवरी को कोईलवर बबुरा सड़क पर झलकुनगर एक ओवरलोड बालू लदी ट्रक तेज रफ्तार के कारण सड़क किनारे पलट गई जिसमें चालक बुरी तरह जख्मी हो गया।
- 15 जनवरी को कोईलवर-बबुरा पथ पर चनपुरा के समीप तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रहे एक राहगीर को धक्का मार दिया. इसमे बाइक सवार और राहगीर दोनो बुरी तरह जख्मी हो गए।
- 28 जनवरी को कोईलवर-चांदी पथ पर बहियारा बालू घाट के निकट सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को ट्रक ने ओवरटेक करने में ठोकर मार दी.घटना में बुजुर्ग की मौत हो गयी।
- 07 फरवरी को कोईलवर थाना मोड़ पर रॉंग साइड से आ रही एक फ्लाईऐश ईंट लदी ट्रैक्टर ने आल्टो में ठोकर मार दी इसमे एक कि घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि तीन अन्य बुरी तरह जख्मी हो गए।
- 15 फरवरी को कोइलवर-बबुरा रोड में चनपुरा के समीप बालू लदे एक ट्रक ने कोईलवर के ही बाइक सवार तीन युवकों को ठोकर मार दी जिसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि दो में से एक कि अस्पताल में मौत हो गयी।
- 27 फरवरी को पटना-बक्सर फोरलेन पर विपरीत दिशा से तेजगति से आ रही एक कंटेनर ने बाइक सवार मां बेटे को कुचल दिया जिसमें दोनो गम्भीर रूप से जख्मी हो गए।
- 06 मार्च को कोईलवर-चांदी पथ पर धनडीहा बालू घाट के समीप आलू के खेत से वापस जुगड़गाडी से अपने घर कोईलवर लौट रही महिलाओं को तेजगति से आ रही बालू लदी ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दी.इस घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि 6 अन्य घायल हो गए।
- 12 मार्च को कोईलवर-बबुरा पथ पर नारायणपुर के निकट सेमरा के दो बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया.इसमे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया।
- 17 मार्च को स्कड्डी-नासरीगंज पथ पर लोदीपुर पोखरा के समीप अपने ही ट्रैक्टर के नीचे दबकर एक युवक की मौत हो गयी थी।
- 23 मार्च को कोईलवर सिक्सलेन पुल पर ऑल्टो और क्रेटा कार की आमने सामने की टक्कर में दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी.दुर्घटना के समय दोनो कारों में 9 लोग सवार थे और क्रेटा रॉंग साइड से तेज गति से जा रही थी।
- 28 मार्च को कोईलवर के मनभावन मोड़ पर दो बाइक की टक्कर में एक बाइक पर सवार दोनो युवक बुरी तरह जख्मी हो गए इसमे एक कि इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गयी जबकि दूसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। घटना के समय दोनो बिना हेलमेट के तेज गति से बाइक चला रहे थे।

## गुड फ्राइडे प्रभु यीशु का बलिदान दिवस पर किया गया विशेष उपवास प्रार्थना

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। गुड फ्राइडे प्रभु यीशु का बलिदान दिवस पवित्र शुक्रवार पर विशेष उपवास प्रार्थना द होली सीवर चर्च आरा में किया गया। "दे दिहले क्रूस पर परनवा हो मोरे प्यारे यीशु जी, लहरें लहरें लहराई हो मोरे कुरस के झंडा ,जब से मसीहा के चर्चा सुनाइल दुख मोर दूर भईल सुख घर आ ईल,यीशु का लहू सारे पापों से शुद्ध करता हमें, यीशु ने अपना खून बहा कर मुझे बचा लिया।" सामूहिक गीतों को गाकर प्रभु यीशु मसीह की आराधना किया गया ।चर्च में सर्वप्रथम मसीही (ईसाई) सामुदाय के लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर प्रभु यीशु के बलिदान को याद किया। रोमी साम्राज्य में क्रूस की सजा दिया जाता था यीशु की मृत्यु दर्दनाक था पिलाते राजा को धार्मिक अगुवा, फरिसी, शास्त्रीय, पुरोहितों ने झूठा दोष यीशु पर लगाकर पेश किया। जब पिलातुस राजा के सामने यीशु को मुकदमा खड़ा किया । गया तो उसने जांच कर पाया कि यीशु मे कोई दोष नही है परंतु भीड़ की मांग बढी इसे क्रूस पर चढ़ाओ इस पर राजा ने 39/39 कोड़े मरवाने का निर्णय दिया और यीशु के शरीर को उनतालिस कोडे से जख्मी किया गया, मुंह पर थूका गया, सिर पर कांटों का ताज बनाया गया ,बैजनी वस्त्र पहनाकर, यहूदियों का राजा लिखकर ,बोलकर ठठा उड़ाया गया और कुस उठाकर गोलगोता पहाड़ पर काट के कुस पर किलो से जकड़ कर यहूदियों के राजा लिखकर डाकु ओ के साथ लटका दिया गया ।एक निर्दोष पवित्र मेमना समस्त मानव जाति के पापों के लिए सदा के लिए बलिदान हो गया जिस पर विश्वास करने से मानव जाति का उधार होता है। कुस की कथा क्षमा, प्रेम, त्याग, संबंध ,समर्पण, सेवा का संदेश है इस अवसर पर पादरी अनिल जीऊत ने बताया कि गुड फ्राइडे ईसाइयों का पवित्र पर्व है पवित्र शुक्रवार प्रभु यीशु के बलिदान को याद कर कुस पर कहे अन्तिम सात वचनों पर विचार किया जाता है। हमें मानव जाति में प्रभु यीशु के संदेशों को जन-जन तक पहुंचना है क्रूस के कहे सात वचनों पर ,सुदेश्वर, सोनू, रजनी, निर्मला, आरती ,कविता पूजा कुमारी जोशना पास्टर अनिल जीउत ने अपने विचार रखें ।विशेष गीत" दुख की राह चले करतार " ।रजनी ने गया "कुस धारी काहे के कहईलमरियम के ललनवा" कविता पूजा ने गया बही बच्चों ने विशेष गीत सेनाओ का यहोवा हमारे संग संग है गाकर सबका मन मुग्ध कर लिया इस अवसर पर सोनू कन्हैया ,अनमोल, जोशना रौनक ,कुणाल, पिंकी ,आरती, निर्मला ,सोनी ,आलोक ,विधायपति, बीर बहादुर, आदी सैकड़ो लोग चर्च में मौजूद थे ।

# भाजपा जिला कार्यालय मे 'मोदी संग बिहार साँन्ग ' का लाँचिंग हुआ

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,आरा लोकसभा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता पुनम सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुर्वेदी ने मोदी संग बिहार साँन्ग का लाँचिंग किया। जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा बिहार के भाजपा के सभी 17 लोकसभा मे मोदी संग बिहार साँन्ग का लाँचिंग किया गया ।उसी कार्यक्रम के तहत आरा लोकसभा मे भी मोदी संग बिहार साँन्ग का लाँचिंग किया गया। मोदी संग बिहार साँन्ग लाँचिंग के बाद जिलाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता सह आरा लोकसभा मीडिया प्रभारी द्वारा प्रेस वार्ता किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आरा लोकसभा के प्रदेश से मीडिया प्रभारी पुनम सिंह ने कही कि दस वर्षो के भाजपा शासनकाल मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश मे बहुत तेजी से विकास हुआ है ।सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ आज देश आर्थिक रूप से मजबुत हुआ है ।केन्द्र सरकार की सारी योजनाएँ गरीब कल्याण, महिला, युवा,और किसानो के लिए है। आरा सांसद सह केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह द्वारा ऊर्जा क्षेत्र मे अतुलनीय विकास किया गया है ।आज देश सोलर एनर्जी मे आत्मनिर्भर बन रहा है। बिहार की जनता ने सभी चालीस सीटो पर एनडीए प्रत्याशी को जिताने का संकल्प ले चुकी है और इस बार चार सौ पार कर एनडीए की सीट आएगा और पुनःनरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर देश को विकसित बनाएँगे। वही जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि भोजपुर जिला की जनता भाजपा से आर के सिंह को प्रत्याशी बनने पर गदगद है ।आर के सिंह द्वारा भोजपुर जिला का अभूतपूर्व विकास किया गया. है ।आज देश के सभी घरो मे बिजली पहुंग गया है। बिहार की जनता नरेन्द्र मोदी के साथ है। कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष ई.धीरेन्द्र सिंह, कौशल यादव,महामंत्री राकेश सिंह,मंत्री संतोष चंद्रवंशी, राहुल सिंह,प्रवक्ता नवीन प्रकाश,संतोष सिंह, राजेश सिंह,संतोष तिवारी,रमेश कुमार कर्ण,मनीष कुमार,शिवजी सिंह आदि थे।

## कोइलवर ब्लॉक, मथुरापुर पंचायत मे परशुराम सब्जी मार्केट का किया उद्घाटन

आरा। परशुराम सब्जी मार्केट का उद्घाटन किया गया। कोइलवर ब्लॉक, मथुरापुर पंचायत के बभनौली ग्राम सूर्यमंदिर मानिक पुर के नजदीक परशुराम सब्जी बाजार का आज उद्घाटन सवर्गीय परशुराम नेता जी के धर्मपत्नी लीलावती राय, ललित नारायण, अमित नारायण, उमेश कुमार सुमन, अशोक जी, मुकेश,यादव रबिंद्र रजक, जिला परिषद,करीमन सरपंच मथुरा पुर, रौशन महतो राजू, दशरथ यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधि,जनता के संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया । उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाजार के उद्देश्य और क्रेता विक्रेता के बीच आपसी सहयोग, होना चाहिए। संचालन सुमन जी कर्मचारी नेता गोपगुट ने किया।

# रोहतास में चोरों का आतंक : घर में ताला बंद कर गाँव गये दो घरो में चोरों ने की भीषण चोरी

## 24 घंटे के भीतर चोरों ने एक ही मुहल्ले के दो घरों में भीषण चोरी की घटना को दिया अंजाम

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास। जिले के डेहरी नगर थानाक्षेत्र अंतर्गत न्यू डिलियाँ स्थिति लाल कॉलोनी मुहल्ले में चोरों ने दो दिनों के भीतर बंद पड़े दो घरों में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बारे में पीड़ित गृह स्वामी ऋतु रंजन सिंह ने बताया कि होली के पूर्व उनका पूरा परिवार घर मे ताला बंद कर होली त्योहार मनाने के लिए अपने पैतृक गाँव नौहट्टा थानाक्षेत्र के टीपा गाँव गए हुए थे।

होली पर्व बीतने के बाद जब ऋतु रंजन सिंह अपने पूरे परिवार के साथ लाल कॉलोनी स्थित अपने मकान में पहुंचे तो बाहर के गेट का ताला खोलने के बाद देखा कि अंदर के मुख्य दो दरवाजे के ताले को तोड़ दिया गया है। अंदर प्रवेश करने के बाद घर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। अलमारी वगैरह के ताले तोड़े हुए थे। इसके बाद पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पीड़ित गृह स्वामी ऋतु रंजन सिंह ने बताया कि चोरों ने उनके घर से लगभग 40 से 45 लख रुपए की आभूषण और नगदी की चोरी की है। जिसमें लगभग 50 हजार के करीब नगदी और बाकी के सोने चाँदी के आभूषण सहित अन्य सामान थे।

वहीं घटना के 24 घंटे के पूर्व लाल कॉलोनी मोहल्ले में ही चोरों ने एक और बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब 8 से 10 लख रुपए के नगदी और आभूषणों की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उक्त घर प्रमोद सिंह का बताया जा रहा है जो की होली पर्व मनाने वह अपने पैतृक गाँव रोहतास जिले के बघेला थाना अंतर्गत भव पोखर गाँव गए हुए थे। उनका भी घर बंद देख चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। होली पर्व में 24 घंटे के भीतर एक ही मोहल्ले में दो बंद पड़े घरों में भीषण चोरी की घटना को चोरों द्वारा अंजाम दिया गया है। जिसको लेकर मोहल्लेवासी सहित शहर के लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। जिस मुहल्ले में चोरों ने दो बंद पड़े घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है उसी मुहल्ले में डिहरी नगर थाना टीओपी-2 ( पुलिस चौकी) स्थापित है। पुलिस चौकी होने के बावजूद चोरों ने बंद पड़े दो घरों में भीषण चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। वही इस मामले में पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जाँच में जुटे हुए हैं और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का पीड़ित परिवारो को आश्वासन दिया है।

# 01 अप्रैल से टोल टैक्स में होगी बढ़ोतरी

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। अगर राष्ट्रीय राजमार्ग से आप यात्रा करते हैं तो अगले एक अप्रैल से यह यात्रा महंगी होने वाली है। नए वित्तीय वर्ष में कई चीजें बदलेंगी,कई जगह पर लगने वाले शुल्क में भी बढ़ोतरी होगी। इसी क्रम में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले गाड़ियों से लिये जाने वाले टोल में बढ़ोतरी की है। 01 अप्रैल से बढ़ी हुई दर से टोल की वसूली की जाएगी ।इसे लेकर सभी टोल प्लाजा को एनएचएआई की ओर से 01 अप्रैल से नई दर से टोल लेने को कहा है ।इसे लेकर पटना-बक्सर फोरलेन के कुल्हड़िया में कार्यरत मेसर्स भोलेशंकर विन्ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित टोल प्लाजा पर भी 01 अप्रैल से पुनर्निर्धारित नए दर से टोल लिया जाएगा ।टोल मैनेजर राजीव मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में शुल्क में मामूली बढ़ोतरी की जाती है ।आगामी वित्तीय वर्ष में भी एनएचएआई द्वारा एनएच से गुजरने वाली गाड़ियों से लिये जाने वाले टोल में मामूली बढ़ोतरी की गई है ।इसके साथ ही मासिक पास की दरों में भी मामूली बढ़ोतरी होगी जो एक अप्रैल से प्रभावी हो जाएगी।

**कुल्हड़िया टोल प्लाजा पर कितना बढ़ेगा टोल**

- वाहन के प्रकार/ वनवे पहले/बाद में.../वापसी सहित पहले/बाद में
- कार/जीप/वैन/हल्के वाहन 100/100///150/155
- एलसीवी/एलजीवी/मिनी बस 160/165////240/250
- बस और ट्रक(02 एक्सेल) 340/345////505/520
- 03 एक्सेल व्यवसायिक वाहन 370/380////555/570
- 04-06 एक्सेल एचसीएम/ईएमई/एमएवी 540/545////795/815
- 07 और उससे अधिक एक्सेल वाले ओवरसाइज्ड वाहन 645/660////970/995
- इसके अलावे टोल प्लाजा के 20किमी के अंदर के गैर व्यवसायिक वाहनों को अब 330 के बदले 340 रुपये शुल्क देना पड़ेगा।

# सदर अस्पताल में ईलाज के क्रम में नवविवाहित की हुई मौत

प्रात: किरण संवाददाता

बक्सर (शाहाबाद) जिला सदर अस्पताल में इलाज के दौरान एक नवविवाहित महिला की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने गुरुवार को जमकर अस्पताल में बवाल काटा।

जिसके बाद बक्सर चौसा मुख्य मार्ग पर आगजनी करते हुए सड़क जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है की इमरजेंसी वार्ड में कोई डॉक्टर नहीं था। साथ ही ओपीडी में दिखाने के लिए पहले पुर्जा कटवाने की बात कही गयी जहां लम्बी कतार लगी हुयी थी। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया सड़क जाम करते हुए लोग। की नया बाजार के रहने वाले विजेंद्र केसरी की पुत्री रिचा कुमारी जिसका विवाह लगभग तीन माह पूर्व रोहतास जिले के कोआथ में हुआ था। जो कुछ दिन पूर्व मायके आयी हुयी थी जहा गुरुवार की सुबह लगभग ग्यारह बजे खाना खाने के बाद पेट में दर्द और उल्टी आने लगा। जिसके बाद तुरंत हम लोग लेकर सदर अस्पताल में पहुंचे। सदर अस्पताल में पहुंचने पर इमरजेंसी वार्ड में कोई डॉक्टर नहीं था कम्पाउंडर और मौजूद नर्स द्वारा ऑक्सीजन लगाया गया। वही बीपी नापने की कोशिश की गयी लेकिन बीपी मशीन खराब होने की वजह से पता नहीं चल पाया। जिसके बाद तुरंत ओपीडी वार्ड में बैठे डॉक्टर से देखने के लिए अनुरोध किये जाने पर कहा गया की पहले पुर्जा बनवाइए उसके बाद देखा जायेगा। पुर्जा कटवाने के लिए लम्बी कतार होने के चलते एक व्यक्ति लगाकर पुनः डॉक्टर से अनुरोध किया गया तो बोले की मरीज को लेकर आइये। बार बार कहा गया की मरीज को ऑक्सीजन लगा हुआ है बावजूद बोले की लेकर आइए मजबूरन मरीज का ऑक्सीजन निकालकर डॉक्टर को दिखाने ले गए जहां देखने के बाद कुछ डॉक्टर द्वारा जांच बाहर करवाने के लिए बोला गया। जहां मौजूद एक व्यक्ति द्वारा बहार पैथोलेब में जांच के लिए ले गया। इधर ऑक्सीजन निकालने के बाद मरीज की हालत बिगड़ने लगी थी। लेकिन पुनः इमरजेंसी वार्ड में लेकर ऑक्सीजन लगाया गया लेकिन शरीर ठंडा होने लगा और लगभग डेढ़ बजे के आसपास मरीज की मौत हो गयी। मरीज की मौत होने के बाद डॉक्टर आये और मरीज को देख रहे थे। जिस पर परिजनों द्वारा बवाल शुरू कर दिया गया। इसके बाद नया बाजार के सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष पहुंच डॉक्टर की लापरवाही का आरोप लगाकर अस्पताल में जमकर हंगामा करने लगे। जहां देखते ही देखते अस्पताल गेट पर बक्सर चौसा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया। जिसकी सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य और बीडीओ रोहित कुमार ने पहुंचकर परिजनों को समझा बुझा कर जाम को हटाया गया।

# विजयी टीम को ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड के नोनहर गांव में ब्रह्म भट्ट एकता मंच के तत्वावधान में चैता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता व्यास प्रदुमन प्रदेशी और रौशन राज के टीम के बीच हुई। जिसमें प्रदुमन प्रदेशी की टीम विजयी रहा। विजयी टीम को मंच द्वारा ट्रौफी देकर सम्मानित किया गया। रनर टीम सहित सभी कलाकारों को मंच के कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ होने से पहले कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक राजेश्वर राज सहित सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक मंडल को बधाई दी। कहा कि विलुप्त हो रहे पारंपरिक चैता गीत को कायम रखने का यह अच्छा प्रयास है। जिला पार्षद प्रभाषचंद्र सिंह ने कहा कि ब्रह्म भट्ट एकता मंच के सदस्यों द्वारा पिछले पांच वर्षो से चैता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जितनी भी प्रसंशा की जाए कम होगी। चैता और होली गायन कार्यक्रम से आपसी प्रेम भाईचारा की भावना जागृत होती है। नोनहर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज सभी कलाकारों, अतिथियों का स्वागत किया। आयोजक मंडल के सदस्यों की सराहना की। इनके अलावा जदयू के प्रदेश महासचिव बिनोद राय, भाजपा नेता जनार्दन योगी, राजन तिवारी, मदन प्रसाद वैश्य सहित कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से शशिकांत ने किया। उसके उपरांत रौशन राज की टीम ने सुमिरन कंठे सरवा होख ना सहयिया हो रामा......से चैता गायन प्रारंभ किया।

## दलित एवं महादलित समुदाय महिलाओ के बीच प्रशिक्षण तीन माह के लिए किया गया शुरू

आरा : अंधेरी हिल्फ परियोजना के तहत भोजपुर महिला कला केंद्र के द्वारा उदवंत नगर प्रखण्ड के पियनिया गांव में दलित एवं महादलित समुदाय महिलाओ के साथ सिलाई, कुशन और सुजनी शिल्प से संबंधित पिलो कवर, सुजनी, फ्राक, डिजाइनिंग ब्लाउज जैसे उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण तीन माह के लिए शुरू किया गया। उक्त प्रशिक्षण का शुभारंभ माननीय राष्ट्रपति के द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित सह भोजपुर महिला कला केंद्र के सचिव श्रीमती अनिता गुप्ता, संस्था के कोषाध्यक्ष श्रीमती गीता देवी, परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार उक्त कार्यशाला के मास्ट्ट्रेनर रीता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुये श्रीमती अनिता गुप्ता ने कही कि यह कार्यशाला तीन माह तक चलेगा इस कार्यशाला मे आप सभी के हुनर को ज्यादा से ज्यादा विकसित कर वर्तमान के मार्केट के माँग के अनुरूप विकसित किए जाना है, उनकी एक अलग पहचान स्थापित करना है। सभी के सहमती से प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन प्रातः10 बजे से शाम 4 बजे तक सुनिश्चित किया गया है।

## शराब तस्करों ने चौकीदार को जमकर पीटा

ब्रह्मपुर (बक्सर) स्थानीय थाना क्षेत्र में ललन जी के डेरा के पास बक्सर पटना फोर लेन पर ब्रह्मपुर थाने के एक चौकीदार हरेंद्र यादव को शराब तस्करों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। बताया जाता है कि चौकीदार पंप पर तेल लेने गया था। घायल चौकीदार को इलाज के लिए रघुनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। चौकीदार ने ललन जी डेरा निवासी नौ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कहा है कि शराब तस्करों द्वारा उन पर हमला किया गया। वैसे इस घटना से जुड़ा एक तथ्य यह भी है कि चौकीदार हरेंद्र यादव की भूमिका संदिग्ध है और उसके विरुद्ध भी पुलिस विभाग द्वारा उसकी भूमिका की जांच पड़ताल की जा रही है। वही आरोपियों द्वारा उसके विरुद्ध जांच में गवाही दी गई है। जिस संदर्भ में इस तरह की घटना घटित हुई। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि चौकीदार के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। वैसे भी ललन जी का डेरा शराब तस्करी के लिए चर्चित है। जहां कई बार पुलिस ने छापामारी कर भारी मात्रा में शराब भी बरामद किया है। वहां के तस्करों द्वारा इससे पहले भी पुलिस पर भी हमला किया गया है।

## बच्चों के बीच चित्रकला कार्यशाला से उनकी प्रतिभाएं मुखर होंगी : प्रो प्रशुन्जय



आरा। स्थानीय अनाईठ में 'नई आशा' के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आज समापन हुआ, जिसका उद्घाटन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रो. प्रशुंजय कुमार सिन्हा एवं अध्यक्षता डॉ भीम सिंह भवेश ने किया। कार्यशाला के दरम्यान ख्याति प्राप्त चित्रकार कौशलेश कुमार के निर्देशन में अभिनव मिश्रा, रूपा कुमारी, रुखसार परवीन, मीरा पांडे, अदिति, श्वेता एवं सोनम तिवारी आदि चित्रकारों के सहयोग से समाज के मुख्य धारा से कटे इन बच्चों को चित्रकला के मूल संरचनाओं से अवगत कराया गया। उन्हें पेंसिल से लेकर स्केचिंग, लाईन, रेखा की शुरूआती ज्ञान के साथ ड्राइंग के विभिन्न पहलुओं को बताया गया। स्केचिंग किए हुए ऑब्जेक्ट को रंगों से कैसे भरेंगे, प्राथमिक रंग एवं सेकेंडरी रंग के साथ रंगों की मूलभूत संरचना एवं रंगत के बारे में विस्तार पूर्वक छात्रों को बताया गया। कौशलेश ने कहा कि अगर भविष्य में अच्छे अवसर मिले तो इनमें से अच्छे कलाकार निकालेंगे, क्योंकि इनकी प्रतिभा में एक कलाकार की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। चित्रकार अभिनव मिश्रा ने चित्रकला में लाइट एवं डार्क के तालमेल पर प्रकाश डाला। रूपा कुमारी एवं रुखसार परवीन ने भोजपुरी चित्रकला के अंतर्गत कोहबर एवं पीडिया चित्रकला की रूपरेखा एवं उसकी महत्व को बताया ।समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो प्रसुंजय कुमार सिन्हा सभी बच्चों के तैयार चित्रों को देखकर भाव विभोर हो गए। प्रो सिन्हा ने कहा कि नई आशा द्वारा आयोजित यह चित्र कार्यशाला, कला-कौशल की प्रतिभा का खोज है। इस तरह के आयोजन से वंचित समाज के इन बच्चों को कला, संस्कृति एवं समाज का वर्तमान परिदृष्य के साथ घर-परिवार को समझने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे।

## प्रधानमंत्री तस्वीर युक्त बोरे में पैक उर्वरक बिक्री पर लगी रोक

सासाराम (रोहतास) लोकसभा चुनाव को ले प्रधानमंत्री की तस्वीर युक्त बोरी वाले उर्वरक की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। इस कारण प्रधानमंत्री की फोटो व स्लोगन वाले उर्वरक को फिलहाल बिक्री नहीं की जाएगी। यदि किसी विक्रेताओं द्वारा ऐसा किया जाता है तो इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना ।जाएगा। जिसे लेकर जिला कृषि पदाधिकारी राम कुमार ने सभी खुदरा व थोक विक्रेताओं को पत्राचार किया है जिसमें ऐसे उर्वरक की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोक सभा का आम निर्वाचन 2024 के लिए राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है। कई प्रखंडों से जानकारी मिली है उर्वरक की बैग पर प्रधानमंत्री की तस्वीर व संदेश मुद्रित है, जो आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आता है। सभी थोक व खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठान को निर्देशित किया गया कि यदि उर्वरक के बैग पर प्रधानमंत्री की तस्वीर व संदेश मुद्रित है तो वैसे उर्वरक की बिक्री नहीं की जाएगी।



## शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होंगी करिश्मा-करीना!

# कपूर सिस्टर्स की राजनीति में एंट्री

बॉलीवुड के कई चर्चित चेहरे लोकसभा चुनाव से पहले पार्टियां ज्वाइन कर रहे हैं। वहीं अब इसी कड़ी में महाराष्ट्र से बड़ी खबर सामने आ रही है जब कपूर खानदान के दो बड़े चेहरे राजनीति में एंट्री कर सकते हैं।

बॉलीवुड के कई चर्चित चेहरे लोकसभा चुनाव से पहले पार्टियां ज्वाइन कर रहे हैं। जहां कंगना रनौत को BJP की ओर से टिकट मिला। वहीं अब इसी कड़ी में महाराष्ट्र से बड़ी खबर सामने आ रही है जब कपूर खानदान के दो बड़े चेहरे राजनीति में एंट्री कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि करिश्मा कपूर और उनकी बहन करीना कपूर जल्द ही एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना में शामिल हो सकती हैं और वे चुनाव भी लड़ सकती हैं। इतना ही नहीं अपने जमाने के सुपरस्टार रहे गोविंदा भी एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना में शामिल होंगे।

इन तीनों को लोकसभा चुनाव में लड़ाया भी जा सकता है। गोविंदा के साथ-साथ करीना कपूर और करिश्मा कपूर को एकनाथ शिंदे वाली शिव सेना की तरफ से प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

गोविंदा पहले भी कांग्रेस की तरफ से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं और सांसद भी बन चुके हैं। अगर ऐसा दोबारा होता है तो महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की शिवसेना के लिए यह बड़ी बात साबित हो सकती है।

## क्या कंगना रनौत और गोविंदा के बाद पॉलिटिक्स में एंट्री करेंगी कृति सेनन?

### एक्ट्रेस ने दिया यह जवाब

कृति सेनन भी क्या अब कंगना रनौत के बाद पॉलिटिक्स में एंट्री करेंगी, एक्ट्रेस ने जवाब दिया। कृति ने कहा कि जिस दिन लगा कि कुछ और करना है तो वह शायद राजनीति में आ सकती हैं। कृति सेनन यह भी कहा कि वह कभी कुछ सोचकर नहीं करतीं कि क्या करना है और क्या नहीं। जैसे ही कंगना रनौत को लोकसभा का टिकट मिला और उनकी राजनीति की दुनिया में एंट्री कन्फर्म हुई, हर तरफ हलचल मच गई। बॉलीवुड गलियारों में भी इसकी धमक महसूस की गई। इसके बाद तो गोविंदा ने भी राजनीति में वापसी की घोषणा कर दी। उधर उर्मिला मातोंडकर कुछ साल पहले ही राजनीति में आ गई थीं। वहीं टीवी के राम यानी अरुण गोविल को बीजेपी ने मेरठ से लोकसभा चुनाव में उतारने का फैसला किया है। अब जब बॉलीवुड सितारे राजनीति में हाथ आजमाने लगे हैं, तो ऐसे में



कृति सेनन से भी पूछ लिया गया कि क्या उनका ऐसा कोई प्लान है। जानते हैं कृति सेनन ने क्या कहा?

इस वक्त अपनी फिल्म क्रू को लेकर चर्चा में हैं, जो 29 मार्च को रिलीज हो गई है। फिल्म में तब्बू, करीना कपूर खान, दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा समेत कई सितारे हैं। कृति हाल ही टाइम्स नाऊ समिट में मौजूद थीं। कृति ने जवाब दिया, मैंने इस बारे में कभी नहीं सोचा।

मैं कभी नहीं सोचती कि मैं ये करूंगी या वो करूंगी, जब तक कि यह अंदर से नहीं आता या मेरे अंदर इसे लेकर स्ट्रॉन्ग फीलिंग पैदा नहीं होती। अगर किसी दिन मेरे दिल में कुछ ऐसा आया कि मुझे कुछ और ज्यादा करना है, तो तब शायद (ऐसा सोच सकती हूं)...।



## आरुषि निशंक ब्लैक स्वैन चैंपियन ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित अभिनेत्री ने जताई खुशी

अभिनेत्री, निर्माता और सामाजिक कार्यकर्ता आरुषि निशंक को ब्लैक स्वैन चैंपियन ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आरुषि ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की है। अभिनेत्री को यह अवॉर्ड एशिया वन मैगजीन और ईटी नाउ द्वारा आयोजित एक आयोजन में दिया गया है। यह सम्मान समारोह अलग-अलग क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों के लिए आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में गायक सोनू निगम, अभिनेत्री रूबीना दिलैक, शेखर सुमन और डॉ. निरंजन हिरानंदानी जैसी मशहूर शख्सियत भी शामिल हुईं। सभी को उनकी असाधारण प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। आरुषि ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से समारोह की तस्वीरें साझा की हैं।

आरुषि ने इसके साथ लिखा है, आखिर अवॉर्ड्स किसे पसंद नहीं होते! ब्लैक स्वैन अवॉर्ड के लिए एशिया वन मैगजीत और ईटी नाउ का तहे दिल से शुक्रिया। अभिनेत्री के इस पोस्ट पर फैंस उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। अपनी अभिनय प्रतिभा के साथ-साथ आरुषि पर्यावरण के प्रति अपने समर्पण के लिए भी जानी जाती हैं। वह सामाजिक कार्यों से जुड़ी रहती हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए वह बढ़-चढ़कर काम करती हैं। सम्मान समारोह में भी अभिनेत्री के मनोरंजन के क्षेत्र व पर्यावरण के लिए किए जा रहे कार्यों की तारीफ की गई।

# कपिल ने अर्चना को बताया लकी चार्म



कॉमेडियन कपिल शर्मा अपने शो के साथ एक बार फिर कमबैक कर रहे हैं। इस बार उनके शो का नाम 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' है और ये 30 मार्च से शुरू हो रहा है। शो का प्रीमियर इस बार नेटफ्लिक्स पर होने वाला है। इस बार शो का फॉर्मेट काफी अलग होने वाला है और खास बात ये है कि कई साल बाद सुनील ग्रोवर शो में वापस आने वाले हैं। फैंस इस बात से काफी खुश हैं। अर्चना पूरन सिंह इस बार भी जज की कुर्सी पर नजर आने वाली हैं। कपिल शर्मा और अर्चना पूरन सिंह का पुराना नाता है और अब कपिल ने उन्हें अपना लकी चार्म बताया है। शो के प्रमोशनल इवेंट के दौरान कपिल ने अपने साथ काम कर रहे सभी कलाकारों की तारीफ की। खासतौर पर उन्होंने सुनील ग्रोवर और अर्चना पूरन सिंह को सराहा। उन्होंने सुनील ग्रोवर की फैन फॉलोइंग के बारे में बात की। अर्चना पूरन सिंह के बारे में बात करते हुए कपिल ने कहा, वो हमारी लकी चार्म है। हमने साल 2013 में शो करना स्टार्ट किया था। उससे पहले मैं अर्चना जी के साथ कॉमेडी सर्कस में काम करता था। उनकी खासियत ये है कि उन्हें हर तरह का ह्यूमर समझती हैं और ये एक कला है। जब वो हमारे सामने बैठती हैं तो हम बहुत एन्जॉय करते हैं। इस शो को 11 साल हो गए हैं और मैं सभी को इसे प्यार देने के लिए धन्यवाद कहता हूं। इस बार हम और ज्यादा लेकर आने वाले हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' लंबे इंतजार के बाद सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जोड़ी को एक बार फिर साथ ला रहा है। साल 2017 के बाद दोनों के बीच विवाद की खबरों के बाद सुनील ने ये शो छोड़ दिया था। उनके बारे में बात करते हुए अब कपिल ने कहा है, आप लोग सुनील पाजी को बहुत प्यार करते हो। लोगों को लगता है कि हम दोनों साल 2013 से एक साथ आए हैं, लेकिन 2009 में एक शो था हंस बलिए और मैं उन्हें वहां पहली बार मिला था। आप जानते ही हैं पूरा शो एक तरफ और इनकी फैन फॉलोइंग एक तरफ।

## अक्षय संग ब्रेकअप के बाद रवीना की थी सुसाइड करने की कोशिश?





रवीना टंडन की गिनती बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में की जाती है। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी फिल्म 'पटना शुक्ला' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में एक्ट्रेस एक वकील का किरदार निभा रही हैं। रवीना अपनी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने अक्षय कुमार संग अपने ब्रेकअप को लेकर खुलकर बात की है। इसी के साथ एक्ट्रेस ने रिश्ता टूटने के बाद आत्महत्या के प्रयास की खबरों पर भी चुप्पी तोड़ी है। रवीना टंडन ने अक्षय कुमार संग 20 साल बाद स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं। दोनों फिल्म 'वेलकम टू जंगल' में नजर आने वाले हैं। एक्ट्रेस ने मोजो स्टोरी के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि बहुत सारे रिश्ते टूटते हैं और लोग आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन आप दोस्त बने रहते हैं। आपको एहसास होता है कि हम साथी के रूप में अच्छे नहीं थे। इसमें बड़ी बात क्या है? मैं नहीं समझ पाती। मैं इसके साथ बिल्कुल ओके थी। मीडिया ने सबसे ज्यादा हंगामा इसलिए मचाया क्योंकि वह अपनी मैग्जीन बेचना चाहते थे। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए बस मेरा परिवार और दोस्तों की सोच मायने रखती है। एक पॉइंट पर आने के बाद लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, मुझे फर्क नहीं पड़ता। हालांकि, वह कहती हैं कि सगाई टूटने की खबरों के बाद आत्महत्या की कोशिश करने की अफवाह ने उन्हें 2 बेटियों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया था। रवीना ने आगे कहा कि जिस तरह की कहानियां चारों तरफ चल रही थी उस पर मेरा कोई कंट्रोल नहीं था। जिस दिन मैं अपनी दो लड़कियों को घर ले आई मुझे लगा कि उन्हें उन्हें वह जिंदगी नहीं मिल रही है, जो वह डिजर्व करती हैं। मुझे बुरा लग रहा था। कुछ ऐसा था कि मेरे घर के करीब हो रहा था और फिर मैंने जिम्मेदारी संभालने का फैसला किया, जिस दिन मैं 21 साल की हुई मैं उन्हें ले आई। मैं अपने सामने यह सब होते हुए नहीं देख सकती थी।

## अदा शर्मा ने शेयर किया फिटनेस मंत्र



एक्ट्रेस अदा शर्मा ने फिटनेस मंत्र शेयर करते हुए कहा है कि यह मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा है। अदा ने वर्कआउट हमेशा मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा रहता है। 31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हाल ही में हाथियों को नहलाते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, यह होली के बाद वाला वर्कआउट है। एक्ट्रेस ने कहा, हाथी मेरे दोस्त हैं और उन्हें नहलाना पूरे शरीर का वर्कआउट है, जिसमें एक घंटा लगता है। इससे कंधों से लेकर बाइसेप्स, ग्लूट्स और टांगों तक सभी की कसरत होती है।अदा ने कहा कि वर्कआउट के अलावा डाइट भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह वर्कआउट पूरी तरह से क्रंचेज और लेग रेज और वेट लिफ्टिंग के बराबर है। फिटनेस में डाइट अहम भूमिका निभाती है। मैं भी अपने दोस्त हाथियों की तरह शुद्ध शाकाहारी हूं।



## पटना शुक्ला के प्रीमियर पर दबंग 4 को लेकर सलमान ने दिया बड़ा अपडेट

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी लोकप्रिय दबंग फ्रेंचाइजी के चौथे पार्ट पर एक अपडेट शेयर किया है और कहा है कि जिस पल वह और उनके भाई अरबाज खान एक स्क्रिप्ट पर सहमत हो जाएंगे, फिल्म बन जाएगी। अरबाज द्वारा निर्मित स्ट्रीमिंग फिल्म पटना शुक्ला के प्रीमियर में सलमान शामिल हुए, जहां मीडिया ने स्टार से दबंग 4 के बारे में पूछा। सुपरस्टार ने जवाब दिया, बहुत जल्दी, जैसे ही दोनों भाई एक ही स्क्रिप्ट में लॉक हो जाएंगे। वह कुछ ओर चाहता है और मैं कुछ और.. जैसे ही स्क्रिप्ट फाइनल हो जाएगी, वैसी ही दबंग 4 रिलीज हो जाएगी। सलमान ने रवीना की जमकर तारीफ की, जिन्होंने 1991 में रिलीज हुई उनकी फिल्म पत्थर के फूल से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। पटना शुक्ला में रवीना तन्वी शुक्ला की भूमिका में हैं। एक्टर ने कहा, मैंने रवीना के साथ पत्थर के फूल और अंदाज अपना-अपना समेत 3-4 फिल्मों में काम किया है। मैं उन्हें काफी समय से जानता हूं। उन्होंने अपनी पहली फिल्म मेरे साथ की थी। अब इतने सालों बाद अरबाज उनके साथ काम कर रहे हैं। वह बहुत अच्छी एक्टर हैं और मेरी दोस्त हैं। सलमान ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनकी बेटी राशा को भी शुभकामनाएं दीं, जो अभिषेक कपूर की आने वाली थ्रिलर में अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। पटना शुक्ला डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




## संक्षिप्त समाचार

### 49 पर जा सकता है सुजलॉन एनर्जी का शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में तूफानी तेजी के बीच एनर्जी सेक्टर की कंपनी- सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों में भी उछाल आया। गुरुवार को लगातार दूसरे कारोबारी दिन शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा और भाव 40.47 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। बीते दो कारोबारी दिन में यह शेयर करीब 9 फीसदी चढ़ चुका है। हालांकि, शेयर अपने एक साल के उच्चतम स्तर 50.72 रुपये से अब भी 20 प्रतिशत नीचे है। बता दें कि पिछले महीने 2 फरवरी को शेयर ने इस स्तर को टच किया था। वहीं, शेयर अपने 52 हफ्ते के निचले स्तर के मुकाबले 473 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। 29 मार्च 2023 को यह शेयर 7.06 रुपये के निचले स्तर को टच किया था। ब्रोकरेज आनंद राठी ने सुजलॉन एनर्जी पर 49 रुपये का टारगेट रखा है। ब्रोकरेज के मुताबिक भारत की विंड टर्बाइनों में 32 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सुजलॉन एनर्जी वित्त वर्ष 2006 के बाद पहली बार नेट कैश में बदल गई है। इस कंपनी का फोकस कर्ज कम करने पर रहा और लगातार ऑर्डर मिलने से भी शेयर को फायदा हुआ। ब्रोकरेज ने कहा कि हम कंपनी की बाजार स्थिति को देखते हुए शेयर को खरीदें रेटिंग के साथ कवरेज शुरू करते हैं। सुजलॉन ग्रुप ने हाल ही में घोषणा की है कि क्रिसिल ने कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति, आदि को देखते हुए पॉजिटिव आउटलुक के साथ अपनी रेटिंग को ए में अपग्रेड कर दिया है। बता दें कि बीएसई और एनएसई ने सुजलॉन की सिक्योरिटीज को लॉन्ग टर्म एएसएम (अतिरिक्त निगरानी उपाय) के तहत रखा है। निवेशकों की सुरक्षा के लिए स्टॉक एक्सचेंज इस तरह के कदम उठाते हैं। बता दें कि दिसंबर 2023 तक, प्रमोटरों के पास कंपनी में 13.29 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

### अडानी ग्रुप को पैसों की जरूरत! लोन जुटाने की कोशिश में समूह




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार अडानी एनर्जी सॉल्यूशन्स ने स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट्स के लिए 600 मिलियन डॉलर का फंड जुटाने का प्रयास कर रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार यह लोन 3 से 5 साल के लिए हो सकता है। भारत अगले कुछ सालों में 250 मिलियन स्मार्ट मीटर्स देशभर में लगाने जा रहा है। सरकार के इस प्लान की वजह से श्नाइडर इलेक्ट्रिक एसई और इलेक्ट्रीसाइट डी फ्रांस एसए जैसी कंपनियां भी इस सेक्टर में निवेशक को लेकर आकर्षित हुई हैं। पिछले साल दिसंबर अडानी एनर्जी सॉल्यूशन्स ने यूएई की कंपनी के साथ देश और विदेश में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए समझौता किया था। अडानी एनर्जी सॉल्यूशन्स को दिसंबर 2023 के तिमाही में 276 मिलियन डॉलर का प्रोजेक्ट मिला था। इसके अलावा कंपनी ने बताया है कि उनके पास 302 किलोमीटर्स के ट्रांसमिशन नेटवर्क का भी काम है।

# सरकार की सकल देनदारियां दिसंबर अंत तक बढ़कर 160.69 लाख करोड़ रुपए: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय ने कहा कि सरकार की कुल देनदारी दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में मामूली बढ़कर 160.69 लाख करोड़ रुपए रही। यह सितंबर के अंत में 157.84 लाख करोड़ रुपए थी। सार्वजनिक ऋण प्रबंधन पर तिमाही रिपोर्ट (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के अनुसार, तिमाही आधार पर कुल देनदारी में 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90 प्रतिशत था।

रिपोर्ट में कहा गया है, ''तिमाही के दौरान, घरेलू बॉन्ड पर प्रतिफल शुरू में बढ़ा लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, अक्टूबर और नवंबर के लिए उम्मीद से कम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और भारतीय सरकारी बॉन्ड (आईजीबी) के वैश्विक उभरते बाजार सूचकांक में शामिल होने की संभावना की खबर से इसमें नरमी आई। इसके अलावा,




दीर्घकालिक निवेशकों की मांग को पूरा करने के लिए 50 साल की काफी लंबी अवधि वाली सरकारी प्रतिभूति पेश की गई। दूसरी ओर, तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी पर रिटर्न अस्थिर रहा। इसका कारण मुख्य रूप से अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कदम, मुद्रास्फीति और रोजगार आंकड़े थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक वर्ष से कम समय में परिपक्व होने वाली प्रतिभूतियों (दिनांकित प्रतिभूतियों) का अनुपात दिसंबर, 2023 के अंत में 4.1 प्रतिशत (सितंबर 2023 के अंत में 4.6 प्रतिशत) रहा। दिसंबर, 2023 के अंत में एक से पांच साल के भीतर परिपक्व होने वाले प्रतिभूतियों का अनुपात 21.8 प्रतिशत था, जो सितंबर, 2023 के अंत के 23 प्रतिशत से कम है। अगले पांच साल में परिपक्व होने वाला बॉन्ड दिसंबर, 2023 के अंत में कुल बकाया ऋण का 25.9 प्रतिशत हो गया। यह औसतन बकाये का 5.2 प्रतिशत है। ऐसे में अगले पांच वर्षों में हर साल 5.2 प्रतिशत चुकाने की जरूरत होगी। मंत्रालय ने कहा कि रिपोर्ट तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण प्रबंधन और नकदी प्रबंधन संचालन का लेखा-जोखा प्रदान करती है और ऋण प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी देती है।

## दो दिग्गज कारोबारी आए एक साथ, रिलायंस ने अदाणी पावर में खरीदी 26 हिस्सेदारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गौतम अदाणी के मध्यप्रदेश पावर परियोजना में 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। इसके जरिये कैप्टिव उपयोग के लिए संयंत्रों की 500 मेगावाट बिजली का उपयोग करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। ये पहली बार है जब मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी के बीच समझौता हुआ है।

रिलायंस ने अदाणी पावर की महान एनर्जेन लि. में 5 करोड़ शेयर खरीदे हैं। इसे 10 रुपये के भाव पर 50 करोड़ में खरीदा गया है। गौरतलब है कि दोनों कारोबारी मीडिया, ग्रीन एनर्जी और रिन्यूएबल सहित कई सेक्टरों में प्रतिद्वंदी हैं।

## साल में 7501 महंगा हुआ सोना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस वित्त वर्ष में सोना की कीमत चांदी की तुलना में तीन गुनी रफ्तार से भागी। सर्राफा बजारों में गुरुवार 28 मार्च को सोना अपने नए ऑल टाइम हाई 67252 रुपये पर बंद हुआ। एक साल पहले 31 मार्च 2023 को 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 59731 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की बात करें तो यह सफेद धातु पिछले एक साल में 2545 रुपये प्रति किलो उछली है। 31 मार्च 2023 को चांदी की कीमत 71582 रुपये प्रति किलो थी और गुरुवार 28 मार्च 24 को 72127 रुपये पर बंद हुई। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक गुरुवार को सोना 984 रुपये उछलकर नए ऑल टाइम हाई 67252 रुपये पर पहुंच गया। इसके विपरित चांदी में केवल 75 रुपये की बढ़त देखी गई और यह 72127 रुपये पर बंद हुई। मार्च में सोना एक के बाद एक नया इतिहास रचता गया। सोने के रेट को लेकर मार्च में रिकॉर्डों की झड़ी लग गई। शुरुआत 5 मार्च को हुई, जब सोना 4 दिसंबर 2023 के अपने ऑलटाइम हाई 63805 रुपये को तोड़ 64598 के नए शिखर पर पहुंच गया।

दो दिन बाद ही यह 7 मार्च को 65049 पर पहुंच कर इतिहास रच दिया। यह रिकॉर्ड भी चार दिन बाद ही टूट गया, जब सोने ने 11



मार्च को 65646 की नई ऊंचाई हासिल की। इसके 10 दिन बाद 21 को गोल्ड 66968 और 28 मार्च को सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए 67252 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

### दिल्ली में सोना पहुंचा 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनॉलिस्ट सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये की बढ़त है। अंतरराष्ट्रीय मार्केट कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,194 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 14 डॉलर की मजबूती है।

## भारत में तहलका मचाने की तैयारी में दुनिया का सबसे बड़ा रईस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस और फ्रांसीसी बिजनसमैन बर्नार्ड अरनॉल्ट भी अब भारत में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में हैं। अरनॉल्ट दुनिया की सबसे बड़ी लग्जरी गुड्स कंपनी ल्वीएमएच मोएट हेनेसी के सीईओ हैं। इस कंपनी की ग्लोबल इनवेस्टमेंट फर्म रु कैटरटन ने कहा कि उसकी एशिया यूनिट ने भारत में एक कंज्यूमर फोकस्ड जॉइंट वेंचर बनाया है। इसके लिए कंपनी ने हिंदुस्तान यूनिलीवर के सीईओ रहे संजीव मेहता के साथ हाथ मिलाया है। दोनों पक्ष मिलकर एक नई इनवेस्टमेंट कंपनी का गठन करेंगे। मेहता को चार अप्रैल से इस कंपनी में भारत का एग्जीक्यूटिव चेयरमैन बनाया गया है। वह रुकैटरटन एशिया के साथ ही कंपनी के ग्लोबल फंड प्लेटफॉर्म्स से भी जुडेंगे। कंपनी हर स्तर पर मेहता के अनुभव का फायदा उठाना चाहती है।

सूत्रों का कहना है कि नई इनवेस्टमेंट कंपनी का गठन फंड के रूप में नहीं किया जाएगा बल्कि यह एक इनवेस्टमेंट प्लेटफॉर्म हो सकता है। इसके पीछे यह सोच है



कि भारत के दूसरे फंड मैनेजर्स के साथ पार्टनरशिप की जाए और भारतीय कंपनियों में निवेश किया जाए। कंपनी देश की लोकल कंज्यूमर कंपनियों में 2.5 करोड़ से 15 करोड़ डॉलर तक निवेश करेगी। साथ ही यह कंपनी और एलसीए जॉइंट इनवेस्टमेंट भी कर सकती हैं। सूत्रों का कहना है कि अब तक रुकैटरटन एशिया फंड के जरिए ही भारत में निवेश करती रही है। लेकिन इस वीकल के जरिए कंपनी पूरी तरह भारत के लिए फोकस्ड एक इनवेस्टमेंट प्लेटफॉर्म बनाना चाहती है। कंपनी पूरी दुनिया में 34 अरब डॉलर का फंड मैनेज करती है और करीब 250 कंज्यूमर ब्रांड्स कंपनियों में उसका निवेश है।

### अरनॉल्ट वर्सेज अंबानी

अरनॉल्ट की कंपनी भारत में मेहता के अनुभव का पूरा फायदा उठाना चाहती है। उनकी लीडरशिप में हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप पांच गुना बढ़कर 6.2 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया था। मार्केट कैप के हिसाब से यह देश की पांचवीं सबसे बड़ी कंपनी बन गई थी और देश की सबसे तेजी से बढ़ रही एफएमसीजी कंपनी थी। आज इसका मार्केट कैप 532,946.04 करोड़ रुपये है और मार्केट कैप के हिसाब से यह देश की नौवीं बड़ी कंपनी है। अरनॉल्ट और उनके परिवार की एलवीएमएच में 47.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस लग्जरी हाउस के पास 70 से अधिक ब्रांड हैं।

ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अरनॉल्ट 231 अरब डॉलर के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 23.9 अरब डॉलर की तेजी आई है। उनकी नेटवर्थ भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की तुलना में दोगुनी है। अंबानी 113 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। अंबानी भी फाइनेंशियल सेक्टर में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है। हाल में उन्होंने अपने फाइनेंशियल बिजनस को अलग करके जियो फाइनेंशियल सर्विसेज नाम की कंपनी बनाई है। साथ ही उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े फंड मैनेजर ब्लैकरॉक इंक के साथ एक जॉइंट वेंचर बनाने की घोषणा की है जो भारत में एसेट मैनेजमेंट सर्विसेज शुरू करेगी।

## रियलमी ने अपना एंट्री लेवल 5जी किलर रियलमी 12एक्स 5जी लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी प्रतिष्ठित नंबर सीरीज में नया स्मार्टफोन रियलमी 12एक्स 5जी पेश किया है यह लॉन्च ब्रांड के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है जो इसके मेक इट रियल के सिद्धांत को जीवंत करके युवा आबादी की डायनामिक पसंदों से मेल खा रहा है। यह डिवाईस लगातार विकसित होते हुए स्मार्टफोन के परिदृश्य में गेमचेंजर बन जाएगी। अपने बेहतरीन मूल्य के साथ यह डिवाईस 10,000 रुपये से 12,000 रुपये के बीच एंट्री लेवल 5जी किलर है, जो अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर देगी। एंट्री-लेवल 5जी किलर के रूप में रियलमी 12एक्स 5जी न केवल संभावनाओं के दायरे बढ़ा रहा है बल्कि सर्वश्रेष्ठ विशेषताएं प्राप्त करना ज्यादा




आसान बना रहा है क्योंकि इस स्मार्टफोन में 45वॉट सुपरवूक चार्जिंग और एयर जेस्चर कंट्रोल जैसी प्रीमियम विशेषताएं एंट्री लेवल में ही मिल रही हैं।

## फोनपे के यूजर अब निओपे टर्मिनल के ज़रिए यूएई में यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूएई की यात्रा करने वाले फोनपे ऐप के यूजर अब मशरेक के निओपे टर्मिनल पर यूपीआई से पेमेंट कर सकते हैं। ये कई रिटेल स्टोर, डाइनिंग आउटलेट के साथ-साथ पर्यटक और घूमने-फिरने की मशहूर जगहों पर उपलब्ध हैं। आसान और तुरंत पेमेंट करने के लिए, यूजर को सिर्फ़ क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। ये लेनदेन, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस के ज़रिए पूरे किए जाते हैं। सभी लेनदेनों की प्रक्रिया भारतीय रुपये में की जाती है। ऐसा पारदर्शिता और भारतीय पर्यटकों को सहूलियत देने के लिए किया जाता है।

इसके अलावा, वे एनआरआइ भी फोनपे ऐप डाउनलोड कर सकते हैं जिनके पास यूएई के मोबाइल नंबर हैं और पेमेंट की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए, वे अपने मौजूदा एनआरइ और एनआरओ खाते लिंक कर सकते हैं। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के



लिए, यूएई में लेनदेन को ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है। इस भागीदारी को एनपीसीआइ इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और मशरेक बैंक की साझेदारी से पूरा किया गया था।

## आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ने आरडीसीएल में 5 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की

**भारत में रेज़ीडेन्शियल मोर्टगेज-बैक्ड सिक्योरिटाइज़ेशन को सुनिश्चित करने के लिए तैयार**

**मुंबई, , एजेंसी।** भारत की प्रमुख हाउसिंग फाइनैंस कंपनी आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) ने देश के मोर्टगेज मार्केट में बदलाव लाने के लिए अपनी सामरिक संस्थापक भूमिका की घोषणा की है। आरएमबीएस डेवलपमेन्ट कंपनी लिमिटेड कंसोर्टियम की संस्थापक सदस्य के रूप में आईआईएफएल होम फाइनैंस 5 फीसदी हिस्सेदारी के लिए रु 25 करोड़ का योगदान देगी। अपने इन प्रयासों के साथ प्रमुख वित्तीय संस्थान रिहायशी मोर्टगेज-बैक्ड सिक्योरिटीज़ मार्केट में लिक्विडिटी एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल विकसित देशों के सफल मॉडल्स की तरह हाउसिंग फाइनैंस के लिए बोंड मार्केट-उन्मुख दृष्टिकोण के लिए उल्लेखनीय कदम है। आरडीसीएल नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी) (39 फीसदी) और एलआईसी (10 फीसदी) से मुख्य शेयरहोल्डिंग के साथ प्रमुख प्लेयर्स जैसे आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनैंस, श्रीराम हाउसिंग फाइनैंस, आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनैंस, हीरो हाउसिंग फाइनैंस और गृहम हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड को एक मंच पर लाई है। एक साथ मिलकर इस कंसोर्टियम ने आरएमबीएस मार्केट में बदलाव लाने के लिए रु 500 करोड़ के कुल निवेश तथा किफ़ायती हाउसिंग के फाइनैंस के लिए अपनी क्षमता के इस्तेमाल की शपथ ली है।

श्री मोनु रात्रा, सीईओ एवं ईडी-आईआईएफएल फाइनैंस लिमिटेड ने कहा, ''हमें खुशी है कि हमें इस बदलावकारी पहल के साथ जुड़ने का मौका मिला हैं यह भारतीय मोर्टगेज उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पल है। नेशनल हाउसिंग बैंक के तत्वावधान में आरएमबीएस प्लेटफॉर्म सभी मोर्टगेज प्लेयर्स के लिए फंड की लागत में सुधार लाएगा। आईआईएफएल एचएफएल के लिए गर्व की बात है कि इसे भारत के पहले आरएमबीएस प्लेटफॉर्म में छोटी सी भूमिका निभाने का अवसर मिला है।''

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड, स्थायी आवास प्रथाओं में अग्रणी है जिसने वित्तीय वर्ष 23-24 के दौरान डीएफआई जैसे यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेन्ट फाइनैंस कॉर्पोरेशन, इंटरनेशनल फाइनैंस कॉर्पोरेशन आदि से 450 मिलियन डॉलर की धनराशि जुटाई है, इस धनराशि का उपयोग कर कंपनी निम्न आय वर्ग एवं आर्थिक रूप से वंचित समुदायों के लिए किफ़ायती और हरित आवास में सहयोग प्रदान करेगी। ये प्रयास प्रमुख अफॉर्डेबल हाउसिंग कंपनी के रूप में आईआईएफएल एचएफएल की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, साथ ही सरकार के दृष्टिकोण 'सभी के लिए आवास' के अनुरूप वित्तीय समावेशन, पर्यावरणी एवं सामाजिक उतरदायित्व को बढ़ावा देते हुए भारत में अफॉर्डेबल हाउसिंग की ज़रूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ने अफॉर्डेबल हाउसिंग फाइनैंस पर फोकस करते हुए पहली बार घर खरीदने वालों को सशक्त बनाने का अच्छा रिकॉर्ड बनाया है। पिछले आठ सालों में कंपनी का असेट अंडर मैनेजमेन्ट (एयूएम) 38 फीसदी की दर से विकसित होकर में रु 32,937 करोड़ के आंकड़े पर पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि आईआईएफएल एचएफएल के ज़्यादातर ऋण लेने वाले ज़्यादातर उपभोक्ता महिलाएं हैं, जो वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने में कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्तमान में आईआईएफएल होम फाइनैंस रु 25 लाख से कम के लोन सेगमेन्ट में हाउसिंग फाइनैंस कंपनियों में मुख्य प्लेयर है।

## विक्स का भारत के लिए इनोवेशन लगातार जारी; पेश किया नया विक्स रोल-ऑन, जो फ़ास्ट एक्शन के साथ केवल 2 मिनट में दे सिरदर्द से राहत

**ग्राहकों के लिए नए आसान रोल-ऑन फॉर्मेट में सिरदर्द से राहत के लिए विक्स की विश्वसनीय विरासत।**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विश्व में सबसे ज़्यादा बिकने वाला कफ एवं कोल्ड ब्रांड, विक्स राहत प्रदान करने और देखभाल की अपनी 125 सालों से ज्यादा लंबी विरासत के साथ बेहतर उत्पाद प्रदान करने के लिए लगातार इनोवेट कर रहा है, ताकि उनकी मदद से परिवार और दोस्त एक दूसरे का ख़्याल रख सकें। आज इस ब्रांड ने सिरदर्द से जल्द राहत के लिए नया विक्स रोल-ऑन पेश किया, जो सिरदर्द से तुरंत राहत प्रदान करता है।

पी एंड जी इंडिया के कैटेगरी लीडर, कंज्यूमर हेल्थकेयर, साहिल सेठी ने कहा, विक्स कई पीढ़ियों से भारतीयों को सर्दी, खाँसी और फ्लू के लक्षणों से आराम दिलाता आया है। हम अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को सुनकर उनके अनुरूप अपने उत्पादों का निर्माण और पैकेजिंग करके इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें सर्दी और खाँसी के साथ होने वाले सिरदर्द से तुरंत राहत देने के लिए अपना नया विक्स रोल-ऑन पेश करने पर गर्व है। सिरदर्द लोगों को कभी भी हो सकता है, जिससे उन्हें बेचैनी होती है और उनकी काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। नया विक्स रोल-ऑन खास भारतीयों के लिए बनाया गया




है, जो केवल 2 मिनट में फास्ट एक्शन के साथ काम करना शुरू कर देता है, और अपनी रोलर बॉल टेक्नोलॉजी और नॉन-ग्रीज़ी फ़ॉर्मूला की मदद से ऑन-द-गो रहते हुए भी सिरदर्द से राहत देता है।

डॉ. जसप्रीत कोचर, डायरेक्टर, विक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कहा, नया विक्स रोल-ऑन एक बेहतरीन फॉर्मूला है, जो पुदीना (मेंथल) और कर्पूर (कपूर) जैसे आयुर्वेदिक तत्वों की शक्ति के साथ भारतीयों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। यह अचानक शुरू होने वाले सिरदर्द से तुरंत, प्रभावशाली और ऑन-द-गो राहत प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि सिरदर्द से आपका दैनिक कामकाज प्रभावित ना हो। यह एक अनोखी पैकेजिंग में आता है, जिसमें रोल ऑन पहली बार एक की-चेन के साथ दिया गया है, ताकि यह उस समय सुविधाजनक और पोर्टेबल रहे, जब आपको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत हो। इस रोल-ऑन उत्पाद में विक्स की वही मनभावन और पसंदीदा सुगंध है, इसलिए यह घर से बाहर भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

विक्स ने अपना यह नया उत्पाद आकर्षक टेलीविजन विज्ञापन 'जेब में विक्स तो सिरदर्द फिक्स' के साथ लॉन्च किया, जिसमें दिखाया गया है कि सिरदर्द कैसे किसी भी बेतुके समय पर हो सकता है, लेकिन अगर आपके पास नया विक्स रोल-ऑन है, तो आप उसे तुरंत ठीक कर सकते हैं। इस विज्ञापन फ़िल्म का नायक एक वैज्ञानिक है, जिसे अपने अंतरिक्ष मिशन के बारे में अच्छी खबर मिलती है, लेकिन वो अपना उत्साह व्यक्त नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उन्हें सिरदर्द हो रहा है। तभी वैज्ञानिक को कोई नए विक्स रोलऑन का उपयोग करने का सुझाव देता है, जिससे उनका सिरदर्द तुरंत ठीक हो जाता है, और वो इस उपलब्धि का जश्न मना पाते हैं।




**मैच जिताऊ पारी खेलकर बोले रियान पराग**

# 'अपने अभ्यास पर विश्वास किया'

**जयपुर (एजेंसी)।** रियान पराग ने जयपुर में सभी को मंत्रमुग्ध करते हुए 45 गेंदों में नाबाद 84 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सवाई मानसिंह स्टेडियम की जिस पिच पर शुरुआत में सीम मूवमेंट में मदद मिली, उस पर पराग की शुरुआत धीमी रही और उन्होंने पहली 26 गेंदों का सामना करते हुए सिर्फ 26 रन बनाए। लेकिन उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की 29 रन की पारी के बाद अगली 19 गेंदों में 58 रन बना दिए जिसमें 34 गेंदों में अपना अर्धशतक भी शामिल था। पराग ने सात चौके और छह छक्के लगाए।

पराग ने कहा, जब मैं जुबिन सर के साथ नागपुर में अभ्यास कर रहा था, तो हमें ऐसे साइडआर्म गेंदबाजों का सामना करना पड़ता था जो प्रतिदिन 150 किमी/घंटा से अधिक की गति से गेंदबाजी करते थे। उनके साथ 22 गज की बजाय 20 गज की दूरी से अभ्यास करना, गेंद को खींचना और यॉर्कर को खेलना नियमित था। पांच से छह दिनों तक चार से पांच घंटे तक वहां खेलने से, मुझे लगता है कि मैंने मांसपेशियों की स्मृति विकसित की। मैच में ऐसा हुआ। ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि एनरिक नॉर्टजे या खलील अहमद गेंदबाजी कर रहे हैं। मैंने गेंद पर ध्यान केंद्रित किया, अपने अभ्यास पर विश्वास किया और इससे मदद मिली।

डीसी के खिलाफ मैच से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ महत्वपूर्ण 43 रन बनाने के बाद पराग फ्लू से पीड़ित थे, और खेल समाप्त होने के बाद उन्होंने खुलासा किया कि खेलने के लिए फिट होने के लिए उन्होंने बहुत सारी दर्द निवारक दवाएं लीं। 2023-24 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पराग दस पारियों में 85 की औसत और लगभग 183 की स्ट्राइक रेट से 510 रन के साथ अग्रणी रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरे, जिसमें उनकी राज्य टीम असम के लिए लगातार सात अर्धशतक शामिल थे।

उन्होंने यह भी महसूस किया कि नंबर चार का स्थान दिए जाने से भी उनके पक्ष में काम करा है। उन्होंने कहा, जब मैं असम के लिए खेलता हूं, तो मुझे इसी तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। मैं गेंदबाजों को बेहतर तरीके से आंक सकता हूं कि गेंद को कहां मारना है और गेंद को कितनी जोर से मारना है, इससे मुझे बहुत मदद मिली। मेरी तैयारी अच्छी थी और मुझ पर कम से कम दबाव था। अगर मैं घरेलू क्रिकेट में इतना अच्छा खेल सकता हूं, तो यहां ऐसा क्यों नहीं कर सकता? मैं नागपुर गया, जुबिन सर के साथ काम किया, बहुत अभ्यास किया और अब मैं परिणाम देख रहा हूं। इसलिए मैं बहुत खुश हूं।

# लगातार दो हार के बाद फूटा ऋषभ पंत का गुस्सा

**मैच के बाद निकाली अपनी भड़ास, किसी को नहीं छोड़ा**




**जयपुर (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में बहुत ही खराब शुरुआत हुई है। ऋषभ पंत की कप्तानी में टीम लगातार दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली को दूसरी हार राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली है। इस निराशाजनक हार के बाद टीम के कप्तान ऋषभ पंत काफी निराश नजर आए और उन्होंने बताया कि मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम कहां चूक गई।

मुकाबले के बाद ऋषभ पंत ने कहा, निश्चित रूप से मैं इस हार से निराश हूं, लेकिन सबसे अच्छी बात जो अब हम कर सकते हैं वह है इस हार से सीखना। मैच में हमारे गेंदबाजों ने 15-16 ओवर तक राजस्थान की टीम को बांधे रखा था, लेकिन इसके बाद हमारे कंट्रोल नहीं रह पाया।

### डेथ ओवर्स में हुई हमसे चूक-पंत

पंत ने कहा, कई बार ऐसा होता है कि धीमी शुरुआत के बाद बल्लेबाज डेथ ओवर्स में तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं। वही आज के मैच में हुआ। अंतिम ओवरों में जिस तरह रियान ने अपना खेल दिखाया उससे हम पूरी तरह से मैच पर अपनी पकड़ खो दिए थे। उन्होंने कहा, लक्ष्य का पीछा करते हुए डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने हमें अच्छी शुरुआत दी थी, लेकिन बीच के ओवरों में जिस तरह से हमने अपना विकेट गंवाया वह काफी खराब था। क्योंकि तब तक बहुत सारे बचे हुए थे। हमें अपनी मध्यक्रम की बैटिंग में मजबूती दिखानी पड़ेगी।

### नॉर्खिया के अंतिम ओवर पर भी बोले पंत

दिल्ली कैपिटल्स के लिए एनरिक नॉर्खिया ने पारी का अंतिम ओवर किया था। इस ओवर में उन्होंने 25 रन लुटा दिए। नॉर्खिया के इस ओवर पर पंत ने कहा, हम चाहते थे कि नॉर्खिया डेथ ओवरों में हमारे लिए गेंदबाजी करें, लेकिन कभी-कभी आपको रन पड़ जाते हैं, उम्मीद है कि हम अगले मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

बता दे कि मैच में ऋषभ पंत ने टॉस जीतने के बाद राजस्थान रॉयल्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। राजस्थान की टीम रियान पराग की दमदार बैटिंग से 185 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में 173 रन ही बना सकी।

# आयरलैंड में टी20 श्रृंखला खेलेगा पाकिस्तान, पीसीबी ने जारी किया शेड्यूल



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच 2009 में टी-20 मैच खेला गया था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा। द मेन इन ग्रीन में पाकिस्तान के साथ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला की न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। आयरलैंड श्रृंखला के बाद पाकिस्तान 22 से 28 मई के बीच इंग्लैंड के साथ चार मैच खेलेगा।

# नीरज चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग से करेंगे सत्र का आगाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 10 मई को दिग्गज खिलाड़ियों के बीच प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। छब्बीस साल के चोपड़ा ने पिछले सत्र का समापन चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ किया था। इस साल उनका लक्ष्य पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण का बचाव करने का होगा। चोपड़ा के अलावा भारतीय खिलाड़ी किशोर जेना भी कतर की राजधानी में होने वाले डायमंड लीग चरण में पदार्पण करेंगे। जेना 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे और उन्होंने हांगझोउ में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ रजत पदक जीता था।



# हैदर नाइट और नेट साइवर के दम पर इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** कप्तान हैदर नाइट की 35 रनों की पारी और नेट साइवर ब्रंट हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को खेले गये पांचवें टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड की महिला टीम को पांच विकेट से हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली है। इंग्लैंड की टीम ने 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में माया बूशेर छह रन का विकेट खोया। आठवें ओवर में ऐलिस कैप्सी भी 25 रन और उसके बाद डेनिएल वायट ने 21 रन बनाकर आउट हो गई। उस समय टीम का स्कोर तीन विकेट पर 64 रन था।

नेट साइवर ब्रंट और कप्तान हैदर नाइट ने पारी को संभालते हुए स्कोर को 121 रन तक ले गई। ब्रंट ने 27 गेंदों में 31 रन बनाये। वहीं हैदर नाइट ने टीम के लिए 28 गेंदों मे सर्वाधिक 35 रनों की पारी खेली। एमी जोंस और सोफिया डंकली छह-छह रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। न्यूजीलैंड की ओर से एमेलिया केर ने तीन विकेट लिए। लियाह तहुहू और रोजमेरी मेयर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

न्यूजीलैंड की महिला टीम ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने अपने चार विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। सूजी बेट्स 11 रन, बर्नडीन बिजुदिनाउट एक रन, कप्तान एमेलिया केर पांच रन, जॉर्जिया प्लिमर 12 रन, और मैडी ग्रीन 10 रन बनाकर आउट हुई। ब्रूक हैलिडे और इसाबेला गेज ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाला और छठे विकेट लिये 56 रनों की साझेदारी की।

यह न्यूजीलैंड की ओर से छठे विकेट के लिये सबसे बड़ी साझेदारी है। हैलिडे ने 33 रन बनाए। गेज ने 28 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रनों की पारी खेली। जेस केर छह रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड की टीम ने गेज की शानदार पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लस्टन ने तीन विकेट लिये। नेट साइवर ब्रंट को दो विकेट मिले। शार्लेट डीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी मियामी ओपन के फाइनल में पहुंची, इवान-ऑस्टिन से होगा खिताबी मुकाबला

**मियामी (एजेंसी)।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4 6-7(7) 10-7 से मात दी।



बोपन्ना दुबई चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गये थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन की जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए थे।

बोपन्ना के लिए यह उनका 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल और मियामी का पहला फाइनल होगा। यह उनका एटीपी टूर स्तर का 63वां फाइनल होगा। वह अभी तक 25 युगल खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी का यह एटीपी मास्टर्स 1000 का पांचवां फाइनल होगा। बोपन्ना ने साथ ही एक और उपलब्धि भी अपने नाम की, वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।

# नोर्त्जे को लय में आने में समय लगेगा : गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स

**जयपुर (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स को लगता है कि टीम के आलोचनाओं से घिरे तेज गेंदबाज एनरिच नोर्त्जे समय के साथ बेहतर होते जाएंगे क्योंकि उन्होंने छह महीने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है।

राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग ने गुरुवार रात को अंतिम ओवरों में नोर्त्जे की गेंदों की धज्जियां उड़ा दीं जिससे उन्होंने अपने चार ओवर में 48 रन लुटा दिये। राजस्थान ने अंत में यह मैच 12 रन से जीत लिया। नोर्त्जे सितंबर 2022 के बाद से ही क्रिकेट से बाहर थे और इस महीने के शुरु में तीन घरेलू टी20 मैच खेलने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने लगे। लेकिन वह अभी तक अपनी मशहूर यार्कर और 'हार्ड लेंथ' गेंद डालने में विफल रहे हैं।




होप्स ने अपनी टीम की हार के बाद कहा, 'मैं गेंदबाजों के बारे में ज्यादा बुरा नहीं कहूंगा। उन्होंने योजनाओं पर तामील करने की कोशिश की। पहले 10 ओवर अच्छे रहे लेकिन अंतिम पांच ओवर में उन्होंने काफी रन लुटा दिए। उन्होंने कहा, 'नोर्त्जे काफी समय से खेल से दूर रहा और काफी समय बाद इस स्तर पर खेल रहा है। लेकिन अगर आप उसका रिकॉर्ड देखो तो वह खेल के अंतिम ओवरों के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है। हमें भरोसा है कि वह बेहतर से बेहतर होता रहेगा। होप्स को यह भी लगता है कि गेंदबाजी की तरह टीम की बल्लेबाजी भी अंतिम 10 ओवरों में खराब रही।

# पृथ्वी शॉ को प्लेइंग 11 में नहीं चुनने पर टॉम मूडी और वसीम जाफर हैरान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का 'कोई मतलब नहीं है' और सुझाव दिया कि डीसी को आगामी मैचों के लिए 24 वर्षीय का चयन करना चाहिए। मूडी ने बताया कि जबकि शॉ हाल के सीजन में अप्रभावी रहे हैं, उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अनुभव को देखते हुए रिकी भुई के स्थान पर उन्हें चुनना अधिक प्रशंसनीय विकल्प है।

मूडी ने कहा, इसका कोई मतलब नहीं है क्योंकि आपके पास डगआउट में एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी (पृथ्वी शॉ) है। हां, उसने आईपीएल में वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा हम सभी को उम्मीद थी कि वह करेगा, लेकिन उम्मीद है कि वह रन बनाएगा। वह डगआउट से रन नहीं बना पाएगा। शॉ को इस सीजन में दिल्ली के पहले दो मैचों के लिए बाहर कर दिया गया था। घरेलू क्रिकेट स्टार रिकी भुई ने अपने मौकों का फायदा नहीं उठाया और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ क्रमश- 3 और 0 रन बनाए।

वसीम जाफ़र ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि आईपीएल 2024 मिनी-नीलामी के लिए रखने के बावजूद दिल्ली ने शॉ को नहीं खिलाया। डीसी के शुरुआती दो मुकाबलों में इस आक्रामक सलामी



बल्लेबाज को बाहर किए जाने के जवाब में वसीम जाफर ने कहा, अब जब उन्होंने उसे पकड़ लिया है और उसे नीलामी में नहीं जाने दिया है, तो मुझे आश्चर्य है कि वे उसे नहीं खिला रहे हैं। वह ज्यादातर समय मुंबई के लिए खेला है। आप कल्पना करेंगे कि वह फिट है। मैं आश्चर्यचकित हूं। उसे दंडित करना और फिर गेम हारना आगे बढ़ने का तरीका नहीं है।

शॉ को आईपीएल 2023 में घटिया प्रदर्शन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने आठ पारियों में 13.25 की औसत से 106 रन बनाए। राजस्थान के खिलाफ गुरुवार को हुए मैच में रिकी भुई शून्य पर आउट हो गए। नांद्रे बर्गर ने दाएं हाथ के बल्लेबाज को करारा बाउंसर मारा। मूडी ने उनके आउट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह घरेलू क्रिकेट और आईपीएल के बीच असमानता को उजागर करता है।

उन्होंने कहा, यह बिल्कुल वही है जो आप एक वास्तविक तेज गेंदबाज को करते हुए देखना चाहेंगे। एक शीर्ष क्रम के खिलाड़ी के साथ ऐसा करना और भी अधिक चिंताजनक है। यह रणजी ट्रॉफी से लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल के बीच की छलांग को भी उजागर करता है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम आईपीएल 2024 में अपना खाता खोलने के लिए बेताब है और अब उनका अगला मुकाबला रविवार को मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार ,30 मार्च, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### चेन्नई में सेख्मेट क्लब के अंदर फॉल्स सीलिंग गिरने से तीन लोगों की मौत



**चेन्नई।** चेन्नई में सेख्मेट क्लब के अंदर फॉल्स सीलिंग गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह घटना गुरुवार रात 9-30 के आसपास घटी। एक पुलिस अधिकारी ने एएनआई से बात करते हुए बताया कि बचाव अभियान जारी है। हालांकि, अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। चेन्नई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रेम आनंद सिन्हा ने बताया कि अभी छत गिरने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन रिपोर्टों से पता चला है कि बार के सामने मेट्रो रेल का काम चल रहा था। उन्होंने आगे कहा, हम जांच कर रहे हैं कि क्या उस समय मेट्रो रेल कार्य में कोई बड़ा प्रभावशाली ऑपरेशन चल रहा था। अधिकारियों ने कहा है कि बार चालू था। घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। संयुक्त आयुक्त पूर्वी जोन धर्मराज ने कहा, तीन लोगों की मौत की सूचना मिली है, हमने जांच शुरू कर दी है। कारण पता चलने के बाद ही हम पता लगा सकते हैं कि किसी के खिलाफ कोई मामला है या नहीं। मलबा हटा दिया गया है और हमने मौके की जांच की है। तीनों क्लब के कार्यकर्ता हैं।

### टिकट कटने पर एसटी हसन बोले, अखिलेश के करीबी उन्हें कर रहे मिसगाइड

**मुरादाबाद, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी से लोकसभा का टिकट कटने के बाद डॉक्टर एसटी हसन ने कहा कि पार्टी मुखिया अखिलेश के अगल-बगल में आरएसएस व भाजपा के लोग छिपे हैं, जो उन्हें मिसगाइड करते हैं। इसके कारण मेरा टिकट काटा गया है। एसटी हसन ने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में वह मुरादाबाद में पार्टी का प्रचार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे टिकट कटने के बारे में पता नहीं है। मेरे ऊपर न तो दाग धब्बा है, न ही मैं भू माफिया हूं, मैं तो एक डाक्टर हूं। उन्होंने कहा कि अखिलेश के अगल-बगल आरएसएस और भाजपा के लोग छिपे हैं, जो सपा को खत्म करने में लगे हैं। वे लोग नहीं चाहते की सपा में मुस्लिम लीडरशिप आगे बढ़े। कुछ लोग पार्टी का नुकसान करने के लिए अखिलेश को मिसगाइड कर रहे हैं। हसन ने कहा कि अखिलेश बहुत अच्छे इंसान हैं। सपा ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मुझे मेयर और सांसद भी बनाया। हसन ने कहा कि मैं मुरादाबाद में पार्टी का प्रचार नहीं करूंगा। इसके अलावा अखिलेश यादव जहां भी कहेंगे, वहां प्रचार करूंगा। रामपुर में पार्टी आजम खां के सुझाए गए प्रत्याशी को उम्मीदवार नहीं बना सकी, इसलिए खां के कहने पर रुचि वीरा को मुरादाबाद से उम्मीदवार बनाया गया है।

### होटल में खाना खाने के बाद पैसे नहीं दिया तो ग्राहक को कुत्ते से कटवाया

**बिलासपुर, एजेंसी।** बिलासपुर जिले में एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार करने का एक मामला सामने आया है। जिले के पुराना बस स्टैंड स्थित एक होटल में खाना खाने के बाद पैसे की बारगेनिंग करने पर एक शख्स को होटल मालिक ने अपने पालतू कुत्ते से कटवा दिया। मलिक के आदेश पर कुत्ता ग्राहकों पर अटैक कर दिया और हमला करते हुए दो लोगों को घायल कर दिया है। इसके बाद गुस्साए ग्राहकों ने पैसे नहीं दिए और होटल में घुसकर तोड़फोड़ की है। इस पूरी घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस मामले के बाद बिलासपुर के तारबहार थाना में दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। होटल में कुत्ते से कटवाने और तोड़फोड़ का यह मामला छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तारबहार थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। यहां पुराना बस स्टैंड के शराब दुकान के पास मगरपारा में रहने वाले संदीप देवांगन उसका दोस्त संजू और विशाल पटेल शराब दुकान गए हुए थे। बाद में यह सभी गोलू पासी के होटल में पहुंचे जहां सामान लेने के बाद बिल को लेकर होटल मालिक और ग्राहकों के बीच तू-तू, मै-मै शुरू हो गई।

# 18 साल की उम्र में गंवाए हाथ, फिर पैर से कामयाबी की इबारत लिख उत्तराखंड का मजदूर बना मैनेजर

**कोटा, एजेंसी।**
महज 18 साल की उम्र में दोनों हाथ गंवाने वाले 58 वर्षीय देवकीनंदन शर्मा ने परिस्थितियों से हार नहीं मानी और पैरों की उंगलियों से लिखना सीखा। कभी उत्तराखंड में पशु चराने का काम करने वाले शर्मा अपनी मेहनत के बल पर अब राजस्थान में एक एनजीओ में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

कोटा में 'भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति' के ऑफिस में देवकीनंदन शर्मा कागजात संबंधी काम करते हैं और केवल अपने पैर की उंगलियों का उपयोग करके डिजिटल रूप से सभी रिकॉर्ड रखते हैं। शर्मा ने कहा कि कागजात पिन करना मेरे लिए एक कठिन काम है क्योंकि इसमें बहुत मशक्कत और समय लगता है।

पारंपरिक तौर पर डेस्क पर काम करने के विपरीत देवकीनंदन शर्मा जमीन पर लकड़ी का एक चौड़ा फट्टा रखकर पैरों की मदद से कागजी काम करते हैं। इन कामों के साथ-साथ वह उसी लकड़ी के बोर्ड पर कंप्यूटर रखकर अपना काम अच्छे से करते हैं। शर्मा अपने पैर की उंगलियों से माउस और कीबोर्ड भी आसानी से इस्तेमाल कर पाते हैं। शर्मा का कहना है कि वह स्कूल में एक प्रतिभाशाली छात्र थे और हमेशा एक ऐसी नौकरी का सपना देखते थे, जहां वह कागजी कामकाज कर सकें। शर्मा का जन्म और पालन-पोषण नैनीताल के शिलालेख गांव में हुआ था। उन्होंने कहा, ''मैं गणित और अंग्रेजी में बहुत तेज था और मेरा सपना था कि मुझे एक ऐसी नौकरी मिले जहां मैं ऑफिस में बैठकर कागजों पर साइन और लिखने-पढ़ने का काम कर सकूं। मेरा यह सपना तब टूट गया जब 1981 में एक दिन कॉन्ट्रैक्ट लेबर के रूप में काम करते समय मुझे बिजली का जोरदार करंट लगा और मैंने अपने दोनों हाथ गंवा दिए। तब में 8वीं क्लास में पढ़ता था।'' शर्मा कहते हैं कि अस्पताल से घर लौटने पर ग्रामीणों ने उन्हें बेकार समझ लिया। इसके बाद उन्हें जंगल में मवेशी चराने का काम दिया गया। उन्होंने उस समय का उपयोग अपने पैर के अंगूठे और उंगली के बीच एक पेड़ की टहनी को पकड़कर लिखने का अभ्यास करने में किया। छह महीने के नियमित अभ्यास के बाद, एक दिन उन्होंने जमीन पर एक कमल का फूल बनाया और हिंदी में उसे 'कमल' लिखा। इससे शर्मा को अपने पैर की उंगलियों के बीच पेन पकड़कर कागज पर अभ्यास करने का आत्मविश्वास मिला। आखिरकार अपने पैर की उंगलियों से कागज पर लिखने की इस कला में महारत हासिल करने में उन्हें आठ महीने का समय लगा, जिसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। शर्मा ने कहा कि मैंने पैर की उंगलियों के बीच कलम पकड़कर सबसे पहला पत्र अपने भाई को लिखा था, जो उस समय उत्तराखंड के अल्मोड़ा में तैनात थे। इससे आश्चर्यचकित होकर भाई ने मुझे पढ़ाई फिर से शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने भाई की सलाह मानी और 1986 में अपनी हायर सेकेंडरी की शिक्षा पूरी की।



## आचार संहिता के बीच एक्शन में दिखा इलेक्शन कमीशन, छत्तीसगढ़ में 20 करोड़ हुए जब्त

**रायपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगने के बाद से लगातार इलेक्शन कमिशन छत्तीसगढ़ में हर एक वैध और अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। निर्वाचन आयोग ने चुनावी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रत्येक जिलों में निगरानी दलों को सक्रिय कर दिया है। निर्वाचन आयोग का यह निगरानी दल लगातार बेहिसाब नगदी और अवैध सामग्रियों की जब्ती की कार्रवाई कर रहा है।

अब तक 20.40 करोड़ रुपये की हुई जब्ति

लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग हर तरह की सावधानी बरत रहा है। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जगहों पर चेक पोस्ट पर चेकिंग की जा रही है। छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग द्वारा दिए गए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अब तक चेकिंग के दौरान जब्त किए गए सामान की कीमत 20.40 करोड़ रुपये है।

रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में बड़ी कार्रवाई

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अपूर्व प्रियश टोप्पो ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, अब तक 20.04 करोड़ रुपये का माल जब्त किया जा चुका है। जिसमें 4.82 करोड़ रुपये की नकद राशि, 37 लाख रुपये की शराब जब्त की गई है, लगभग डेढ़ करोड़ की दवाएं जब्त की गई हैं, 94 लाख रुपये की कीमती धातुएं और 12 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य सामान जब्त किए गए हैं। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और महासमुंद में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है और सबसे ज्यादा कार्रवाई आयकर विभाग ने रायपुर जिले में की है।

# तमिलनाडु में मोदी की बड़ी लहर..., अन्नामलाई ने कहा- चार जून को होगी नए युग की शुरुआत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में भाजपा प्रमुख और कोयंबटूर से पार्टी प्रत्याशी कप्पूसामी अन्नामलाई ने कहा कि तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी लहर चल रही है। हमें पूरा विश्वास है कि 19 अप्रैल को कोयंबटूर और तमिलनाडु के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अभिभूत लोग खुलेदिल से मतदान करेंगे।

भाजपा नेता अन्नामलाई ने गुरुवार को कहा कि आगामी चार जून को पीएम मोदी एक नए युग की शुरुआत करेंगे और उनके लिए चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवार जीतेंगे। भाजपा को कोयंबटूर में साठ प्रतिशत वोट मिलेंगे। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि वह सत्ता में केवल लूटने आए थे। उन्होंने 2024 के आम चुनावों में पीएम मोदी के नेतृत्व में राजग की सफलता पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि 400 से अधिक सीटें आएंगी। उन्होंने कहा कि देश का विकास तभी जारी रह सकता है जब नरेन्द्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए फिर से सत्ता में आएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दल विकास को नहीं समझते हैं। 2जी घोटाला यूपीए के शासनकाल में तब हुआ जब एक क्षेत्रीय दल ने एक कमजोर प्रधानमंत्री से मनमानी करवाई। विगत बुधवार को अन्नामलाई ने नामांकन से पहले एक रोड शो के साथ ही अरुल्मीगु कोनियामनन मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उनके साथ विधायक वनाती श्रीनिवासन भी थे। अन्नामलाई ने कारुर से कांग्रेस के मौजूदा सांसद जोतामणि पर प्रहार करते हुए कहा कि उनकी तरह नेताओं को अपने चुनाव क्षेत्र में चुनाव से तीन महीने संसदीय क्षेत्र में नहीं देखना चाहिए। आपको ऐसे सांसद की जरूरत है जो 365 दिन आपके बीच रह सके और वैसे काम करे, जैसे उसे प्रधानमंत्री करने को कहें। भाजपा नेता ने संसदीय क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यहां कई समस्याएं हैं। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है।



### तमिलनाडु में दिखा भाजपा-तमिल मनीला कांग्रेस का भाईचारा, वेणुगोपाल के लिए अन्नामलाई ने किया प्रचार

**श्रीपेरुमबुदुर, एजेंसी।** तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने तमिल मनीला कांग्रेस उम्मीदवार वीएन वेणुगोपाल के लिए श्रीपेरुमबुदुर में चुनाव प्रचार किया। प्रचार के दौरान भाजपा नेता ने वेणुगोपाल की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि वेणुगोपाल के अलावा इस क्षेत्र का विकास कोई और नहीं कर सकता है। चुनाव प्रचार के दौरान श्रीपेरुमबुदुर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा, अगर वीएन वेणुगोपाल के अलावा कोई और जीतता है तो इस निर्वाचन क्षेत्र में कुछ भी अच्छा नहीं होगा। श्रीपेरुमबुदुर एक उद्योग आधारित इलाका है। अन्नामलाई ने भाजपा सरकार की सराहना करते हुए द्रमुक पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने सब्सिडी दी है। उन्होंने किसानों को 45 लाख रुपये की राशि भी दी है, लेकिन द्रमुक सरकार किसानों के खिलाफ है। द्रमुक ने सिपकॉट (तमिलनाडु उद्योग निगम) के लिए किसानों से उनकी जमीनें ले ली। द्रमुक ने पेट्रोल-डीजल के दामों को कम करने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया। लेकिन इसी दौरान हमारे प्रधानमंत्री ने कीमतें कम कीं। अन्नामलाई ने कहा, तमिलनाडु के लोग राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ वोट देने जा रहे हैं।

## हंसते-हंसते मंजूर कर लूंगी; अदालत में गुलाम हैदर की याचिका पर बोली सीमा हैदर





**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान से अपने बच्चों के साथ रबूपुरा के सचिन मीणा के घर पहुंची सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के अधिवक्ता ने गौतमबुद्ध नगर न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराने के लिए अर्जी दाखिल की थी। न्यायालय में गुरुवार को याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने पुलिस को नोटिस जारी कर 18 अप्रैल तक जवाब मांगा है। गुलाम हैदर पक्ष के अधिवक्ता एडवोकेट मोमिन मालिक के मुताबिक सीमा, सचिन और नेत्रपाल के खिलाफ लगभग 20 धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। आरोप लगाया गया है कि सीमा, सचिन और नेत्रपाल ने गलत दस्तावेज के जरिए जमानत ली थी। अधिवक्ता द्वारा सीमा और सचिन की शादी को भी अवैध बताया गया है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए थाना जेवर पुलिस को नोटिस जारी कर जबाब मांगा है। सुरजपुर कोर्ट ने जेवर पुलिस से 18 अप्रैल तक जबाब देने को कहा है। पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के अदालत पहुंचने के बाद सीमा हैदर का रिएक्शन भी सामने आया है। सीमा हैदर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि उसके भविष्य का जो भी फैसला होगा वह उसे मंजूर होगा। सीमा हैदर ने कहा, लोग कहते हैं पछताएगी, लोग कहते हैं रोएगी, लोग कहते हैं ये करेगी... मैं कुछ नहीं करूंगी। जो भी फ्यूचर में मेरे लिए फैसला आता है मैं भगवान का फैसला मानकर मंजूर करूंगी हंसते-हंसते, मुस्कुराते हुए। जो मेरे भगवान जी ने लिखा होगा वह मुझे जरूर मिलेगा। मुझे विश्वास है अपने कृष्ण जी पर, जो भी होगा अच्छा होगा। गौरतलब है कि पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर अपने चार बच्चों को लेकर एक साल पहले अवैध तरीके से भारत आ गई थी। सीमा का दावा है कि पबजी गेम खेलते हुए उसे नोएडा के सचिन मीणा के साथ प्यार हो गया। दोनों ने पहले नेपाल में मुलाकात और इस दौरान शादी भी कर ली थी।

## कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का निज्जर हत्याकांड पर नया बयान

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक बार फिर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड पर बयान दिया है। हालांकि इस बार उनके सुर बदले हुए नजर आए। गुरुवार को एक सवाल के जवाब में ट्रूडो ने कहा कि वे निज्जर की हत्या की जांच में भारत सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। ट्रूडो सरकार पर लगातार आरोप लगते रहे हैं कि निज्जर मर्डर केस में वह अपनी जांच पूरी करने के बजाय भारत पर अनर्गल आरोप लगाता रहा है। इस बार ट्रूडो ने कहा कि कनाडाई धरती पर उसी के देश के नागरिक की हत्या ऐसा मामला है, जिसे गंभीरता से लेना चाहिए।

कनाडा में केबल पब्लिक अफेयर्स चैनल (सीपीएसी) के अनुसार प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से पूछा गया था कि कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारत से कैसा सहयोग मिल रहा है? जबकि उसने खुद भारत पर आरोप मामले में संलिप्तता के आरोप लगाए हैं। ट्रूडो ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कनाडा की धरती पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या एक ऐसी घटना है जिसे हम सभी को बेहद गंभीरता से लेना चाहिए।

कनाडाई पीएम ने आगे कहा कि उसके वे आरोप जिसमें कहा गया कि भारतीय सरकार के एजेंट इसमें शामिल थे, ये ऐसे आरोप हैं कि जिसे हमने हल्के रूप में नहीं कहा है। कनाडाई नागरिकों को ऐसी साजिशों से बचाने के लिए हमारी जिम्मेदारी है।



## भारी नुकसान हुआ है, नया पुल बनने में लगेगा लंबा वक्तः मैरीलैंड गवर्नर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
बाल्टीमोर में हुए हादसे ने अमेरिका की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। 26 मार्च की सुबह एक कंटेनर जहाज की टक्कर के बाद फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज ढह गया। इस वजह से मैरीलैंड बंदरगाह के माध्यम से होने वाला व्यापार रुक गया है। अमेरिका का भारत, चीन, कनाडा और नीदरलैंड जैसे प्रमुख देशों से कोयला निर्यात बाधित होने की संभावना है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर नया पुल कब तक बनकर तैयार हो जाएगा? मैरी लैंड के गवर्नर वेस मूर ने इसका जवाब दिया है।

गवर्नर वेस मूर ने क्या कहा?

मैरीलैंड के गवर्नर वेर मूर का कहना है कि पुल के पुनर्निर्माण में दिन या हफ्ते नहीं लगेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारे सामने बहुत लंबी सड़क है। ये बातें साफ तौर पर साबित करते हैं कि गवर्नर मूर एक लंबे समय की तरफ इशारा कर रहे हैं। वेस मूर ने आश्वासन दिया कि इस मुश्किल समय में वे लोगों की देखभाल करेंगे।

गवर्नर ने आगे बताया कि यह सिर्फ मैरीलैंड नहीं बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था का सवाल है। उन्होंने कहा कि यह बंदरगाह अमेरिका के किसी भी अन्य बंदरगाह की तुलना में अधिक कृषि उपकरणों को संभालता है। पुल हादसे की वजह से कम से कम 8,000 श्रमिकों की नौकरियां प्रभावित हुई हैं। वेस मूर के अनुसार अमेरिका की अर्थव्यवस्था बाल्टीमोर के बंदरगाह पर निर्भर करती है। फ्रांसिस स्कॉट की पुल के ढहने से बंदरगाह पर होने वाला व्यापार रुक गया है। विशेष रूप से कोयला और कोबाल्ट का आयात निर्यात प्रभावित हुआ है। भारत, चीन, कनाडा और नीदरलैंड जैसे देशों से कोयला निर्यात बाधित होने की उम्मीद है। अमेरिकी राज्य मैरीलैंड के अंतर्गत आने वाले बाल्टीमोर शहर में मंगलवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, एक बड़ा कंटेनर जहाज डाली शहर के मशहूर फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया। टक्कर की वजह से वाहन और लोग पटप्सको नदी में गिर गए। जहाज बाल्टीमोर से रवाना हुआ था और श्रीलंका की राजधानी कोलंबो की ओर जा रहा था।





# रोज एक अरब टन अनाज हो रहा बर्बाद, 80 करोड़ लोग सो रहे भूखे

### 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंका जा रहा

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
दुनियाभर में हर दिन एक अरब टन से अधिक भोजन बर्बाद हो जाता है, वहीं करोड़ों लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की फूड वेस्ट इंडेक्स 2024 रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 1.05 अरब टन भोजन बर्बाद हो गया। करीब 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है।

खेत में उपज से लेकर थाली तक पहुंचने तक 13 फीसदी अनाज बर्बाद हो जाता है। कुल मिलाकर उत्पादन प्रक्रिया के दौरान लगभग एक तिहाई भोजन बर्बाद हो जाता है। इसके चलते रोजाना 80 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं। यूएन पर्यावरण कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक इंगेर एडरसन ने कहा कि बाजार में उपलब्ध खाद्य उत्पादों का लगभग पांचवां हिस्सा बर्बाद हो जाता है। ज्यादातर भोजन परिवारों की ओर से बर्बाद कर दिया जाता है।

खाने की बर्बादी वैश्विक त्रासदी एंडरसन ने कहा, भोजन की बर्बादी एक वैश्विक त्रासदी है। दुनियाभर में भोजन की बर्बादी के कारण वर्तमान में लाखों लोग भूखे हैं। यह समस्या न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के नुकसान पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के तहत दुनिया का लक्ष्य 2030 तक बर्बाद होने वाले भोजन की मात्रा को आधा करना है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में सबसे अधिक भोजन घरों में बर्बाद होता है, इसकी वार्षिक मात्रा 63.1 करोड़ टन है। यह बर्बाद हुए कुल भोजन का लगभग 60 प्रतिशत है। भोजन बर्बादी की मात्रा खाद्य सेवा क्षेत्र में 29 करोड़ टन और फुटकर सेक्टर में 13.1 करोड़ टन है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में हर व्यक्ति सालाना औसतन 79 किलो खाना बर्बाद करता है। यह दुनिया के हर भूखे व्यक्ति को प्रतिदिन 1.3 आहार के बराबर है। यूएनईपी 2021 से भोजन की बर्बादी की निगरानी कर रहा है। उसका कहना है कि समस्या अमीर देशों तक सीमित नहीं है। अनुमान है कि उच्च, उच्च मध्यम और निम्न मध्यम आय वाले देशों के बीच प्रति व्यक्ति वार्षिक खाद्य अपशिष्ट दर में केवल सात किलोग्राम का अंतर है।



## बांग्लादेशी किशोर की न्यूयॉर्क पुलिस ने गोली मारकर की हत्या

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** पुलिस ने मानसिक संकट से जूझ रहे एक बांग्लादेशी किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार किशोर ने उन पर कैंची से हमला किया था और उसके पास अपनी रक्षा के लिए उसे गोली मारने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। न्यूयॉर्क पुलिस गश्ती प्रमुख जॉन चेल ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बुधवार दोपहर 19 वर्षीय विन रोज़ारियो ने आपातकालीन पुलिस लाइन को एक कॉल किया।

चेल ने बताया कि पुलिस जब रोजारियो के घर पहुंची, तो उसने उन पर कैंची से हमला कर दिया। इस पर पुलिस ने उसे वश में करने के लिए टेसर का इस्तेमाल किया। लेकिन उसकी मां के हस्तक्षेप के कारण टेसर काम नहीं कर सका। गौरतलब है कि टेसर एक विद्युत उपकरण है, जो किसी व्यक्ति को वश में करने के लिए बिजली के झटके देता है। चेल ने कहा, रोज़ारियो ने कैंची उठाई और पुलिस के पीछे आ गया, ऐसे में पुलिस के पास अपना बचाव करने के लिए उसे गोली मारने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129